कार्तिक कृष्ण पक्ष सप्तमी 01:19 उपरांत अष्टमी विक्रम संवत 2081
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बुधवार, 23 अक्टूबर 2024
वर्ष 5, अंक 338, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली
एक सम्पूर्ण अखबार
www.amritvichar.com



भारत-रूस द्विपक्षीय साझेदारी करेंगे सशक्त 16
कार्तिक की भूल-भुलैया-3 का ट्रैक जाना समझो ना रिलीज 15



卐 पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा 卐
सर्वमंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके। शरण्ये त्र्यंबके गौरी नारायणी नमोस्तुते॥
हर समझदार गृहणी की पसन्द
एम. के. बन्धानी हींग
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555


## ईमानदार नेतृत्व और आक्रामक हिंदुत्व के एजेंडे से सधेगा उत्तर प्रदेश

### लोकसभा चुनाव के बाद पहली बार संघ प्रमुख मोहन भागवत और मुख्यमंत्री योगी में ढाई घंटे तक चर्चा


कृष्ण जन्मभूमि मथुरा में दर्शन करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। ● अमृत विचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/मथुरा

**अमृत विचार :** आरएसएस प्रमुख डॉ. मोहन भागवत और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को मथुरा के एक छोटे से गांव में बंद कमरे में करीब ढाई घंटे तक मंथन किया। इस दौरान न सिर्फ उत्तर प्रदेश बल्कि देश के राजनीतिक हालात समेत सांस्कृतिक जागरण के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा हुई। भागवत ने लोकसभा चुनाव में आशानुरूप परिणाम न आने पर सीख लेने के साथ 9 सीटों पर हो रहे उप चुनाव के साथ ही वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में एकजुट ईमानदार नेतृत्व और आम आदमी के विकास के साथ आक्रामक हिंदुत्व के एजेंडे पर चलने की सलाह दी।

मुख्यमंत्री मंगलवार को मथुरा में कान्हा के जन्मस्थान पर दर्शन-पूजन और ब्रज विकास परिषद की बैठक के बाद संघ प्रमुख मोहन भागवत से मिलने परखम स्थित दीनदयाल गो विज्ञान अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र गऊ पहुंचे। योगी और भागवत ने बंद कमरे में मुलाकात की। लोकसभा चुनाव के बाद यह पहला मौका था जब मोहन भागवत और योगी ने एक साथ मंथन किया। प्रदेश में 9 सीटों पर हो रहे उप चुनाव के बीच यह मुलाकात बेहद अहम है। दोनों के बीच भाजपा के शीर्ष नेतृत्व, प्रदेश नेतृत्व और संघ की इकाईयों से मिल रहे सहयोग समेत राजनीतिक-सामाजिक और विकास कार्यों समेत हिंदुत्व के मुद्दों पर चर्चाएं हुई। सूत्रों के अनुसार लोकसभा चुनाव में सपा और कांग्रेस के बीच हुए गठबंधन ने 80 में से 43 सीटें कैसे जीती, इस परिणाम के पीछे के निहितार्थ भी तलाशे गए।

#### ब्रज तीर्थ विकास परिषद को 133 करोड़ की परियोजनाएं

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उप्र ब्रजतीर्थ विकास परिषद की सातवीं बोर्ड बैठक में 133 करोड़ की 8 परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की। बैठक में परिषद द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत प्रस्तावित यह परियोजनाएं हैं। विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए योगी ने डीएपी, यूरिया, एनपीके तथा एमओपी के डिमाण्ड के संबंध में जानकारी भी ली। उन्होंने निर्देश दिये कि जनपद से डीएपी की कालाबाजारी पर रोक लगाएं। मुख्यमंत्री ने कानून व्यवस्था की समीक्षा की। बाद में जनप्रतिनिधियों संग भी बैठक की।

#### 28 तक मथुरा में रहेंगे भागवत

मोहन भागवत 28 अक्टूबर तक मथुरा में रहेंगे। संघ प्रमुख यहां 25 और 26 अक्टूबर को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की होने वाली अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक भी लेंगे। करीब 4 महीने पहले गोरखपुर में संघ प्रमुख मोहन भागवत और मुख्यमंत्री योगी सिर्फ 12 किमी की दूरी पर 26 घंटे तक मौजूद रहे। लेकिन, दोनों के बीच मुलाकात नहीं हुई थी। ऐसे में सवाल उठा था कि एक ही शहर में होकर भी भागवत और योगी की मुलाकात क्यों नहीं हुई? तब कहा गया था कि संघ भाजपा से नाराज है।

### शर्मा को डीजीसीए प्रमुख का अतिरिक्त कार्यभार

**नई दिल्ली।** दिनेश चंद शर्मा को विमानन नियामक डीजीसीए के महानिदेशक का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। शर्मा वर्तमान में नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के संयुक्त महानिदेशक है। विक्रम देव दत्त को कोयला सचिव नियुक्त किए जाने के बाद नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के महानिदेशक का पद खाली हो गया था।

## रूस-यूक्रेन संघर्ष खत्म करने को भारत हर संभव सहयोग को तैयार

### ब्रिक्स सम्मेलन में भाग लेने कजान पहुंचे प्रधानमंत्री ने पुतिन से की बातचीत

- मोदी ने कहा-समस्या का समाधान युद्ध नहीं, शांतिपूर्ण तरीके से किया जाए

कजान (रूस), एजेंसी


कजान में एक कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग। ● एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ बातचीत के दौरान कहा कि रूस-यूक्रेन संघर्ष को शांतिपूर्ण तरीके से हल किया जाना चाहिए और भारत इसके लिए हर संभव सहयोग देने को तैयार है। मोदी ने 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए रूस के कजान शहर में पहुंचने के कुछ घंटों बाद पुतिन के साथ द्विपक्षीय वार्ता की।

प्रधानमंत्री मोदी ने टेलीविजन पर प्रसारित अपनी शुरुआती टिप्पणी में पुतिन से कहा कि भारत क्षेत्र में शांति और स्थिरता की शीघ्र बहाली का पूर्ण समर्थन करता है। मोदी ने यह भी कहा कि पिछले तीन महीनों में रूस की उनकी दूसरी यात्रा दोनों देशों के बीच घनिष्ठ तालमेल और गहरे विश्वास को दर्शाती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हम रूस और यूक्रेन के बीच जारी संघर्ष के मुद्दे पर लगातार संपर्क में हैं। जैसा कि मैंने पहले कहा, हमारा मानना है कि समस्याओं का समाधान शांतिपूर्ण तरीके से किया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि हम शांति और स्थिरता की जल्द बहाली का पूर्ण समर्थन करते हैं। हमारे सभी प्रयास मानवता को प्राथमिकता देते हैं। भारत आने वाले समय में हर संभव सहयोग देने के लिए तैयार हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारे पास इन सभी मुद्दों पर चर्चा करने का अवसर है। पुतिन ने रूस और भारत के बीच व्यापार की अच्छी स्थिति का उल्लेख किया। अपने संबोधन में मोदी ने जुलाई में मॉस्को में पुतिन के साथ अपनी शिखर वार्ता का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि हमारे वार्षिक शिखर सम्मेलन के परिणामस्वरूप हर क्षेत्र में सहयोग मजबूत हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी ने ब्रिक्स की सफल अध्यक्षता के लिए रूसी राष्ट्रपति पुतिन को बधाई देते हुए कहा कि कई देश अब इस समूह में शामिल होना चाहते हैं। मोदी ने कहा कि ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के लिए कजान जैसे खूबसूरत शहर में आने का अवसर मिलना मेरे लिए बहुत खुशी की बात है। इस शहर के साथ भारत के गहरे और ऐतिहासिक संबंध हैं। उन्होंने कहा कि कजान में भारत के नए वाणिज्य दूतावास के खुलने से ये संबंध और मजबूत होंगे। समझा जाता है कि बैठक में यूक्रेन विवाद पर प्रमुखता से चर्चा हुई।

मॉस्को में नौ जुलाई को शिखर वार्ता में मोदी ने पुतिन से कहा कि यूक्रेन विवाद का समाधान युद्ध के मैदान में संभव नहीं है तथा बम और गोलियों के बीच शांति प्रयास सफल नहीं होते। कुछ सप्ताह बाद प्रधानमंत्री यूक्रेन गए थे।

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ अपनी बातचीत में मोदी ने कहा था कि यूक्रेन और रूस को बिना समय बर्बाद किए युद्ध को समाप्त करने के लिए बैठकर बातचीत करनी चाहिए तथा भारत क्षेत्र में शांति बहाल करने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने को तैयार है। भारत यह कहता रहा है कि यूक्रेन और रूस के बीच संघर्ष को बातचीत और कूटनीति के माध्यम से हल किया जाना चाहिए।

## डीएम खीरी दुर्गा शक्ति को मिला राष्ट्रीय जल पुरस्कार



**लखीमपुर खीरी।** जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली में राष्ट्रीय जल पुरस्कार से सम्मानित किया है। अपने नवाचारों के लिए चर्चित 2010 बैच की आईएएस दुर्गा शक्ति नागपाल को यह पुरस्कार बांदा में तैनाती के दौरान सामूहिक भागीदारी, परंपरागत और नवीन जल संरक्षण के प्रयासों के लिए दिया गया है। डीएम ने कहा कि यह उपलब्धि मुख्यमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व का परिणाम है। इस पुरस्कार को बांदा प्रशासन व बुंदेली भाई-बहनों को समर्पित करना चाहती हूं।

## फिर 50 उड़ानों में बम की धमकी

- एक सप्ताह के दौरान 170 से अधिक विमानों को धमकियां
- पिछले नौ दिन के भीतर कंपनियों को 600 करोड़ का नुकसान

नई दिल्ली/मुंबई, एजेंसी

भारतीय विमानन कंपनियों द्वारा संचालित करीब 50 घरेलू एवं अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों में बम होने की गत 24 घंटे के दौरान धमकी मिली। हालांकि, सभी धमकी अफवाह साबित हुई। परंतु इसकी वजह से हजारों यात्रियों को मुश्किल का सामना करना पड़ा और सुरक्षा एजेंसिया परेशान रहीं। विमान कंपनी के दो अधिकारियों के मुताबिक इन धमकी की वजह से उत्पन्न व्यवधानों के कारण विमानन कंपनियों को लगभग 600 करोड़ रुपये का नुकसान होने का अनुमान है। अधिकारियों मंगलवार को बताया कि दिल्ली पुलिस ने पिछले आठ दिनों में 90 से अधिक घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों को बम से उड़ाने की धमकी के संबंध में आठ अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज की हैं। सूत्रों ने बताया कि मंगलवार को एयर इंडिया और इंडिगो की 13-13 उड़ानों, अकासा एयर की 12 से अधिक उड़ानों और विस्तारा की 11 उड़ानों को सहित करीब 50 उड़ानों को मिली। पिछले नौ दिनों में 170 से अधिक उड़ानों में बम होने की धमकियां मिली हैं। इनमें से अधिकतर धमकियां सोशल मीडिया मंच के जरिये मिलीं जिसकी वजह से कुछ अंतर्राष्ट्रीय का रास्ता मोड़ना पड़ा। जिनमें इंडिगो की तीन उड़ानें शामिल हैं।

#### पांच स्कूलों को भी मिली धमकी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) को एक फर्जी धमकी भरा ईमेल मिला है जिसमें दावा किया गया है कि दिल्ली और तेलंगाना में उसके तीन विद्यालयों और उसके परिसरों में स्थित दो केंद्रीय विद्यालयों को विस्फोटकों से निशाना बनाया जाएगा। हालांकि, बाद में यह धमकी फर्जी साबित हुई।

## तीन वर्षीय बच्ची की खेत पर लगे धारदार तारों में उलझकर मौत

- छुट्टा पशुओं से फसल बचाने को किसानों ने लगा रखे हैं धारदार तार

संवाददाता, भमोरा (बरेली)


देवकी

**अमृत विचार :** छुट्टा पशुओं को रोकने के लिए खेत किनारे लगाए गए ब्लेड से युक्त धारदार तारों में उलझने से तीन साल की बच्ची गंभीर घायल हो गई। निकलने की कोशिश में ब्लेड से उसका पूरा शरीर कट गया और अत्यधिक रक्तस्राव से उसकी जान चली गई। पुलिस ने बच्ची का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

भमोरा के गांव नितोई में रहने वाले कालीचरन की तीन वर्षीय बेटी देवकी और पांच वर्षीय बेटा दीपक सोमवार शाम करीब 6:30 बजे गांव के बाहर तालाब किनारे शौच करने गए थे। आधे घंटे बाद खेत पर पुआल लगाकर लौट रहे कालीचरन को दीपक नजर आया तो वह उसे गोद में उठाकर घर चले आए। दीपक को गुमसुम देखकर कालीचरन की पत्नी की प्रीति ने उससे देवकी के बारे में पूछा तो उसने बताया कि वह खेत के तारों पर गिर गई थी और वहीं पड़ी हुई है। घरवाले दौड़ते हुए खेत पर पहुंचे तो देवकी को लहूलुहान और अचेत पाया। ब्लेडयुक्त तारों से निकलने की कोशिश में उसकी आंख, गाल समेत पूरा शरीर कट गया था। उसे गांव लाकर डॉक्टर को दिखाया लेकिन उसने दम तोड़ दिया। एसएचओ पीके चतुर्वेदी ने बताया कि परिवार वालों ने अभी कोई तहरीर नहीं दी है। हालांकि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

गांव वालों के मुताबिक कालीचरन बेहद गरीब है और उसके घर में शौचालय नहीं है। ग्राम प्रधान के पति रामनिवास ने बताया कालीचरन का परिवार दिल्ली में मजदूरी करता था। कुछ ही समय पहले ही गांव आकर रहने लगा है।

## शोहदे से परेशान शिक्षिका ने फांसी लगाकर दी जान

**छिबरामऊ (कन्नौज)।** प्राइवेट स्कूल की एक शिक्षिका ने शोहदे से तंग आकर मंगलवार दोपहर घर के अंदर फांसी लगाकर जान दे दी। उनकी मां ने थाने में दी तहरीर में एक वकील पर बेटी को संबंध बनाने के लिए परेशान करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने आरोपी के घर दबिश दी लेकिन वह हत्थे नहीं चढ़ा।

तालग्राम रोड निवासी महिला की बेटी एक प्राइवेट स्कूल में शिक्षिका थी। मंगलवार दोपहर बाद मां खेत पर चली गई। घर लौटने पर बेटी को फंदे पर लटकता देखा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

## बहराइच हिंसा : बुलडोजर कार्रवाई पर रोक

नई दिल्ली, एजेंसी



- आरोपियों की याचिका पर आज सुप्रीम कोर्ट करेगा सुनवाई

उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में हिंसा और दंगों में कथित रूप से शामिल आरोपियों के खिलाफ 'बुलडोजर' चलाने की प्रस्तावित कार्रवाई के खिलाफ दायर याचिका पर बुधवार को सुनवाई की जाएगी।

न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता सीयू सिंह और अन्य वकीलों की शीघ्र सुनवाई करने की गुहार स्वीकार करते हुए इस मामले को 23 अक्टूबर के लिए सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया। पीठ के समक्ष मामले का उल्लेख करते हुए अधिवक्ताओं ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार कथित रूप से दंगों में शामिल लोगों के खिलाफ तोड़-फोड़ की कार्रवाई इस आधार पर करना चाहती है कि उनका निर्माण अवैध है। इस पर पीठ ने कहा कि आप इस अदालत द्वारा पारित आदेशों से अवगत हैं। यदि वे (राज्य सरकार) इन आदेशों का उल्लंघन करने का जोखिम उठाना चाहते हैं, तो यह उनकी पसंद है। पीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के एम नटराज से कहा कि उसे बुधवार तक कोई कार्रवाई नहीं करनी चाहिए। इस पर अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ने सहमति जताते हुए कहा कि हम कुछ नहीं करेंगे। उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग (लोनिवि) ने बहराइच जिले के एक गांव में धार्मिक जुलूस के दौरान संगीत बजाने को लेकर कथित रूप से सांप्रदायिक हिंसा में शामिल तीन लोगों की अचल संपत्ति के ध्वस्तीकरण के लिए नोटिस जारी किया है।

#### उप्र मदरसा कानून संबंधी अपीलों पर फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के उस फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर मंगलवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया जिसमें मदरसों के संबंध में 2004 के उत्तर प्रदेश कानून को धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत के उल्लंघन के आधार पर असंवैधानिक घोषित किया गया था। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला एवं न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने लगभग दो दिन तक उत्तर प्रदेश सरकार के अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के एम नटराज के अलावा आठ याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वकीलों की दलीलें सुनीं और इसके बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने 22 मार्च को उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम 2004 को धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांतों के प्रति उल्लंघनकारी करार देते हुए उसे असंवैधानिक करार दिया था।


उठावनी उठावनी



अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूजनीय बरेली के प्रथम नगर प्रमुख
श्री राज कुमार अग्रवाल जी
(पुत्र स्वर्गीय श्री चन्द्रभान जी)
का स्वर्गवास दिनांक 21.10.2024 को हो गया था
उनकी उठावनी दिनांक 23.10.24 (बुधवार) को
आनंद आश्रम (रामपुर गार्डन) में 1 से 2 बजे तक होना निश्चित हुई है

शोकाकुलः
सत्यवती देवी (धर्मपत्नी)
रवि प्रकाश अग्रवाल - रेनू अग्रवाल (पुत्र - पुत्र वधू)
नवीन प्रकाश अग्रवाल् - बबीता अग्रवाल (पुत्र - पुत्र वधू)
रेखा जिंदल - देवेंद्र अग्रवाल (पुत्री - पुत्री दामाद)
निखिल प्रकाश अग्रवाल - अपर्णा अग्रवाल (पौत्र - पौत्र वधू)
हर्षित प्रकाश अग्रवाल - तरुणी अग्रवाल (पौत्र - पौत्र वधू)
आदित्य प्रकाश अग्रवाल - अपूर्वा अग्रवाल (पौत्र - पौत्र वधू)
अर्पण जिंदल - वेणु जिंदल (नाती - नाती वधू)
अवंतिका अग्रवाल - पावन अग्रवाल (पौत्री - पौत्री दामाद)
अनुष्का रेप्सवाल - लेफ्टिनेंट कर्नल अभिमन्यु रेप्सवाल (पौत्री - पौत्री दामाद)
शिवांगी जिंदल (नातिन)
पृथ्वी राज (प्रपौत्र), अनायशा, सियोना, नितारा (प्रपौत्री)
अयांश (प्रपौत्र), आराध्या, आन्या, विहाना (प्रपौत्री)

प्रतिष्ठानः
सत्या सर्विस स्टेशन | विद्या वर्ल्ड स्कूल | द ज्ञानाया स्कूल | साध्या प्रौडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड | आरएनए इंफ्रा | सृष्टि उद्योग
9837050024/ 9837044407/ 9837788345

शोक श्रद्धांजलि
अग्रवाल सेवा समिति रजिस्टर्ड बरेली के संरक्षक एवं प्रथम महापौर
श्री राज कुमार अग्रवाल
के गोलोकगमन पर अग्रवाल सेवा समिति रजि. बरेली के समस्त पदाधिकारी व सदस्यगण शोक श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं व परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना करते हैं कि उनकी आत्मा को अपने चरणों में स्थान दें व शोक संतप्त परिवार को इस अपार दुःख की घड़ी में धैर्य प्रदान करें।
ओम् शांति।
अजय अग्रवाल कोरल मोटर्स (अध्यक्ष) राजीव बूबना (महामंत्री) संजय गर्ग (कोषाध्यक्ष)
अग्रवाल सेवा समिति रजिस्टर्ड बरेली।

शोक श्रद्धांजलि
रोटरी क्लब ऑफ बरेली साउथ के पूर्व मंडला अध्यक्ष रवि प्रकाश अग्रवाल के पिताजी
श्री राज कुमार अग्रवाल
के गोलोकगमन पर अग्रवाल सेवा समिति रजि. बरेली के समस्त पदाधिकारी व सदस्यगण शोक श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं व परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना करते हैं कि उनकी आत्मा को अपने चरणों में स्थान दें व शोक संतप्त परिवार को इस अपार दुःख की घड़ी में धैर्य प्रदान करें।
ओम् शांति।
संजय अग्रवाल (अध्यक्ष) हिमांशु कौशिक (सचिव) विभोर भारतीय (कोषाध्यक्ष)
रोटरी क्लब ऑफ बरेली साउथ।

शोक श्रद्धांजलि
बरेली गौशाला समिति रजिस्टर्ड बरेली के संरक्षक एवं प्रथम महापौर
श्री राज कुमार अग्रवाल
के गोलोकगमन पर अग्रवाल सेवा समिति रजि. बरेली के समस्त पदाधिकारी व सदस्यगण शोक श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं व परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना करते हैं कि उनकी आत्मा को अपने चरणों में स्थान दें व शोक संतप्त परिवार को इस अपार दुःख की घड़ी में धैर्य प्रदान करें।
ओम् शांति।
राजीव बूबना (अध्यक्ष) सौरभ गर्ग (महामंत्री) प्रदीप अग्रवाल (कोषाध्यक्ष)
बरेली गौशाला समिति रजिस्टर्ड बरेली।

शोक श्रद्धांजलि
श्री महाराजा अग्रसेन डिग्री कॉलेज के पूर्व अध्यक्ष एवं प्रथम महापौर
श्री राज कुमार अग्रवाल
के गोलोकगमन पर अग्रवाल सेवा समिति रजि. बरेली के समस्त पदाधिकारी व सदस्यगण शोक श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं व परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना करते हैं कि उनकी आत्मा को अपने चरणों में स्थान दें व शोक संतप्त परिवार को इस अपार दुःख की घड़ी में धैर्य प्रदान करें।
ओम् शांति।
अनिल अग्रवाल फन सिटी (अध्यक्ष) शशि भूषण अग्रवाल (सचिव) प्रकाश चंद अग्रवाल (कोषाध्यक्ष)
श्री महाराजा अग्रसेन डिग्री कॉलेज।

## राष्ट्रीय एकता पुरस्कार को आवेदन 31 तक

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह ने बताया कि गुरु गोविंद सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार के लिए आवेदन 31 अक्टूबर तक आमंत्रित हैं। जनपद का कोई व्यक्ति, जिसने मानवाधिकारों की रक्षा, सामाजिक न्याय एवं राष्ट्रीय एकीकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किया हो व इसके लिए पूर्णतया समर्पित रहे हों, ऐसे लोगों को सार्वजनिक रूप से सम्मानित करने के उद्देश्य से सरकार की ओर से गुरु गोविंद सिंह के जन्मदिन 5 जनवरी पर गुरु गोविंद सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार प्रदान किए जाने व एक लाख का नगद पुरस्कार और प्रशस्ति-पत्र दिए जाने की व्यवस्था है। पुरस्कार प्राप्त करने के लिए व्यक्ति भारत का मूल नागरिक हो, उत्तर प्रदेश राज्य की सीमा के भीतर पुरस्कार पर विचार किए जाने के वर्ष में सामान्यतया निवास करता रहा हो। मानवाधिकार, सामाजिक न्याय व राष्ट्रीय एकीकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान रहा हो। गुरु गोविंद सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार योजना के अधीन पूर्व में इस राज्य सरकार की ओर से पुरस्कार न दिया जा चुका हो। किये गये कार्यों का तथ्यात्मक विवरण व अभिलेखीय साक्ष्यों के साथ संलग्न प्रारूप में स्पष्ट आख्या और संस्तुति सहित संबंधित खंड विकास अधिकारी को 31 अक्टूबर तक चार प्रतियों में उपलब्ध कराया जा सकता है।

# जीआईसी का जर्जर छात्रावास होगा ध्वस्त, बनेगी डिजिटल लाइब्रेरी

## योजना का उद्देश्य राजकीय कॉलेजों के संसाधनों में वृद्धि के साथ पाठ्येत्तर गतिविधियां बढ़ाना, शासन के निर्देश पर जिला प्रशासन सक्रिय

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



राजकीय इंटर कॉलेज छात्रावास का मुख्य द्वार। ● अमृत विचार



राजकीय इंटर कालेज छात्रावास का जर्जर भवन। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** खिरनीबाग चौराहा-कचहरी मार्ग स्थित राजकीय छात्रावास के अनुपयोगी जर्जर भवन के स्थान पर डिजिटल लाइब्रेरी कम स्टडी सेंटर का निर्माण कराए जाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। शासन के निर्देश पर जिला प्रशासन सक्रिय हो गया है। सब कुछ ठीक-ठाक रहा तो आने वाले समय में हजारों वर्ग मीटर में फैले जर्जर भवन के स्थान पर डिजिटल लाइब्रेरी संचालित होते दिखने लगेगी। शासन के इस निर्णय से छात्र-छात्राओं के साथ स्थानीय नागरिकों को भी बहुत लाभ होगा।

शासन ने प्रदेश के राजकीय इंटर कालेजों और राजकीय हाईस्कूल में संसाधनों की वृद्धि, गुणवत्तापरक शिक्षा, पाठ्य सहगामी तथा पाठ्येत्तर गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दीर्घकालीन आवर्ती व्यय के लिए विद्यालयवार भूमि एवं भवन का आगामी आवश्यकताओं को दृष्टिगत रखते हुए अवशेष भूमि का सदुपयोग किए जाने का निर्णय लिया है। साथ ही इन गतिविधियों के अलावा स्थानीय आवश्यकता, विद्यार्थियों के शैक्षिक हित, खेल, वैज्ञानिक प्रतिभा विकास एवं उनके सर्वांगीण विकास के लिए भी कार्य कराए जाएंगे, जिनसे विद्यालय की आय में वृद्धि भी हो सके। इन गतिविधियों में मुख्य रूप से मिनी स्टेडियम का निर्माण, बागवानी/नर्सरी केंद्र की स्थापना, कौशल विकास केंद्र, डिजिटल पुस्तकालय, ऑन लाइन परीक्षा केंद्र, बहुउद्देशीय ऑडीटोरियम, नक्षत्रशाला/वेधशाला आदि का निर्माण शामिल है।

इस महत्वाकांक्षी योजना को अमलीजामा पहनाने के लिए जिला प्रशासन को निर्देश दिए गए है कि राजकीय इंटर कालेज एवं राजकीय हाईस्कूलों की निर्धारित मानक के अतिरिक्त भूमि का चिन्हांकन करा लिया जाय। साथ ही अनुपयुक्त भूमि पर स्थानीय आवश्यकता एवं मांग के अनुरूप रिपोर्ट तैयार कराकर नजरी नक्शा के साथ 15 दिन के अंदर उपलब्ध कराई जाए। इस संबंध में मंगलवार को डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने नगर मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार और डीआईओएस हरिवंश कुमार के साथ खिरनीबाग चौराहा स्थित राजकीय छात्रावास के जर्जर भवन का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

- **अनुपयोगी पड़ा छात्रावास भवन शासन के निर्देश पर जिला प्रशासन ने लिया निर्णय**

डीएम ने अनुमानित तीन से चार हजार वर्ग मीटर वाले जर्जर छात्रावास का ध्वस्तीकरण कराकर उसके स्थान पर जनपद की आवश्यकता को देखते हुए डिजिटल लाइब्रेरी कम स्टडी सेंटर का निर्माण कराए जाने का निर्णय लिया। इसके पीछे मंशा यह है कि वर्तमान संचार क्रांति के दृष्टिगत प्रत्येक जनपद में डिजिटल लाइब्रेरी की आवश्यकता अधिक होगी, इसलिए डिजिटल लाइब्रेरी के माध्यम से स्थानीय नागरिकों और छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन की सुविधा मिल सकेगी।

### वर्ष 1885 के आसपास बना था छात्रावास

महानगर स्थित राजकीय इंटर कालेज और उसका छात्रावास अंग्रेजों के समय का बना हुआ है। इसका निर्माण वर्ष 1885 के आसपास हुआ। इस आशय की जानकारी देते हुए जीआईसी प्रधानाचार्य अनिल कुमार ने बताया कि संबंधित छात्रावास कालेज के समय में ही बना होगा। कालेज निर्माण के पत्थर में वर्ष का उल्लेख मिलता है। यहां यह भी बताना जरूरी है कि इसी छात्रावास के भवन में वर्ष 2008 से पहले जिला विद्यालय निरीक्षक और विभागीय लेखा कार्यालय भी संचालित होता रहा है। कचहरी मार्ग के पश्चिमी भाग में स्थित टीचर्स कालोनी में जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय भवन का निर्माण हो जाने से छात्रावास खाली करा लिया गया था। वर्तमान में छात्रावास के दक्षिणी हिस्से में पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की ओर से एक छात्रावास संचालित भी है, 17 कमरों वाले इस छात्रावास में लगभग 50 छात्र लाभान्वित हो रहे हैं। आधा भाग जर्जर खड़ा है, जिस पर डिजिटल लाइब्रेरी कम स्टडी सेंटर बनाने की कार्यवाही शुरू हो चुकी है।

### डीएम की अध्यक्षता में समिति बनी

जिला स्तर पर अवशेष भूमि और परियोजना के चयन के लिए आठ सदस्सीय समिति गठित की गई है। डीएम की अध्यक्षता में गठित समिति में सीडीओ को उपाध्यक्ष, डीआईओएस को सदस्य सचिव नामित किया गया है। इनके अतिरिक्त संबंधित राजकीय विद्यालय का प्रधानाचार्य, जिला क्रीड़ा अधिकारी, जिला समन्वयक, कौशल विकास मिशन, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र और जिला उद्यान अधिकारी को सदस्य नामित किया गया है।

### डीएम ने टीम के साथ जाकर देखा छात्रावास का जर्जर भवन



डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने शासन के निर्देशानुसार सक्रियता दिखाते हुए मंगलवार को खिरनीबाग चौराहा स्थित राजकीय इंटर कॉलेज छात्रावास के जर्जर अनुपयोगी भवन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जर्जर छात्रावास का ध्वस्तीकरण कराकर उसके स्थान पर डिजिटल लाइब्रेरी कम स्टडी सेंटर का निर्माण कराए जाने से संबंधित कार्यवाही किए जाने के निर्देश डीआईओएस को दिए। डीएम ने निरीक्षण के दौरान राजकीय छात्रावास भवन, परिसर एवं कमरों की स्थिति आदि व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही इसी परिसर के दक्षिणी साइड में संचालित छात्रावास में रह रहे छात्रों से भी व्यवस्था संबंधी जानकारी ली। उन्होंने छात्रावास के कमरों की रंगाई-पुताई कराने, तखत समेत अन्य सुविधाएं मुहैया कराने और छात्रावास मार्ग दुरुस्त कराने के निर्देश भी दिए। इस दौरान नगर मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार, डीआईओएस हरिवंश कुमार, जीआईसी प्रधानाचार्य अनिल

# पांचवीं बार जिलाध्यक्ष बने कुलदीप दुआ



मनोनीत पदाधिकारियों का स्वागत करते व्यापारी ● अमृत विचार

संवाददाता, शाहजहांपुर

- **नाजिम खां को महामंत्री और नीरज को मिली कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी**
- **उद्योग व्यापार मंडल के व्यापारियों ने जताया हर्ष, फूलमाला पहनाकर किया स्वागत**

**अमृत विचार:** उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष, महामंत्री और कोषाध्यक्ष पद पर दोबारा मनोनीत किए गए पदाधिकारियों कुलदीप सिंह दुआ, नाजिम खां, नीरज गुप्ता का व्यापारियों ने फूलमाला पहनाकर स्वागत किया।

जिलाध्यक्ष कुलदीप सिंह दुआ का पांचवीं बार प्रदेश नेतृत्व द्वारा मनोनयन किया गया। कुलदीप सिंह दुआ ने व्यापारियों को विश्वास दिलाया कि उनकी सुरक्षा और सम्मान के लिए जितना भी संघर्ष करना पड़ा वह करेंगे। कहा कि मौजूदा समय में अधिकतर अधिकारी कानून को ताक पर रखकर अपनी मनमानी कर रहे हैं। जिसका संगठन धरना प्रदर्शन करके विरोध जताता रहा है और आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि कई विभाग सरकार की अच्छी मंशा को भी अपने कार्यों से पलीता लगा रहे हैं। जिलाध्यक्ष एवं जिला महामंत्री ने व्यापारियों को एवं पदाधिकारियों को आ रही दीपावली के त्योहार की शुभकामनाएं दीं। समारोह में राज नारायण गुप्ता, संजीव राठौड़, जितेंद्र वर्मा, मुकेश गुप्ता, अतुल गुप्ता, सुरेंद्र सेठी, परमजीत सिंह बग्गा, सुनील गुप्ता, सतनाम सिंह, चंद्र प्रकाश गुलाटी, मोहम्मद रफी, शहीद रहे।

## पुवायां सीएचसी पर डॉक्टर नहीं, मेडिकल को बंडा भेजे आरोपी

**पुवायां, अमृत विचार:** नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थिति इस समय बहुत ही खराब बनी हुई है, कोतवाली से जाने वाले आरोपियों का मेडिकल न होने की वजह से पुलिस को आरोपियों का मेडिकल कराने के लिए बंडा भेजना पड़ा। पुवाया कोतवाली से 151 के 11 आरोपी मेडिकल के लिए पुवायां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भेजे गए। 11 आरोपियों को ले जाने के लिए तीन-चार सिपाही और होमगार्ड सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गए थे, वहां मौजूद डॉक्टर ने तीन आरोपियों का मेडिकल कर दिया। उसके बाद डॉक्टर किसी जरूरी काम से उठकर चले गए। पुलिस डॉक्टर के इंतजार में शाम 5 बजे तक बैठी रही, जब मेडिकल नहीं हो पाया तो सिपाहियों ने कोतवाल को सूचना दी।

# फसल अवशेष जलाने पर नष्ट हो जाते हैं मित्र कीट



सैंजना गांव में किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन की जानकारी देते डॉ. एनसी त्रिपाठी।



फसल अवशेष प्रबंधन कार्यक्रम में मौजूद किसान। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **कृषि विज्ञान केंद्र की टीम ने किसानों को समझाया फसल अवशेष प्रबंधन**

**अमृत विचार:** कृषि विज्ञान केंद्र के तत्वावधान में विकासखंड सिंधौली के गांव सैंजना में फसल अवशेष प्रबंधन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर केंद्र प्रभारी डॉ. एनसी त्रिपाठी ने किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी।

डॉ. त्रिपाठी ने बताया कि फसल अवशेष जलाने से भूमि की ऊपरी सतह में मौजूद मित्र कीट एवं सूक्ष्म लाभकारी जीव नष्ट हो जाते हैं, साथ ही भूमि की उर्वरक क्षमता में कमी आने लगती है। परियोजना के नोडल अधिकारी डॉ. एनपी गुप्ता ने उन्नत कृषि यंत्रों द्वारा फसल अवशेष प्रबंधन करने तथा बायो डीकंपोजर के बारे में जानकारी दी। डॉ. शिवकुमार यादव ने पशुओं में लगने वाली बीमारियों तथा कीड़ों की रोकथाम के साथ हरे चारे के बारे में जागरुक किया।

उद्यान वैज्ञानिक डॉ. महेश कुमार ने सब्जियों और फलों की खेती के बारे में समझाया। कार्यक्रम में प्रगतिशील किसान कैलाश सिंह यादव आदि ने भी अनुभव साझा कर किसानों को जागरूक किया।

# नगर आयुक्त ने तीन शिकायतों का किया निस्तारण



नगर निगम कार्यालय में शिकायतें सुनते नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्र।

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** नगर आयुक्त डा. विपिन कुमार मिश्र की अध्यक्षता में संभव के तहत नगर निगम कार्यालय में जन सुनवाई दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जिसमें जन-सामान्य की ओर से शामिल होकर साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल की आपूर्ति, प्रकाश व्यवस्था, नाली निर्माण व कर विभाग से संबंधित अपनी-अपनी समस्याओं व शिकायतों को रखा गया। 7 समस्याएं आईं जिनमें से 3 का मौके पर निस्तारण किया गया। अपर नगर आयुक्त एसके सिंह, संयुक्त नगर आयुक्त संगीता कुमारी, महाप्रबंधक जल सौरभ श्रीवास्तव, अधिशासी अभियंता निर्माण आशीष त्रिवेदी, सहायक अभियंता विक्रमजीत यादव, सहायक अभियंता नरेश कुमार रहे।

## कलान में सहकारी समितियों पर डीएपी का अकाल

**कलान, अमृत विचार:** क्षेत्र में स्थित सहकारी समितियों पर डीएपी खाद का पूर्ण रूप से अकाल सा हो गया है, मजबूरन किसान प्राइवेट दुकानों से 17 सौ रुपये में डीएपी खाद खरीदने को विवश हैं।ग्रामीणों ने बताया कि अभी हाल में सहकारी समितियों पर डीएपी खाद की सप्लाई की गई थी लेकिन सरकारी समितियां के सचिवों ने किसानों को उक्त डीएपी वितरित कर दी जिस कारण क्षेत्रीय किसान डीएपी खाद के लिए मारामारी पर उतर आया है। अगर किसी सहकारी समिति पर डीएपी खाद का वितरण की खबर मिलती है तो किसान दौड़े दौड़े समिति पर पहुंच जाता है और डीएपी खाद मिलने की जुगत मिलाने लग जाता है क्योंकि उसे सहकारी समितियों पर मिलने वाली डीएपी खाद पर भरोसा है।

# पुलिस सहयोग संगठन को सपा ने दिया समर्थन

शाहजहांपुर,संवाददाता



सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खां के साथ नारेबाजी करते कार्यकर्ता।

- **धरना स्थल पर पहुंचे जिलाध्यक्ष ने कहा- जरूरत पड़ी तो सपा करेगी आंदोलन**

**अमृत विचार:** अखिल भारतीय पुलिस सहयोग संगठन का विभिन्न मांगों को लेकर खिरनीबाग मैदान में दिया जा रहा धरना दूसरे दिन मंगलवार को भी जारी रहा। धरना स्थल पर पहुंचे सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खां ने पुलिस सहयोग संगठन की मांगों का समर्थन करते हुए आंदोलन की चेतावनी दी।

संगठन के जिलाध्यक्ष आमिर खान के नेतृत्व में 21 अक्टूबर से कई मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन चल रहा है। जिसमें भावलखेड़ा के बिलरिया चकमार्ग में सत्ता पक्ष के दबाव में जबरन रास्ता बंद कर दिया गया है उससे अवैध कब्जा हटाने, निगोही के रतुली में विमलेश के घर पास नाली निर्माण कार्य कराए जाने, सुभाष चंद्र बोस चौराहे से लोधीपुर तक नाला निर्माण कराए जाने। नगर पंचायत निगोही के गांव सहतेपुर के बीच से 11 हजार वोल्टेज की विद्युत लाइन को हटाने की मांग की जा रही है। धरना स्थल पर मंगलवार को सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खां पहुंचे और मांगों का समर्थन किया। सपा जिलाध्यक्ष ने एसडीएम सदर ज्ञानेंद्र नाथ सिंह से फोन वार्ता कर अखिल भारतीय पुलिस सहयोग संगठन की ओर की मांगों पूरा किए जाने को कहा, अन्यथा पार्टी की ओर से भी मांगों पर आंदोलन की बात कही। इस दौरान महेश चंद्र गुप्ता, शाहनवाज खान, दिव्यांश, रिजवान खान, राम सिंह, अनुज कुमार, सुनील कुमार, रामवीर सिंह सोमवंशी, रवि कुमार, अमित मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# सिटीमजिस्ट्रेट व नगर आयुक्त से मिले पूर्वांचलवासी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **छठ पूजा के लिए घाट व अन्य व्यवस्थाएं दुरुस्त कराने का किया आग्रह**

**अमृत विचार:** पूर्वांचल महासभा सेवा समिति के प्रतिनिधिमंडल ने अध्यक्ष सतीश चंद्र मिश्रा के नेतृत्व में नगर आयुक्त से भेंटकर छठ पूजा के लिए घाटों की व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की। इससे पहले महासभा के सदस्यों ने घाटों का अवलोकन भी किया।

महासभा के सदस्यों ने लोधीपुर स्थित खन्नौत घाट, हनुमत धाम, पीपल घाट एवं गर्रा घाट का अवलोकन कर छठ पूजा की तैयारियों के लिए घाटों को अनुपयुक्त पाया, इसके बाद प्रतिनिधिमंडल ने नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्र से उनके कार्यालय में मुलाकात की और सभी घाटों की स्थिति से उन्हें अवगत कराया और सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त कराने की मांग की। नगर आयुक्त ने आश्वासन दिया कि छठ पूजा पर सभी घाट दुरुस्त कराकर समुचित व्यवस्था करा दी जाएगी, जिससे किसी को कोई परेशानी न हो। इसके बाद महासभा के पदाधिकारियों ने सिटी मजिस्ट्रेट को भी ज्ञापन देकरक छठ पूजा के दिन सुरक्षा, यातायात, फायर ब्रिगेड, गोताखोर आदि व्यवस्थाएं समय से कराने का आग्रह किया। प्रतिनिधिमंडल में महामंत्री विपुल प्रसाद सिंह, वीरेंद्र नाथ राय, डॉ. जीएन गुप्ता, वंशराज सिंह, कामेश्वर सिंह, ओपी मिश्रा, सीपी मिश्रा, श्रीराम, त्रिवेणी मिश्रा, पशुपति नाथ उपाध्याय और उपेश रावत शामिल रहे।

# व्यापारियों को दी जीएसटी की जानकारी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



जीएसटी से संबंधित बैठक में मौजूद मिठाई व्यवसायी। ● अमृत विचार

- **त्योहारों के मद्देनजर बरेली संभाग के संयुक्त आयुक्त ने बैठक की**

**अमृत विचार:** वाणिज्य कर कार्यालय पर मंगलवार को मिठाई व्यवसायियों की बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दिवाली, भैयादूज आदि त्योहारों को देखते हुए अतिरिक्त बिक्री के साथ होने वाले व्यापार पर निर्धारित जीएसटी अदा करने और व्यापारिक समस्याओं के समाधान पर चर्चा की गई।

बैठक में बरेली संभाग के संयुक्त आयुक्त विजय कुमार गौड़ ने मिठाई व्यवसायियों को शासन की नीतियों एवं मंशा से अवगत कराते हु समस्याएं भी सुनीं। व्यवसायियों ने अधिकारी के समक्ष अपनी बात खुलकर रखी। उपायुक्त श्यामा कांत यादव ने सभी की समस्याएं सुनकर उनका समाधान किया। उन्होंने शंकाओं का समाधान करते हुए बताया कि नमकीन या अन्य नमक निर्मित खाद्य पदार्थों पर मिठाई से अलग 18 प्रतिशत टैक्स है। नोडल अधिकारी उपायुक्त प्रवेश तोमर ने बताया कि गिफ्ट पैक उच्चतम टैक्स रेट देय होगा। बैठक में उपायुक्त डॉ. आलोक कुमार श्रीवास्तव, कपिल कुमार, अमित कुमार यादव, सहायक आयुक्त योगेंद्र कुमार, राज्यकर अधिकारी विमलेश कुमार, नूरुल अमीन समेत बड़ी संख्या में मिष्ठान व्यवसायी मौजूद रहे।

## प्रत्येक माह बोर्ड की बैठक करने की मांग, ज्ञापन दिया

**तिलहर, अमृत विचार:** नगर पालिका सभासदों ने ईओ कल्पना शर्मा को ज्ञापन देकर नियमानुसार प्रत्येक माह बोर्ड की बैठक किए जाने की मांग की है।

सभासद संगीता सिंह के हस्ताक्षर युक्त पैड पर दिए ज्ञापन में पालिका गेट पर पूर्व में सभासदों की ओर से दिए गए धरने के दौरान चेयरपर्सन हाजरा बेगम व ईओ की ओर से अगस्त माह में बोर्ड बैठक किए जाने के आश्वासन दिए जाने के बाद आज तक बैठक नहीं कराई गई। सभासदों ने अधिशासी अधिकारी कल्पना शर्मा पर मनमानी करने का आरोप लगाया। ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने वालों में संदीप रस्तोगी, जबीदा, शहनाज बेगम के हस्ताक्षर शामिल हैं ।

# कंप्यूटराइज्ड होंगी समितियां, सुविधाएं बढ़ेंगी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **सहकारिता मंत्री ने खुदागंज व चरखौला गोदाम का लोकार्पण किया**



खुदागंज बी पैक्स के भवन का लोकार्पण करते सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर।

**अमृत विचार:** सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने मंगलवार को बी पैक्स खुदागंज और बी पैक्स चरखौला के नवनिर्मित समिति भवन (गोदाम) का लोकार्पण किया। इस अवसर पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए सहकारिता मंत्री ने कहा कि समितियां पूरी तरह कंप्यूटरीकृत की जा रही हैं। इसलिए सभी जगह एलईडी, कंप्यूटर प्रिंटर आदि की भी व्यवस्था मजबूत की जा रही है।

उन्होंने कहा कि पैक्स मिनी बैंक के रूप में कार्य करेंगी। योगी सरकार किसानों की खुशहाली के लिए कृत संकल्पित है। खाद, डीएपी की कोई कमी नहीं होगी। राठौर ने नैनो यूरिया, नैनो डीएपी के इस्तेमाल करने के लिए किसानों को जागरूक किए जाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जिला सहकारी बैंक के साथ ही भूमि विकास बैंक भी कृषकों को सबसे सस्ता लोन देने जा रही है। प्रदेश सरकार सहकारी दुग्ध डेयरी गुजरात और महाराष्ट्र की तर्ज पर खोल कर दुग्ध उत्पादन और निर्यात को बढ़ावा देने को तत्पर है। पूर्व विधायक वीरेंद्र प्रताप सिंह मुन्ना ने कहा कि सहकारिता विभाग ने क्षेत्र में सराहनीय कार्य करके किसानों को बहुत सहूलियतें दी हैं। इससे पहले भाजपा जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि अब किसानों से लोन पर न तो कमीशन जाता है और न ही खाद की कालाबाजारी हो रही है। जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष डीपीएस राठौर ने बताया कि सहकारिता विभाग और जिला सहकारी बैंक सहकार से समृद्धि के सिद्धांत पर काम कर रही है। प्रधान संजीव गुप्ता के संचालन में चले कार्यक्रम में पूर्व चेयरमैन सुधीर सिंह ने आभार व्यक्त किया। सभा में ब्लॉक प्रमुख नरेंद्र गुप्ता, सहायक आयुक्त सहकारिता अखिलेश प्रताप सिंह, महाप्रबंधक सौरभ द्विवेदी, उपाध्यक्ष अजय प्रजापति, पैक्सफेड के प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह, पवन सिंह, नमित दीक्षित, अंशुल चौहान, रोहित सिंह, खुदागंज सभापति विपिन सिंह, चरखौला सभापति रतीभान सिंह, बालिस्टर सिंह, राजेश सिंह आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### मंदिर पर कब्जे का प्रयास

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** चौक कोतवाली के मोहल्ला भाटनटोला निवासी सचिन कुमार ने थाना पर रिपोर्ट दर्ज करायी है कि मंडी रोड पर कई साल से मंदिर बंद है। कोई पूजा अर्चना नहीं होती है। उसकी सास उर्मिला देवी के नाम से मंदिर नगर निगम के कागजों में दर्ज है। आरोप है कि कुछ लोग मंदिर पर कब्जा करना चाहते है। रविवार को कुछ साधुओं को मंदिर पर भेजा। साधुओं ने मंदिर की दीवार तोड़कर अंदर घुस गए। उन्होंने साधुओं को बताया कि यह प्रॉपर्टी उनकी है। साधु वापस चले गए। आरोप है कि कुछ लोग मंदिर पर कब्जा करने चाहते है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

### मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**पुवायां, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव धर्मगदापुर जप्ती निवासी प्रभात कुमार ने मारपीट करने वाले राम सिंह, राम रतन, अजय, परमजीत, योगेश, आदेश, सतीश, जागेश्वर, रामकिशन, गुड्डी देवी, मंजू देवी आदि के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित का आरोप है कि विपक्षी उसकी जमीन पर कब्जा करना चाहते हैं, विरोध करने पर गाली-गलौज करते हुए पिटाई कर दी।

### ई-रिक्शा चालक को पीटा

**जैतीपुर, अमृत विचार :** किराया मांगने पर दबंगों ने ई-रिक्शा चालक को पीट कर घायल कर दिया। अली अकबरपुर नवादा निवासी जद्दू ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि सोमवार शाम ई रिक्शा से गांव के ही वीरपाल व पंकज का सामान पहुंचाया। जब किराया मांगा तो दोनों आग बबूला होकर गाली-गलौज करने लगे। इतने में वीरपाल का भाई रूप राम भी आ गया। तीनों ने मिलकर उसे पीटा और जान से मारने की धमकी दी।

### चाचा को किया घायल

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** चौक कोतवाली के मोहल्ला चौभुर्जी निवासी ब्रजेश कश्यप ने थाना पर रिपोर्ट दर्ज करायी है कि रविवार की शाम उसका चचेरा भाई अनुज निवासी इदिरानगर कालोनी थाना सदर बाजार उसके घर के दरवाजे पर आया। आरोप है कि गाली देने लगा। उसके पिता बाबूराम ने गाली देने से मना किया तो पीटकर घायल कर दिया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

### फब्तियां कसने पर दो दबोचे

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** चौक कोतवाली की महिला दरोगा साक्षी त्यागी को सोमवार की दोपहर सूचना मिली कि राजघाट चौकी तिराहे के निकट दो युवक राह चल रही महिलाओं के साथ फब्तियां कस रहे है। महिला दरोगा ने आरोपी जितिन निवासी अजीजगंज चौक कोतवाली और सूर्यांश निवासी तिलहर को गिरफ्तार कर लिया।

# जिम में युवती से ट्रेनर ने की छेड़छाड़, आरोपी गिरफ्तार

## व्यायाम सिखाने के बहाने की अश्लील हरकत, विरोध पर धमकाया

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


आरोपी ट्रेनर फैसल।

**अमृत विचार:** बड़ी बहन के साथ जिम गई युवती को व्यायाम सिखाने के बहाने ट्रेनर ने छेड़छाड़ की। युवती व उसकी बहन के विरोध करने पर आरोपी बैठकर मामला सुलझाने की बात कहने लग। घरवालों से शिकायत करने पर आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी। दोनों बहनों की शिकायत पर उनकी मां ने आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ व धमकी देने की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करा दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

चौक कोतवाली क्षेत्र में रहने वाली दो सगी बहनें सोमवार को दोपहर बाद एक मोहल्ले में स्थित वंडर फिटनेस जिम में एक्सरसाइज करने गई थीं। इनमें छोटी बहन की उम्र 19 होगी। वह जिम में मशीन पर व्यायाम कर रही थी। इसी बीच जिम का ट्रेनर व मालिक फैसल युवती के पास पहुंचा और एक्सरसाइज सिखाने के बहाने छेड़छाड़ करने लगा।

युवती ने विरोध किया तो दूसरी बहन भी पहुंच गई। इस घटना के समय जिम में कोई अन्य व्यक्ति नहीं था। दोनों बहनों के विरोध करने पर आरोपी आपस में बैठकर बातचीत करने को कहने लगा। आरोपी ट्रेनर ने कहा कि घर पर शिकायत मत करना। मगर दोनों बहने नहीं मानी और अपने माता-पिता से शिकायत करने को कहा। यह सुनकर ट्रेनर गुस्से से भड़क उठा और दोनों को गालियां देने लगा।

> आरोपी ट्रेनर के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है। जो भी तथ्य सामने आएंगे उनके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।
> – राजीव तोमर, प्रभारी निरीक्षक

आरोपी ने कहा कि घर जाकर शिकायत की या थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई तो जान से मार देगा। इसके बाद भी दोनों बहनें नहीं मानीं और उन्होंने घर जाकर मां से शिकायत की। इसके बाद मां दोनों को लेकर कोतवाली पहुंची और रिपोर्ट दर्ज करा दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। मामला दो समुदायों से जुड़ा होने के चलते पुलिस सावधानी बरत रही है।

## जमीन के विवाद में युवक को गोली मारकर किया घायल

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** बड़ा ककरा कला में जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। कानूनगो और लेखपाल जमीन की नाम करके चले गए। दूसरे पक्ष के चार लोग दो बाइक से आए और युवक को गोली मारकर घायल कर दिया। एक आरोपी को तमंचा समेत पकड़ लिया। सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला ककरा कला निवासी रामपाल ने थाने पर दी गई तहरीर में बताया कि उसने पुश्तैनी जमीन की पैमाइश के लिए तहसील में अर्जी दी थी। मंगवार को दिन में 11 बजे कानूनगो और लेखपाल जमीन की नाम करने के लिए आए। दूसरे पक्ष को बुलाया गया। लेकिन दूसरा पक्ष नहीं आया। कानूनगो और लेखपाल के जाने के बाद दो बाइक से आरोपी अपने तीन साथियों के साथ तमंचा व डंडे लेकर आया। आरोपी जाति सूचक शब्द का प्रयोग करते हुए गाली देने लगे और कहा कि जमीन की नाप कराएगा। आरोपी के फायर करने पर उसका पुत्र घायल हो गया। शोर शराबा होने पर लोग आ गए। लोगों ने एक आरोपी को पकड़ लिया और बाकी लोग भाग भाग गए।

# महर्षि वाल्मीकि के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी पर रोष


सदर थाने में तहरीर देने पहुंचे वाल्मीकि समाज के लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, शाहजहांपुर

- वाल्मीकि समाज के लोगों ने तहरीर देकर की कार्रवाई की मांग

**अमृत विचार:** भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज के कार्यकर्ताओं ने एक इंटर कॉलेज के एक प्रवक्ता के खिलाफ थाना सदर बाजार में तहरीर देकर आरोप लगाया कि उन्होंने भगवान वाल्मीकि जी पर आपत्तिजनक टिप्पणी की, जिससे पूरे वाल्मीकि समाज में काफी आक्रोश है। उनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाए।

मामले की तहरीर लेकर भारी संख्या में वाल्मीकि समाज के लोग सदर थाने पहुंचे थे। पुलिस ने मामले की जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। इस दौरान वाल्मीकि समाज के वरिष्ठ नेता रमेश चंद सेठ, मुरारी लाल भास्कर, अजय प्रधान, रमेश चंद कटारिया, आकाश आनंद, अवनीश कुमार लालू, अमित वाल्मीकि, मनोज, गंगा, अर्चना वाल्मीकि, सियाराम उर्फ शेरू, रामकृपाल उर्फ मनु सहित लगभग 50 कार्यकर्ताओं ने थाने पहुंचकर रोष प्रकट किया और तहरीर देकर जल्द से जल्द आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग की।

## ससुराल वालों पर दहेज उत्पीड़न का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**तिलहर, अमृत विचार:** महिला ने ससुरालियों पर दहेज की मांग को लेकर मारपीट कर घर से निकाल देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। गाजियाबाद के लोनी की शबनम ने बताया कि उसकी शादी तिलहर के शेरगढ़ गांव निवासी इमरान के साथ हुई थी। इमरान दिल्ली में ऑटो चलाता है। शबनम ने आरोप लगाया कि दहेज मे 2 लाख रुपये की मांग को लेकर उसके ससुराल के लोग उसे प्रताड़ित करते थे और मारते पीटते थे। उसने यह बात अपने पति इमरान को बताई तो वह घर पर आए और उन्होंने अपने परिजनों को समझाने का प्रयास किया। इसी दौरान ससुराल के लोगों ने उनके पति इमरान को मीठी बातों में फंसा कर दिल्ली भेज दिया। शबनम ने आरोप लगाया कि 5 सितंबर को उनके ससुर मल्लू, जेठ शानू, देवर सलमान, सास मुन्नी, ननद गुलसफा ने प्रताड़ित कर उसके साथ मारपीट की और घर से निकाल दिया। कोतवाल राकेश कुमार ने बताया कि सभी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया।

## अवैध कटान मामले में रेंजर और स्टाफ जांच के दायरे में

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार:** सिहुरा वनचौकी के समीप 11 दिन पूर्व कोरों के चार पेड़ काटे जाने के मामले में खुटार रेंजर और वनकर्मियों पर गाज गिर सकती हैं। डीएफओ नवीन खंडेलवाल के अनुसार विभागीय कार्रवाई में रेंजर और स्टाफ जांच के दायरे में है। अब जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

एसडीओ डॉक्टर सुशील कुमार की जांच में अवैध कटान मिला था। इससे पूर्व में भी अवैध कटान में कार्यवाई शून्य रही। उधर, खुटार में तैनात वनकर्मी संतोष गौड़ की तरफ से अज्ञात में केस काट दिया गया। लेकिन माफियाओं के साथ ही लकड़ी का कुछ पता नहीं चल सका है।

खुटार का वन क्षेत्र काफी बड़ा है और बंडा, पूरनपुर क्षेत्र तक फैला हुआ है। इस वन क्षेत्र में बेशकीमती कोरों, सागौन आदि के पेड़ है। पीलीभीत मेन रोड पर सिहुरा जंगल में अवैध कटान के बाद आसानी से लकड़ी को लखीमपुर खीरी, बंडा, बरेली आदि क्षेत्रों में भेजा जा सकता है। 11 अक्टूबर को सिहुरा वनचौकी से बरनई जंगल में चार पेड़ कोरों के काट डाले गए थे। माफिया ने वाहन में लकड़ी को लादकर चले गए थे।

> जंगल में हुए अवैध कटान में रेंजर व स्टाफ की विभागीय जांच चल रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। – नवीन खंडेलवाल, कार्यवाहक डीएफओ, शाहजहांपुर

- बरनई जंगल में चार पेड़ काटे जाने का मामला, लकड़ी और माफियाओं का नहीं लगा सुराग

13 अक्टूबर वनकर्मियों ने कटान पाया था। लेकिन अवैध कटान से अधिकारियों को दूर रखा था। शिकायत के बाद 14 अक्टूबर को डीएफओ नवीन खंडेलवाल के आदेश पर एसडीओ डॉक्टर सुशील कुमार ने जांच की थी। जहां सत्यता पाई गई थी। मगर अभी तक कार्रवाई आगे नहीं बढ़ पाई है। केवल विभागीय जांच चल रही है।

# मालगोदाम रोड व रेलवे कॉलोनी में अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


रेलवे कॉलोनी में अतिक्रमण हटाते कर्मचारी। ● अमृत विचार


रेलवे कॉलोनी में जेसीबी से अतिक्रमण हटाते कर्मचारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** रेलवे के महाप्रबंधक और डीआरएम के आदेश पर मंगलवार को अधिकारियों ने मालगोदाम रोड और रेलवे कालोनी में बुलडोजर से अतिक्रमण हटाया। इस दौरान दुकानों के आगे रेलवे की जमीन पर बने चबूतरे तोड़ दिए गए और खोखों को ट्राली में लादकर ले गए। दुकानों के छज्जे हटाने के लिए दुकानदारों को निर्देश दिए है। इधर, कालोनी में झाड़ियों की सफाई कराई गयी और जानवर पालने वालों को नोटिस दिए गए। बुधवार छज्जे हटाए जाएंगे।

उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार वर्मा और मुरादाबाद मंडल के डीआरएम राजकुमार सिंह ने शनिवार और सोमवार को मालगोदाम रोड व रेलवे कालोनी का निरीक्षण किया। दोनों अधिकारियों को कॉलोनी में काफी खामियां मिली थीं। कर्मचारियों ने बताया था कि झाड़ी काफी बड़ी-बड़ी थी, आवास का प्लास्टर टूटा हुआ था, कई साल से पुताई नहीं हुई थी, पानी की टंकी टपक रही थी। कालोनी के अंदर जानवर पले थे, गोबर के ढेर लगा रखे थे और दीवार पर कंडे पाथ रखे थे। कालोनी के अंदर लोगों ने अवैध रूप से खोखे रख लिए थे और मालगोदाम रोड पर दुकानों को आगे बढ़ा रखा था और छज्जा बाहर निकाल रखा था। साथ ही शाम को ठेले मालगोदाम रोड पर लगने जाम लग जाता था। दोनों अधिकारियों ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए थे कि मालगोदाम रोड और कालोनी से अतिक्रमण हटाया जाए। सोमवार की शाम अधिकारी जेसीबी लेकर मालगोदाम रोड पर पहुंचे और दुकान के बाहर बने चबूतरे और काउंटर तोड़ दिए। दुकानदारों से कहा कि बुधवार तक दुकान का छज्जा हटा ले, वरना जेसीबी से गिरा दिया जाएगा। कालोनी में अवैध रूप से लगे खोखे को ट्राली में भरकर ले गए। दुकानों पर नोटिस चस्पा करने के बाद चेतावनी दी कि कोई भी शाम को ठेला नहीं लगेगा, लगा मिला तो जुर्माना वसूल किया जाएगा। जानवर पालने वाले कर्मचारियों को नोटिस दिए गए। कर्मचारियों ने कॉलोनी के अंदर झाड़ियां काटी ओर कंडे आदि भरकर ले गए। अधिकारियों ने बताया कि बुधवार को रेल की जमीन से अतिक्रमण हटाया जाएगा।

- जीएम व डीआरएम के निरीक्षण के बाद हरकत में आए अधिकारी
- छज्जा हटाने के निर्देश, अब नहीं लगेंगे मालगोदाम रोड पर ठेले

### आरपीएफ थाने के पीछे से खोखा हटाने के निर्देश

आरपीएफ थाना के पीछे स्टेशन रोड पर ट्रांसफार्मर के निकट रेलवे की जमीन पर खोखा रखा हुआ है। यहां पर चावल, पूड़ी और छोले बनाकर स्टेशन पर ट्रेनों में वेंडर बेचते है। अधिकारियों ने खोखा मालिक को निर्देश दिए कि यहां से खोखा शीघ्र हटा ले वरना जब्त कर लिया जाएगा।

# मेडिकल कॉलेज में सीटी स्कैन मशीन खराब

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



मेडिकल कॉलेज में खराब पड़ी सीटी स्कैन मशीन। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** राजकीय मेडिकल कालेज में तीन माह से सीटी स्कैन मशीन खराब है। जिससे मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मरीजों को सीटी स्कैन कराने के लिए प्राइवेट निजी स्कैन केंद्र पर अपनी जेब ढीली करनी पड़ रही है।

गर्रा नदी में बाढ़ आ जाने के कारण मेडिकल कालेज में पानी भर गया था, जिस कारण सीटी स्कैन मशीन खराब हो गयी थी।

राजकीय मेडिकल कालेज में पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप के माध्यम से सीटी स्कैन मशीन लगी थी। रोजाना करीब 40 सीटी स्कैन हो जाते थे। जुलाई माह में गर्रा नदी में बाढ़ का पानी मेडिकल कालेज में आ गया था। चार दिन तक ओपीडी, ट्रामा सेंटर बंद रहा था। बाढ़ के पानी से सीटी स्कैन मशीन खराब हो गयी थी और काफी मात्रा दवाएं भी खराब हो गयी थी। जुलाई माह से अभी तक सीटी स्कैन नहीं हो रहे हैं। रोजाना एक दर्जन से अधिक डॉक्टर सीटी स्कैन के लिए लिखते है। सीटी स्कैन न होने से मरीज काफी परेशान है।

मरीज सीटी स्कैन कक्ष में आते हैं और ताला लटका देखकर वापस हो जाते है। डाक्टर कहते है कि सीटी स्कैन कराकर रिपोर्ट लेकर आए। मरीजों को सीटी स्कैन कराने के लिए निजी सीटी स्कैन केंद्र की दौड़ लगानी पड़ रही है। मरीजों को अपनी जेब ढीली करनी पड़ रही है। सबसे अधिक परेशानी गरीब मजदूरों को हो रही है। प्राइवेट निजी केंद्र पर एक सीटी स्कैन के 1500 रुपये देने पड़ रहे हैं। कुल मिलाकर मरीज सीटी स्कैन के लिए अस्पताल में इधर-उधर भटकते है।

- लोगों को सीटी स्कैन कराने के लिए करनी पड़ रही जेब ढीली

> सीटी स्कैन मशीन बाढ़ के पानी से खराब हो गयी थी। एक अधिक क्षमता की सीटी स्कैन मशीन मिल गयी है। उसको लगाने की तैयारी चल रही है। यह मशीन शीघ्र चालू हो जाएगी।
> –डॉ. नेपाल सिंह, सीएमएस

### दूसरी मशीन नहीं लगी

राजकीय मेडिकल कॉलेज को पांच करोड़ की लागत से सीटी स्कैन मशीन मिली है। इसके अलावा एक और मशीन मिली है। मशीन को लगाने के लिए मेडिकल कॉलेज में स्थान चयन कर लिया गया है। मशीन को आए एक माह हो गए लेकिन अभी तक मशीन नहीं लगी है। मशीन को लगाने के लिए तैयारी चल रही है। नई मशीन लग जाने से मरीजों को काफी राहत होगी। मरीजों को निजी केंद्र की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी।

## किन्नर को जान से मारने की धमकी

**कलान, अमृत विचार :** नगर पंचायत के मोहल्ला शांति नगर निवासी किन्नर छबीली ने मिर्जापुर थाना प्रभारी को तहरीर देकर बताया कि जनपद बदायूं के अंतर्गत थाना अलापुर के एक गांव निवासी किन्नर जो अब मिर्जापुर में रहकर छबीली किन्नर के क्षेत्र में जबरन बधाई बजाकर उसको प्रताड़ित करती है। आरोपी की दो महापूर्व दूसरे गांव में मारपीट हुई थी जिसमें पुलिस ने आरोप आदि को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

पीड़ित किन्नर छबीली ने बताया कि कलान, परौर, मिर्जापुर क्षेत्र में उसकी बिना मर्जी से कोई भी बधाई कार्य नहीं कर सकता है उसने बताया कि आरोपी किन्नर अपनी दबंगगई के चलते उसको जान से करने की जुगत में गाड़ियों से घूम रही है। उसने थाना प्रभारी मिर्जापुर योगेंद्र कुमार से कार्रवाई की मांग की है।

# एमएससी की छात्रा ने कॉलेज गेट पर किया जमकर हंगामा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- कॉलेज स्टाफ पर फाइल दबाने का आरोप, पुलिस ने परिवार वालों के सुपुर्द किया

**अमृत विचार:** एमएससी की एक छात्रा ने कॉलेज गेट पर जमकर हंगामा किया। छात्रा का आरोप है कि कॉलेज स्टाफ ने उसकी एक फाइल दबा दी। कॉलेज स्टाफ ने उसे समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं मानी। सूचना मिलने पर पहुंची महिला महिला पुलिस छात्रा को अपने साथ चौक कोतवाली ले गई। बाद में परिवार वालों को बुलाकर उसे सुपुर्द कर दिया गया।

एमएससी की एक छात्रा मंगलवार दोपहर चौक कोतवाली इलाके में स्थित अपने कॉलेज पहुंची। छात्रा ने स्टाफ पर तमाम तरह के आरोप लगाते हुए कॉलेज गेट पर हंगामा शुरु कर दिया। छात्रा को हंगामा करते देख छात्रों व राहगीरों की भीड़ जुट गई। छात्रा कॉलेज प्रशासन पर एक फाइल दबाने का आरोप लगा रही थी, लेकिन छात्रा फाइल के बारे में कुछ बता नहीं रही थी। हंगामा सुनकर कॉलेज का स्टाफ गेट पर पहुंच गया और छात्रा की समस्या जानने की कोशिश की। लेकिन छात्रा मानने को तैयार नहीं हुई। कालेज स्टाफ ने चौक कोतवाली को सूचना दी। सूचना मिलने पर महिला उप निरीक्षक सिपाहियों को लेकर कॉलेज गेट पर जा पहुंची। महिला पुलिस ने उसे समझाने का प्रयास किया, लेकिन छात्रा नहीं मानी। पुलिस ने छात्रा को जबरन वाहन में बैठा लिया और थाना पर ले आए। प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया कि छात्रा के परिवार वालों को बुलाकर सुपुर्द कर दिया।

## पिता के साथ जा रही युवती का कुंडल नोच ले गए बाइक सवार

**पुवायां, अमृत विचार:** लखीमपुर खीरी के मोहम्मदी थाना क्षेत्र के मुकुंदपुर सैजनिया गांव निवासी राजेंद्र अपनी बेटी संजोबी को उसकी ससुराल सिधौली थाना क्षेत्र के गांव पिपरिया दास छोड़ने जा रहे थे। वह खुटार रोड पर पुवायां नगर से पहले एक स्कूल के पास पहुंचे होंगे। तभी पीछे से एक बाइक पर दो युवक आये। बराबर में पहुंचने पर एक युवक ने संजोबी के कान से कुंडल नोच लिए। उसके शोर मचाने पर लोग एकत्र हुए तब तक जुटेरे दूर निकल चुके थे। इसकी सूचना पर कस्बा इंचार्ज सकतावत सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने उधर से निकल रहे लोगों से पूछताछ की और सीसीटीवी कैमरे भी चेक किए। मगर फुटेज में बाइक सवार नहीं दिखे। कोतवाल हरपाल सिंह बालियान ने बताया कि टप्पेबाजी की सूचना मिली है, मौके पर जांच की गई तो मामला संदिग्ध लग रहा है।

## नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 10 वर्ष का कारावास

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** नाबालिग से दुष्कर्म मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने एक आरोपी को 10 वर्ष के कारावास की सजा और 17,500 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। संदीप के खिलाफ रोजा थाने में वर्ष 2018 में नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने और दुष्कर्म किए जाने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

आरोपी को सजा दिलवाए जाने के लिए मॉनीटरिंग सेल व थाना रोजा पुलिस तथा अभियोजन विभाग द्वारा समन्वय स्थापित करके समयबद्ध रुप से न्यायालय एएसजे-42 में साक्षियों को साक्ष्य कराकर प्रभावी पैरवी की।

# घर में घुसकर नगदी लूट ले गए नकाबपोश बदमाश

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


घटना के बाद परेशान हालत में पीड़ित परिवार के सदस्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** शहर के मोहल्ला सैनिक कालोनी में नकाबपोश दो बदमाश मकान में घुसकर बक्सा खंगालने लगे। इसी बीच मकान मालिक का बेटा जाग गया। बदमाशों ने उसके गले पर चाकू रखकर अलमारी की चाबी ले ली। बदमाश 70 हजार रुपये अलमारी से निकालकर मुख्य दरवाजे से निकल गए। पुलिस दो दिन से पीड़ित को टरका रही थी। इससे मामला पुलिस अधिकारियों के पास पहुंच गया।

सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला सैनिक कालोनी निवासी रतिराम ने ओसीएफ रामलीला मैदान में मिट्टी के बर्तनों की दुकान लगाई थी। मेले में उसे 70 हजार रुपये बचे, जो थैले रखकर अलमारी में बंद दिए थे। रविवार रात रतिराम परिवार के साथ मकान के दो मंजिल पर सो रहे थे।

उनका बेटा विनोद कुमार नीचे कमरे में सोया था। दो नकाबपोश बदमाश पड़ोसी की मकान की छत से उसकी छत पर आए और जीने के सहारे नीचे कमरे में आ गए। बदमाश बक्शा खंगाल रहे थे कि इसी बीच उसके बेटे विनोद कुमार की नींद खुल गयी।

एक बदमाश ने उसकी गर्दन पर चाकू रखकर कहा कि शोर मचाया तो जान से मार देंगे। बदमाशों ने उससे अलमारी की चाबी ले ली। बदमाशों ने 70 हजार रुपये समेत थैला निकाल लिया और मुख्य दरवाजे से निकलकर भाग गए। उन्होंने रात में ही तीन बजे थाना पर सूचना दी। पुलिस ने मौका मुआयना किया। उन्होंने ताना तहरीर दी। पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की तो अधिकारियों तक बात पहुंची। प्रभारी निरीक्षक रवीन्द्र सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

- मकान मालिक के बेटे की गर्दन पर चाकू रखकर दी जान से मारने की धमकी

> मोहल्ला सैनिक कालोनी में एक मकान में चोरी का मामला प्रकाश में आया है। सदर बाजार पुलिस को निर्देश दिए गए है कि रिपोर्ट दर्ज करके घटना का खुलासा किया जाए।
> –सौम्या पांडेय, सीओ सिटी

## माता-पिता रिश्तेदारी में गए, बेटी को आरोपी बहला फुसलाकर ले गए

**कलान, अमृत विचार :** क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने अपनी 18 वर्ष की पुत्री को बहला फुसला कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। उसने गांव गुल्लाह निवासी मुनेंद्र एवं उसके पिता हरनाथ, चाचा भूमिराज एवं जनपद बदायूं के थाना उसहैत के गांव खजुरा नगला निवासी राजकुमार को साजिशकर्ता बताया है। लड़की के पिता ने बताया है कि वह 30 सितंबर की रात को पत्नी समेत रिश्तेदारी में गया हुआ था। घर में उनकी लड़की अकेली थी। मौका पाते ही आरोपी लोग उसे बहलाफुसला कर ले गए। साथ ही घर से 50 हजार रुपये की नकदी समेत लाखों के सोने चांदी की आभूषण भी साथ ले गई।

# रोजगार मेला: कंपनियों ने 221 युवाओं का किया चयन


रोजगार मेले में कंपनी प्रतिनिधि से जानकारी लेते अभ्यर्थी। ● अमृत विचार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** जिला सेवायोजन कार्यालय की ओर से चलाई जा रही मुहिम के अंतर्गत मंगलवार को खंड विकास कार्यालय ददरौल में रोजगार मेला लगाया गया, जिसमें निजी क्षेत्र की 11 कंपनियों ने सहभागिता की। रोजगार मेला में 300 से अधिक अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें 221 अभ्यर्थियों का प्रारंभिक चयन हुआ। जिला सेवायोजन अधिकारी विजय सुधाकर सिंह ने बताया कि इस दौरान अभ्यर्थियों की कॅरियर काउंसिलिंग भी कराई गई।

आयोजन में अरुण कुमार शर्मा, राकेश चंद्र अशोक कुमार विश्वमोहन नवनीत शुक्ला गोपाल सिंह समेत खंड विकास अधिकारी एवं उनके स्टाफ का योगदान रहा।

# बेकाबू गति से दौड़ती कार की टक्कर से वृद्धा की मौत

## बेटे की चाय की दुकान से घर लौट रही थी महिला, रास्ते में हुआ हादसा, टक्कर मारकर चालक कार समेत फरार

संवाददाता, पुवायां/ शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** बेटे की चाय की दुकान से घर लौट रही बुजुर्ग महिला को कार ने टक्कर मार दी, जिससे महिला घायल हो गयी। घायल महिला को सीएचसी पर लाया गया। डाक्टर ने महिला को मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी।

पुवायां थाना क्षेत्र के मोहल्ला देवस्थान निवासी राजवती (75) के बेटे पूरनलाल ने घर से कुछ दूरी पर चाय और पान का खोखा खोल रखा है। राजवती अपने बेटे से मिलने अक्सर खोखा पर जाया करती थी। सोमवार शाम वह अपने बेटे से मिलने उसकी दुकान पर गई थी। वहां से शाम सात बजे घर लौटते समय रास्ते में उसे कार ने टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गयी। घायल महिला को सीएचसी पर लाया गया। डाक्टर ने घायल महिला को मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।


पोस्टमार्टम हाउस पर मृतक के परिजन। ● अमृत विचार

## प्रतियोगिताओं में बच्चों ने दिखाया दमखम

**कलान, अमृत विचार:** खेलकूद प्रतियोगिता में बच्चों ने अपना दमखम दिखाया। कंपोजिट विद्यालय भुन्नी खेड़ा में खेलकूद प्रतियोगिता का समाजसेवी डॉ. मोहित मिश्रा ने फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने कहा ऐसे आयोजन होने से बच्चों में छिपी प्रतिभा निखरती है। बच्चों को खेलकूद प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। प्रतियोगिता में खजुरी, हरनोखा, ग्योड़ी, गढ़ी, गनेशपुर, धनसिंह नगला, पन्नाह नगला, हर्रा नगला, देवहड़ा, रासानगरिया, इकोना शिवपूरी के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। जूनियर व प्राथमिक स्तर के बालक-बालिकाओं की दौड़ व कबड्डी प्रतियोगिता हुई। कबड्डी में प्राथमिक विद्यालय खजुरी की टीम ने बाजी मारी। कब्बडी में प्राइमरी व जूनियर के बच्चों ने प्रतिभाग किया। 200 मीटर दौड़ में रासानगरिया विद्यालय विजयी रहा। रासा नगरिया विद्यालय के निलेश, इकौना शिवपुरी के हिमांशु, ग्योड़ी के आकाश ने बाजी मारी। 100 मीटर दौड़ में हरनोखा की बालिका साक्षी प्रथम, इकौना शिवपुरी की बंटी द्वितीय व आकांक्षा तृतीय स्थान पर रही। खेल अनुदेशक ललित कुमार, धर्मेन्द्र पाल, प्रमोद कुमार, हरेंद्र पाल सिंह, अशोक कुमार, ब्रजपाल, कुलदीप कुमार, सुनील कुमार, शैलेन्द्र सिंह, श्यामपाल सिंह आदि अध्यापक मौजूद रहे।

## ट्रैक्टर में फंसा कुंडा टूटने से ट्राली पलटी

**खुटार, अमृत विचार:** जनपद लखीमपुर खीरी के कस्बा भीरा के गांव महेशापुर निवासी छोटू ने बताया कि मंगलवार सुबह को वह अपने साथी हबीब के साथ ट्रैक्टर में दो ट्रालियों को जोड़ कर धान लेकर जनपद पीलीभीत के कस्बा पूरनपुर गए थे। मंगलवार को दोपहर करीब 12 बजे वापस घर लौट रहे थे। खुटार-मैलानी मार्ग पर गांव नरौठा देवीदास में ट्रैक्टर से जुड़ी ट्राली का कुंडा टूट गया और सड़क किनारे खाई में दोनों ट्राली जा गिरी। मगर ट्रैक्टर खाई में जाने से बच गया। इससे ट्रैक्टर चालक छोटू और उसका साथी हबीब बच गए। जिससे बड़ा हादसा टल गया। हादसे के बाद काफी भीड़ एकत्र हो गई। इसके बाद लोगों ने ट्रालियों को सीधा कराया। चालक ने ट्रालियों को ट्रैक्टर में जोड़कर वापस घर लौट गए।



## स्कूल बस व ट्रैक्टर-ट्राली में भिड़ंत, बच्ची व शिक्षिका घायल

**रौसर कोठी, अमृत विचार:** ट्रैक्टर-ट्राली और दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल पुवायां की बस में स्पाइकल गार्डन के सामने टक्कर हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस के अनुसार एक ट्रैक्टर धान लेकर हरदोई बाईपास की तरफ से मेजबान की तरह जा रहा था। जबकि पीछे से एक ट्रक ट्रैक्टर-ट्राली को ओवरटेक कर रहा था। इसी बीच ट्रक ट्रैक्टर की ट्राली से टकरा गया। वहीं पर दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल पुवायां की बस खड़ी थी। बस में बैठने के लिए सराइकाइयां निवासी पूर्णिमा पत्नी अभिषेक बेटी कनिष्क के साथ बस में बैठ रही थी। तभी ट्रॉली स्कूल बस से टकरा गई, जिससे पूर्णिमा और उनकी बच्ची कनिष्का को गंभीर चोटें आईं। दोनों को उपचार के लिए एक निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने तीनों वाहनों को थाने ले जाकर खड़ा कर लिया है।



## हादसे में घायल युवक ने बरेली के अस्पताल में दम तोड़ा

**खुटार, अमृत विचार:** सड़क हादसे में घायल युवक ने बरेली के एक निजी अस्पताल में मंगलवार को दम तोड़ दिया। सूचना घर पहुंची तो कोहराम मच गया। वह अपने परिवार का एक मात्र सहारा था। नगर के मोहल्ला नरायनपुर बजरिया के रहने वाले 40 वर्षीय सतीश गुप्ता 13 अक्टूबर को पेट की दवा लेने शाहजहांपुर जा रहे थे। सुबह करीब चार बजे खुटार-पुवायां रोड पर भैंसी पुल-कन्नापुर के बीच उनकी बाइक में किसी वाहन ने टक्कर मार दी थी। इसमें सतीश गुप्ता घायल हो गए। इसकी जानकारी होने के बाद परिजन मौके पर पहुंचे और घायल को पुवायां सीएचसी ले जाकर भर्ती कराया। जहां से उन्हें जिला मेडिकल कॉलेज में रेफर कर दिया था। बाद में उन्हें बरेली के एक निजी अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान मंगलवार सुबह करीब दस बजे सतीश गुप्ता की मौत हो गई। सूचना घर पहुंची तो कोहराम मच गया। परिजनों के अनुसार सतीश मजदूरी करके घर चलाता था। घर की सारी जिम्मेदारी उसके कंधों पर थी। परिवार में मृतक की पत्नी गुड्डी देवी, पुत्र राहुल, रोहित, सचिन, पारुल, मां रामपाल गुप्ता, पिता रामलखन गुप्ता हैं।



## ट्रक खाई में पलटा, कंटेनर चालक केबिन में फंसा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- हाईवे पर टोल टैक्स के निकट छुट्टा पशुओं को बचाने के चक्कर में हुआ हादसा

**अमृत विचार:** बरेली मोड़ पर टोल टैक्स के निकट पशुओं को बचाने के चक्कर में कंटेनर और ट्रक की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। इससे ट्रक सड़क किनारे खाई में पलट गया। इससे कंटेनर क्षतिग्रस्त हो गया और चालक केबिन में फंस गया। पुलिस ने काफी प्रयास के बाद केबिन में फंसे चालक को बाहर निकाला और उसे मेडिकल कॉलेज भेज दिया।

चौक कोतवाली क्षेत्र में सोमवार रात एक बजे कंटेनर बरेली से अमेठी की ओर जा रहा था। हाईवे पर गर्रा पुल के निकट पुराना टोल टैक्स के निकट अचानक छुट्टा पशु आ गए। चालक ने पशुओं को बचाने का प्रयास किया। तभी कंटेनर अनियंत्रित होकर सामने आ रहे ट्रक से टकरा गया। टक्कर इतनी जबरदस्त हुई कि ट्रक सड़क के किनारे खाई में जाकर पलट गया। कंटेनर अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे चालक सैफ निवासी अमेठी केबिन में सीट और स्टेयरिंग के बीच फंस गया। उसके पैर कंटेनर के अंदर दब गए। सूचना मिलने पर अजीजगंज पुलिस चौकी प्रभारी रोहित कुमार सिपाहियों के साथ मौके पर जा पहुंचे। उन्होंने फोन करके एंबुलेंस को बुलवाया। केबिन में फंसे चालक को निकालने में समय लग रहा था, वहीं चालक घायल अवस्था में होने के कारण दर्द से छटपटा रहा था। इसलिए मेडिकल टीम को मौके पर बुलाया गया, जिसने कंटेनर के अंदर चालक का उपचार किया, तब चालक को राहत मिली। इसके बाद पुलिस ने क्रेन की मदद से कंटेनर को आगे-पीछे किया, तब फिर पुलिस कर्मचारियों ने मेडिकल टीम की मदद से चालक को बाहर निकाला और मेडिकल कॉलेज भेज दिया। चौकी प्रभारी रोहित कुमार ने बताया कि हादसे में कंटेनर चालक घायल हुआ है।


भिड़ंत के बाद खाई में पलटा ट्रक।

## एसडीएम ने थाने का किया औचक निरीक्षण

**कलान, अमृत विचार:** एसडीएम चित्रा निर्बाल ने मंगलवार दोपहर बाद करीब तीन बजे थाने का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने थाने में स्थित बैरक, रसोई घर, मैस हवालात, मालखाना, अपराध रजिस्टर, समेत थाने थाने के सभी अभिलेखों का मौका मुआयना किया। इस मौके पर थाना प्रभारी प्रवाश चंद्र उपनिरीक्षक संजीव तोमर सिंह, यशपाल सिंह, महिला कांस्टेबल नवनीत वसू, मोनिका सागर आदि पुलिसकर्मी मौजूद थे।

## पुलिस अधिकारियों ने पैदल की गश्त

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** चौक कोतवाली क्षेत्र में अपराध नियंत्रण, शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अधिकारियों ने पुलिस टीम के साथ चौक बाजार, चार खंभा, अंटा, बिजलीपुरा, कालीचरन रोड पर पैदल गश्त की। गश्त के दौरान एएसपी सिटी संजय कुमार, सीओ सीटी सौम्या पाण्डेय, प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर आदि मौजूद रहे।

## ई-रिक्शा पर नंबर डालकर रूट संचालित कराएं

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** यातायात प्रभारी बालकृष्ण यादव ने टीम के साथ ई-रिक्शा संचालित कराए। मंगलवार को तीन रोड चालू कर बैरिकेड कोड किया गया। जिसमें राजघाट चौकी, कनौजिया पेट्रोल पंप तथा कचहरी चौराहा सेल्फी प्वाइंट हैं।

उन्होंने बताया कि रूट नंबर एक बरेली मोड़ वायां चौकी हद्दफ, दुर्गा होटल तक, रूट नंबर तीन बरेली मोड़ वायां घंटाघर, लाल इमली चौराहा, दुर्गा होटल तक, रूट नंबर पांच बरेली मोड़ वाया पुत्तूलाल चौराहा व कचहरी चौराहा तक। सीओ ट्रैफिक ज्योति यादव ने ई-रिक्शा नंबर चेक किए। ई-रिक्शा चालकों को रूट नंबर के आधार पर चलने को कहा। उन्होंने सभी ई-रिक्शा चालकों से कहा कि शीघ्र अपने ई-रिक्शा पर रूट नंबर डलवाएं। इस अवसर ई-रिक्शा यूनियन के पदाधिकारी भी मौजूद रहे।


ई-रिक्शा चालकों को निर्देशित करतीं सीओ ट्रैफिक ज्योति यादव। ● अमृत विचार

# भैंस के आगे बीन बजाकर ग्रामीणों ने जताया आक्रोश


भैंस के आगे बीन बजाता ग्रामीण। ● अमृत विचार


नाला निर्माण की मांग को लेकर धरने पर बैठे ग्रामीण। ● अमृत विचार

संवाददाता, तिलहर

- तिलहर में तीन दिन से चल रहे धरना स्थल पर नहीं पहुंचा कोई अधिकारी
- हाईवे किनारे ध्वस्त नाले का दोबारा निर्माण कराए जाने की मांग

**अमृत विचार:** नाला के निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों द्वारा दिए जा रहे धरना के तीसरे दिन प्रदर्शनकारी ग्रामीणों ने भैंस के आगे बीन बजाकर अपना रोष जाहिर किया।

गांव कपसेड़ा में श्री चंदन लाल विशाल इंटर कॉलेज के सामने हाईवे किनारे ग्रामीणों द्वारा रविवार से एनएचएआई के अधिकारियों के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि हाईवे चौड़ीकरण के दौरान गांव के किनारे बने दोनों तरफ के नालों को तोड़ दिया गया था, अब तक नालों का निर्माण नहीं होने से गांव के पानी का निकास न होने के कारण सड़कों पर जमा होता है, जिसके कारण गांव में आवागमन एवं प्रदूषण का संकट बना हुआ है।

ग्रामीणों ने बताया कि गांव की स्टेट बैंक से अज्ञात लोगों द्वारा खाता धारकों के खातों से लाखों रुपए आहरित कर लिए गए, जो अब तक वापस नहीं मिले हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि तीन दिन से धरना प्रदर्शन चल रहा है, अब तक किसी भी अधिकारी ने धरना स्थल पर पहुंचने की जहमत नहीं उठाई।

प्रधानपति वीरेश शर्मा ने कहा कि नौकरशाही पूरी तरह निरंकुश हो चुकी है, उन्हें जनता की समस्याओं से कोई सरोकार नहीं है। धरने पर तीसरे दिन भी सूर्य प्रताप शर्मा, मुंशीलाल, आकाश तिवारी, सोनपाल, संजीव कुमार, योगेश कुमार, चंद्रशेखर अवस्थी सहित तमाम लोग बैठे।

# नकली बीड़ी, गुटखा व चाय पत्ती पकड़ी

संवाददाता, तिलहर

**अमृत विचार:** पुलिस ने हाईवे से सटी सलेमाबाद पट्टी गौंटिया के एक मकान में छापा मारकर भारी मात्रा में नकली बीड़ी, गुटखा, चाय पत्ती और तंबाकू बनाने के अवैध धंधे का भंडाफोड़ किया। छापामारी के दौरान मौके पर बीड़ी के पैकेट, गुटखा और रेपर के बंडल बरामद हुए।

मंगलवार अपराह्न करीब तीन बजे कोतवाली पुलिस को हाईवे से सटी सलेमाबाद पट्टी स्थित एक मकान में नकली बीड़ी व गुटखा, चाय की पत्ती के रैपर आदि की फैक्ट्री चलने की सूचना मिली। इस पर सीओ अमित चौरसिया के निर्देशन में कोतवाल राकेश कुमार सिंह, इंस्पेक्टर क्राइम देवेंद्र यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और अली हसन पुत्र मुलायम बख्श के मकान में छापा मारा। जहां भारी मात्रा में बीड़ी के पैकेट, बना गुटखा, विभिन्न गुटों के रेपरों के बंडल, खुली तंबाकू, चाय पत्ती समेत तमाम सामान बरामद हुआ। कई साल पहले भी नगर के मोहल्ला पचासा स्थित एक किराए के मकान में नकली बीड़ी आदि का जखीरा बरामद हुआ था। मामले में भी अली हसन के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। चर्चा है कि काफी दिनों से घर के अंदर अवैध रूप से नकली सामान बनाने की फैक्ट्री चल रही है, लेकिन बीट के सिपाही तथा अन्य पुलिसकर्मियों को इसकी भनक तक नहीं लगी।


फैक्ट्री में छापे के दौरान मौजूद पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार

- सलेमाबाद पट्टी गौंटिया गांव के मकान में चल रहा था अवैध धंधा पुलिस ने मारा छापा

## हमलावरों पर कार्रवाई की मांग

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** थाना सदर बाजार क्षेत्र के मोहल्ला मक्कू बजरिया निवासी आशीष अवस्थी ने डीएम को पत्र देकर बताया कि 14 अक्टूबर को मोहल्ले की ही एक दुकान के पास उस पर चार लोगों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया था। जैसे-तैसे जान बचाकर वह मौके से भाग आया। इसके बाद उसने एसपी को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की लेकिन उसकी कोई सुनवाई नहीं हुई। इस घटना के बाद 20 अक्टूबर को रात करीब नौ बजे दो अज्ञात लोगों ने हमला कर दिया। इससे काफी चोटें आईं।पीड़ित ने मारपीट करने वाले आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की है। डीएम ने मामले की जांच कराकर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# समिति पर खाद मिली तो खिले किसानों के चेहरे


समिति पर खाद लेने को एकत्र किसान। ● अमृत विचार

**कांट, अमृत विचार:** उर्वरक केंद्र, समितियों पर खाद को लेकर मारामारी हो रही है। वहीं सहकारी संघ कांट एवं बी पैक्स स्थित गोदाम पर 800 बोरी डीएपी के आने पर समिति के सचिव सर्वेश यादव ने खाद का वितरण किया।

मंगलवार को खाद का वितरण होने पर दोपहर से ही किसानों की लंबी-लंबी लाइनें लग गई। सहकारी समिति पर भीड़ को देखते हुए समिति पर पुलिस की व्यवस्था भी की गई, ताकि किसानों को खाद आसानी से मुहैया कराई जा सके, लेकिन इसके बाद भी आपा-धापी की स्थिति बनी रही। बीते दिनों प्रशासन की सख्ती के बाद अब सहकारी समितियों पर किसानों की खतौनी एवं आधार लाने को कहा गया है। सचिव सर्वेश यादव ने बताया कि खाद की कोई किल्लत नहीं है।

## शायर फहमी बदायूंनी को श्रद्धांजलि

**शाहजहांपुर।** इंडियन सोशल सोसाइटी की शोकसभा में शायर पुत्तन फहमी बदायूंनी के इंतकाल पर गहरा दुख व्यक्त किया गया। शोकसभा में सोसाइटी अध्यक्ष एम एजाज, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुनील कुमार, डॉ. एमए इदरीसी, डॉ. एम रहमान आदि ने शायर पुत्तन के साहित्यिक सफर प्रकाश डालते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। डॉ. सुल्ताना, डॉ. मुअज्जम, डॉ. मुमताज, मास्टर एजाज, फरहत खानम, मुनव्वर इदरीसी रहे।

## 12 बच्चों को बालश्रम से अवमुक्त कराया

**शाहजहांपुर।** चाइल्ड लाइन टीम और एएचटी ने बाल बचाव एवं पुनर्वास अभियान, किशोर श्रम उन्मुलन अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान 12 बच्चों को बाल श्रम से अवमुक्त कराया गया। टीम में विनय शर्मा, सुधीर कुमार, थाना एएचटी प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्र पाल सिंह रहे।

# मेडिकल कॉलेज में इंटरनेट फेल होने पर मैनुअल बने पर्चे


ज्ञापन देने के लिए कलेक्ट्रेट पहुंचे कांग्रेसी। ● अमृत विचार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** राजकीय मेडिकल कालेज में पर्चा काउंटर पर नेट फेल हो गया। इस दौरान मैनुअल से पर्चे बनाए गए। पर्चा काउंटर पर छह कंप्यूटर लगे है। मंगलवार की सुबह साढ़े आठ बजे नेट फेल हो गया। इस दौरान संविदा कर्मचारी करीब आधे घंटे तक नेट का इंतजार करते रहे। मरीजों ने शोर शराबा शुरु कर दिया। कर्मचारियों ने मैनुअल से पर्चा बनाए। ओपीडी के समय तक नेट चालू नहीं हुआ।

## अभियुक्त जिला बदर

**सिंधौली।** प्रभारी निरीक्षक सीपी शुक्ला ने बताया कि जिला मजिस्ट्रेट ने अभियुक्त रिजवान निवासी महानंदपुर थाना सिंधौली को तीन माह के लिए जिला बदर किया है। पुलिस ने उसके मकान पर चस्पा किया है। पुलिस ने उसे जिले की सीमा से बाहर कर दिया। उस पर पहले से विभिन्न धाराओं के दो मुकदमें है। टीम में उप निरीक्षक रघुवीर प्रसाद, संदीप कुमार, ललित कुमार थे।

# हाईटेंशन लाइन के करंट से किशोर की मौत

संवाददाता, तिलहर/ शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** निर्माणाधीन मकान पर मजदूरी करने के दौरान लोहे की सरिया अचानक हाईटेंशन लाइन से छू गई, जिससे करंट लगने पर नाबालिग मजदूर की मौत हो गई।


मृतक अमन।

तिलहर थाना क्षेत्र के गांव सहबेगपुर निवासी 16 वर्षीय अमन मजदूरी करता था। सोमवार शाम वह गांव में एक निर्माणाधीन मकान में कार्य रहा था। तभी उसने लोहे की सरिया ऊपर उठाई, जो बराबर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन से छू गयी। इससे करंट लगने पर किशोर बुरी तरह झुलस गया। परिवार वाले उसे तिलहर सरकारी अस्पताल ले गए। जहां से डॉक्टर ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। परिवार वालों ने बताया कि अमन कभी बाइक का काम सीखने चला जाता था और कभी मजदूरी कर लेता था। उसके पिता की पहले ही मृत्यु हो चुकी है।

अमन ही परिवार का पालन पोषण करता था। प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया करंट लगने से किशोर की मौत हो गयी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।


पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के परिजन। ● अमृत विचार

- निर्माण कार्य के दौरान हाईटेंशन लाइन से लोहे की सरिया छू जाने से हुआ हादसा

अमृत विचार
MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड़, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये नि:शुल्क सम्पर्क करें। | आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षों का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
60000 से अधिक आँखों के आपरेशन का अनुभव
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध
आयुष्मान कार्ड द्वारा नि:शुल्क सर्जरी की सुविधा उपलब्ध है।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
आ.सी.टी.मशीन से रेटीना एवं ग्लोकॉम की जाँच उपलब्ध
8077344353
समय प्रात: 10 से 4 बजे तक एवं सायं 6 से 8 बजे तक
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाई पास, बरेली

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
नेत्र सर्जन
TPA कैशलैस की सुविधा,
ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरूआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रात: 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ताजुश्शरिया हॉस्पिटल के सामने, जगतपुर रोड, निकट बीसलपुर चौराहा, बरेली

चरक हैल्थ केयर
चरक पैथलैब
डॉ. राकेश मिश्रा
(MD, Dip Cardiology)
हृदय, डायबिटीज, ब्लड प्रेशर एवं श्वांस रोग विशेषज्ञ
नियर चाट बाजार रोड़, 39-बी, एकता नगर, बरेली।
समय : प्रात: 9:00 am-10 am एवं सायं 3:00 pm-5:30 PM
मो. 9410200042, 9410200047

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

## आस्था के नाम पर जुटाई रकम लेकर भागे

**पीलीभीत, अमृत विचारः** अमरिया थाना क्षेत्र के ग्राम माधोपुर के प्रमोद कुमार ने सुनगढ़ी थाने में दी तहरीर में बताया कि नारायण नंद महाराज नामक व्यक्ति ने गौहनिया चौराहा के पास सेंट्रल बैंक वाली बिल्डिंग में द्वितीय तल पर अपना कार्यालय खोला था। कार्यालय में पूर्व अध्यक्ष के रूप में तुलाराम और वर्तमान अध्यक्ष पद पर नेत्रपाल वर्मा नामक व्यक्ति मिले। नेत्रपाल ने बताया कि उनकी संस्था धमार्थ कार्य करती है। गीता वितरण व आठ हजार रुपये शुल्क पर सदस्य बनाती है। सदस्यों को बैटरी, इनवर्टर, सोलर पैनल दिया जाएगा। संस्था में कार्य करने वाले को दस हजार रुपये प्रतिमाह वेतन दिया जाएगा। पीड़ित व उसके कई साथियों ने इस संस्था में नौकरी शुरू कर दी। नारायण नंद महाराज ने 13 से 17 अक्टूबर तक जहानाबाद क्षेत्र में महायज्ञ कराने की बात कही। सभी को विश्वास में लेकर आरोपी ठगी करते रहे। इसके बाद 15 अक्टूबर की दोपहर 12 बजे जहानाबाद के कल्याणपुर चक्रतीर्थ इलाके से ही आरोपी भाग गए। तब से किसी का कुछ पता नहीं है।

# धान खरीद में लापरवाही पर नपेंगे क्रेंद्र प्रभारी

## डिप्टी आरएमओ ने किया पुवायां मंडी का निरीक्षण, छोटे किसानों को वरीयता देने के निर्देश

**संवाददाता, पुवायां**

**अमृत विचारः** डिप्टी आरएमओ ने पुवायां मंडी में धान खरीद का निरीक्षण किया। वहीं आरएफसी के क्रय केन्द्रों पर मौजूद सेंटर इंचार्ज को छोटे किसानों के धान पहले तौलने के निर्देश दिए। इस दौरान कुछ किसानों ने सेंटर पर धान की तौल नहीं होने की शिकायत की। इस पर डिप्टी आरएमओ ने धान खरीद में लापरवाही करने वाले क्रय केंद्र प्रभारियों पर कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी।

जिला खाद्य विपणन अधिकारी राकेश मोहन पांडेय ने मंगलवार दोपहर पुवायां मंडी में धान खरीद का जायजा लिया। इस दौरान आरएफसी के धान क्रय केंद्र पर पहुंचे, जहां उन्होंने सेंटर इंचार्ज रंजना सिंह को निर्देश दिए कि छोटे किसानों के धान पहले तौले जाएं, जिन किसानों के 50 कुंतल धान हैं उन किसानों को धान पहले तौल कर खाली कर दिया जाए ,जो बड़े किसान है उनसे दो-तीन टुकड़ों में धान मंगाया जाए। अगर एक ही किसान का ज्यादा धान लगा रहेगा, तो छोटे किसानों का नंबर नहीं आ पाएगा।


क्रय केंद्र प्रभारी को निर्देशित करते डिप्टी आरएमओ राकेश मोहन पांडेय। ● अमृत विचार

वहीं निलंबित हुए सेंटर इंचार्ज रविकांत मिश्रा के क्रय केंद्र पर कुछ किसानों ने धान की तौल कराई थी, जिनका अंगूठा नहीं लग पाया और भुगतान फंसा हुआ था, डिप्टी आरएमओ ने दूसरे क्रय केंद्र पर अंगूठा लगवाकर किसानों का भुगतान कराने के निर्देश दिए। इस दौरान केंद्र प्रभारी अनंतव्रत पांडे ,आकांक्षा सक्सेना समेत सभी प्रभारी मौजूद रहे। आरएफसी के अलावा अन्य एजेंसी पर खरीद न होने की डिप्टी आरएमओ से शिकायत की। पुवाया मंडी में धान खरीद का निरीक्षण करने के दौरान डिप्टी आरएमओ ने किसानों से बातचीत की।

इस दौरान आरएफसी के क्रय केन्द्रों पर किसानों का धान भारी मात्रा में लगा हुआ है, क्रय केंद्र पर मौजूद किसानों ने कहा कि इन सेंटरों के अलावा कहीं धान की तौल नहीं हो रही है। मंडी में कुछ सेंटर इंचार्ज ने अपने क्रय केंद्र के आगे थोड़ा धान फैला रखा है और किसानों से कह देते हैं कि जब इस धान की तौल हो जाएगी, तब अपना धान लेकर आना और उनके केंद्र पर धान डालने की जगह ही नहीं है, वही सहकारी समिति के सचिव मिल एलॉट न होने के बात कहकर किसानों को टरका देते हैं।

इस बात पर डिप्टी आरएमओ ने कहा कि सभी सेंटरों के मिल एलॉट हो चुके हैं, जो धान खरीद में लापरवाही करेंगे उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

> पुवायां मंडी में निरीक्षण के दौरान कुछ किसानों की शिकायतें थीं कि उनके धान खरीद में सेंटर प्रभारी बहानेबाजी करके धान की तौल नहीं कर रहे हैं, इस पर केंद्र प्रभारियों को धान खरीद के निर्देश दिए गए हैं और खासकर छोटे किसानों का विशेष ध्यान रखने को कहा गया है। धान खरीद में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
> **– राकेश मोहन पांडेय, डिप्टी आरएमओ**

## उपाधि में संगोष्ठी आज, विशेषज्ञ करेंगे प्रतिभाग

**पीलीभीत, अमृत विचार :** उपाधि महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग के द्वारा पहली बार अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। ये संगोष्ठी 24 और 25 अक्टूबर को शहर के अग्रवाल सभा भवन में आयोजित की जाएगी। इसको लेकर महाविद्यालय की ओर से तैयारियां पूरी कर ली गई है।बच्चों एवं विद्यार्थियों के विकास में निवेश सतत आर्थिक विकास की नींव पर देश एवं विदेश से आने वाले प्रतिभागी एवं रिसर्च स्कॉलर अपना रिसर्च पेपर प्रस्तुत करेंगें। प्राचार्य डा.. दुष्यंत कुमार ने बताया कि संगोष्ठी का विषय अत्यन्त ही सम सामयिक है। निश्चित ही यह अपने उद्देश्य में सफल होगी। इस संगोष्ठी में वाणिज्य विभाग के निर्देशन में शोध कर चुके छात्र/छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। वाणिज्य विभाग से शिक्षा ग्रहण कर चुके चार्टड एकाउटेंट, कंपनी सचिव को भी सम्मानित किया जाएगा। सचिव डॉ. अमित कुमार ने बताया कि अभी तक बाहर से करीब 100 अतिथि और प्रतिभागियों की स्वीकृति मिल चुकी है।

## नौ कुंडीय यज्ञ में गायत्री परिवार के सदस्यों ने आहुतियां दीं


निगोही में नौ कुंडीय यज्ञ में आहुतियां देते गायत्री परिजन। ● अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

- निगोही में नौ कुंडीय महायज्ञ प्रवचन एवं संगीत कार्यक्रम का दूसरा दिन

**अमृत विचारः** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में निगोही में शुरू हुए नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ, प्रवचन एवं संगीत कार्यक्रम दूसरे दिन भी जारी रहा। इस दौरान नौ कुंडीय यज्ञ में सैकड़ों लोगों ने परिवार के साथ सहभागिता करते हुए परिवार और विश्व कल्याण के लिए आहुतियां दीं।

इस अवसर पर टोली नायक माया प्रकाश ने देव पूजन के साथ यज्ञ के ज्ञान-विज्ञान के बारे में जानकारी दी। उन्होंने युग ऋषि के विचार क्रांति अभियान से जुड़ने का भी आह्वान किया। कहाः अच्छे विचार ही जीवन की दिशा और दशा बदल सकते है, इसलिए सभी स्वाध्याय से जुड़े रहें। गायक अंबरीष ने साथी अंकित, हरिराम आदि के साथ प्रेरक गीत सुनाकर सभी को आनंदित किया। अनुष्ठान में युवा प्रकोष्ठ के दिलीप, अनुकेश, आयोजक मंडल के विजय शर्मा, रमाकांत शर्मा, जगदीश, रामसरन शर्मा, राजेश, दिलीप, सूरजपाल आदि का सहयोग रहा।

# सांवरे को दिल में बसा के तो देखो ...


सिटी पार्क में प्रभात फेरी के समापन पर भजनों पर थिरकते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

- सिटी पार्क में कार्तिक मास की प्रभात फेरी का स्वागत
- भजनों पर महिलाओं और पुरुषों ने जमकर किया नृत्य

**अमृत विचारः** कृष्णानगर के श्री कृष्णा मंदिर से निकाली जाने वाली कार्तिक मास की प्रभात फेरी का छठे दिन सिटी पार्क में जोरदार स्वागत किया गया।

छठे दिवस के यजमान विशाल ग्रोवर ने परिजनों के साथ लड्डु गोपाल और राधा रानी का अपने आवास पर पुष्पवर्षा से स्वागत किया। इस अवसर पर भजन कार्यक्रम भी हुआ। मंदिर के कार्यवाहक प्रधान हरीश बजाज ने गणेश जी की स्तुति से भजन कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इसके पश्चात रविंद्र मिश्रा ने मेरे कीर्तन में पधारो घनश्याम, रंगीले मोहन सांवरिया, शिवांश गुप्ता ने सांवरे सांवरिया की प्यारी बन जाऊंगी, गौरव अरोड़ा ने मुझको राधा रमण, कर दो ऐसा मगन, अंकित सचदेवा ने मेरे राधा बल्लभ लाल आजाओ, नवीन सचदेवा ने सांवरे को दिल में बसा के तो देखो आदि भजन सुनाकर भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इसी कड़ी में देवेंद्र खुराना, अनिल कक्कड़ ने भी भजन सुनाए। भजनों पर भक्तों ने मस्त होकर खूब नृत्य किया। आरती के बाद सभी ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर कमेटी की ओर से प्रधान सुशील नारंग, डॉ. हरीश सचदेवा और अजय सक्सेना ने विशाल ग्रोवर के परिवार को आशीर्वाद स्वरूप भेंट प्रदान की।

## घर में घुसकर युवक को पीटा बाइक तोड़ी

**गजरौला, अमृत विचारः** पुरानी रंजिश में एक युवक की घर में घुसकर पिटाई कर दी गई। आरोप है कि बाइक भी क्षतिग्रस्त कर दी गई। पुलिस ने आरोपियों पर नामजद रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना क्षेत्र ग्राम दियोरा के लालमन वर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बुधवार सुबह आठ बजे वह अपने घर के बाहर खड़े हुए थे। पुरानी रंजिश में राकेश, हरिशंकर और सुम्मेर लाल आकर गाली गलौज करने लगे। आस पड़ोस के लोगों के समझाने पर वह अपने घर के भीतर आ गए। उसी दिन शाम सात बजे कचहरी से काम निपटाकर अपने घर वापस आ रहे थे। तभी आरोपियों ने घेरकर पिटाई कर दी। जान से मारने की नियत से गला दबाया। किसी तरह बचकर घर आ गए। इसके बाद आरोपियों ने घर में घुसकर मारपीट की। बाइक भी क्षतिग्रस्त कर दी गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# शमा जैदी व रामजी कार्यकारिणी सदस्य बने



नए पदाधिकारियों का स्वागत करते संरक्षक अनिल गुप्ता व शाहनवाज खां। ● अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

- सहयोग संस्था का विस्तार निखिल महेंद्रु महासचिव और शालू यादव सचिव बनाए गए

**अमृत विचारः** सहयोग संस्था की कोर कमेटी की बैठक कच्चा कटरा स्थित होटल में हुई। इसमें संस्था की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। शमा ज़ैदी, रामजी गुप्ता, सैयद अनवर मियां, डॉ. नागेंद्र सिंह को कार्यकारिणी सदस्य और रूपा पांडे, अमरजीत कौर बावा, मोहम्मद नाजिम, रचना सिंह, सुमन गुप्ता को सक्रिय सदस्य बनाया गया है।

निखिल महेंद्रु के संस्था के प्रति लगाव और लगन को देखते हुए उन्हें महासचिव के पद पर पदोन्नत किया गया है। उन्होंने ओसीएफ रामलीला मेले में फर्स्ट एड शिविर का आयोजन कराया और उसकी व्यवस्था को 16 दिन तक देखते रहे। वहीं, शालू यादव को सचिव बनाया गया है। तराना जमाल और नीरज सक्सेना को सहयोग संस्था के द्वारा फर्स्ट शिविर लगाए जाने पर उनके द्वारा प्रभारी के तौर पर योगदान दिए जाने पर सम्मानित किया गया।

संरक्षक अनिल गुप्ता प्रधान और एडवोकेट शाहनवाज खां ने बताया कि सहयोग संस्था जिस तरीके से पूरी मेहनत और लगन के साथ समाज सेवा के कार्यों में लगी हुई है, उससे प्रेरित होकर और भी कई समाजसेवी इस संस्था से जुड़कर जनहित के कार्य करना चाहते हैं। अनिल गुप्ता और शाहनवाज खां ने कहा कि इन समाजसेवियों के इस संस्था से जुड़ने से संस्था के कार्यों को और भी गति व मजबूती मिलेगी।

बैठक में अध्यक्ष नेहा यादव सक्सेना, सोमेश यादव, नुजहत अंजुम, शिवम वर्मा, डॉक्टर पुनीत मनीषी, रजनी गुप्ता, महेंद्र दुबे, विकास सक्सेना, राजविंदर सिंह राजा, शफिकुद्दीन अंसारी, जितेंद्र सिंह एडवोकेट, हरजीत सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

## तीन पर खुदकुशी को विवश करने की रिपोर्ट

**दियोरियाकलां, अमृत विचारः** लापता होने के तीन दिन बाद संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव खेत पर पड़ा मिला था। इस मामले में अब कानूनी कार्रवाई की गई है। मृतक के परिजन से मिली तहरीर पर उसकी पत्नी, साले समेत तीन के खिलाफ खुदकुशी को विवश करने की रिपोर्ट दर्ज की गई है। बता दें कि कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जमुनिया महुआ के ज्वाला प्रसाद के 25 वर्षीय पुत्र राजवीर की शादी जनपद बरेली के थाना भुता क्षेत्र के ग्राम खरदहा निवासी रेशमा देवी पुत्री पूरनलाल से डेढ़ साल पहले हुई थी। उसके एक पुत्री है। कुछ समय बाद ही दंपति के बीच अनबन हो गई। रेशमा अपनी पुत्री के साथ मायके चली गई। इसके बाद से ही विवाद चल रहा था। 16 अक्टूबर को राजवीर घर से निकला और लापता हो गया था। 17 अक्टूबर को उसकी गुमशुदगी कोतवाली में दर्ज कराई गई थी। फिर 19 अक्टूबर को राजवीर का शव जमुनिया गांव के बाहर की तरफ कनपरा माइनर के पास देवेंद्र कुमार के धान के खेत में पड़ा मिला था। पुलिस ने शव का परिजन के सुपुर्द कर दिया था।

# मवैया में खुली बैठक में हुआ कोटेदार का चयन


कोटेदार के चयन को आयोजित बैठक में मौजूद ग्रामीण। ● अमृत विचार

**खुदागंज, अमृत विचार :** गांव में खुली बैठक कर लंबे समय से रिक्त चल रही उचित दर विक्रेता की दुकान के लिए नए कोटेदार का चयन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

विकास क्षेत्र खुदागंज के गांव में मवैया में लंबे समय से उचित दर विक्रेता की दुकान रिक्त चल रही थी, जिसके चुनाव के लिए 22 अक्टूबर की तिथि निर्धारित की गई थी। चुनाव अधिकारी सहायक विकास अधिकारी पंचायत पवन कुमार ने गांव पहुंचकर ग्रामीणों की खुली बैठक बुलाई और चुनाव हेतु आवेदन मांगे। जहां गांव की लज्जावती पत्नी राजवीर व स्वयं सहायता समूह की संचालक पूनम देवी पत्नी धर्मेंद्र कुमार ने अपना आवेदन प्रस्तुत किया। दोनों लोगों के मतों की गणना में लज्जावती को 144 और पूनम देवी को 235 मत प्राप्त हुए। चुनाव अधिकारी ने सरिता स्वयं सहायता समूह की संचालक पूनम देवी को कोटेदार घोषित किया।

## कब्रिस्तान की जमीन की जोताई करने का आरोप

**बिलसंडा, अमृत विचारः** क्षेत्र के ग्राम आजमपुर बरखेड़ा की मीना बेगम पत्नी मुन्ने अहमद ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। जिसमें बताया कि मौजूदा वक्त में एक ही मुस्लिम परिवार गांव में है। गाटा संख्या 440,442 और 445 सुरक्षित श्रेणी की भूमि है जोकि कब्रिस्तान में दर्ज है। इस कब्रिस्तान में उसके पूर्वज दफन है। आरोप है कि ग्राम पंचायत के एक जिम्मेदार ने जबरन कब्रिस्तान को ट्रैक्टर ले जाकर रोटावेटर से जोत दिया। जब पीड़िता ने विरोध किया तो उसे गाली गलौज व जान से मारने की धमकी दी। एसडीएम बीसलपुर और डायल 112 में शिकायत करने पर पुलिस पहुंची और जोताई करने से रुकवाया दिया। इसके बाद कब्रिस्तान में सार्वजनिक स्थल एवं पार्क लिखा हुआ बोर्ड लगा दिया । अब उसे परेशान किया जा रहा है।

# शहीद की मजार पर की चादरपोशी

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

- अशफाक उल्ला खां के जन्मदिन पर कार्यक्रम आयोजित

**अमृत विचारः** शहीद अशफाक उल्ला खां के जन्मदिन पर मंगलवार को उनके पौत्र आफाक उल्ला खां की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने शहीद अशफाक उल्ला खां की मजार पर पहुंच कर चादरपोशी की।

जिलाधिकारी ने शहीदे वतन अशफाक उल्ला खां को याद करते हुए कहा कि अशफाक उल्ला खां का जन्म 22 अक्टूबर 1900 को हुआ था। हम जिस आजाद देश में खुली सांस ले रहे हैं, उसमें शहीद अशफाक उल्ला खां का एक अहम किरदार है। पौत्र अशफाक उल्ला खां ने अपने बाबा शहीदे वतन अशफाक उल्ला खां को याद करते हुए कहा कि काकोरी रेलवे स्टेशन पर हमारे बाबा अशफाक उल्ला खां व राम प्रसाद बिस्मिल,रोशन सिंह जैसे जांबाज नौजवानों ने अंग्रेजी सरकार का खजाना लूट कर अंग्रेज हुकुमत को हिला कर रख दिया था। इस घटना के पश्चात अंग्रेज हुकुमत ने इन सभी शहीदों को अलग अलग जेलों में फंदे पर लटका दिया। हम इन महान सपूतो को नमन करते हैं। जिलाधिकारी शहीदे वतन अशफाक उल्ला खां की मजार पर कार्यक्रम पश्चात उनके आवास पर गए और परिवार के लोगों के साथ बातचीत की। कार्यक्रम में मुजीब उर रहमान खां, आफाक हुसैन खां, मौजूद खां, भानू प्रकाश, मुकेश राठौर, जितेन्द्र वर्मा पार्षद, महबूब हुसैन इदरीसी, महबूब उल्ला खां, असगर, पवन सिंह, सईद अंसारी आदि मौजूद रहे।


शहीद अशफाक उल्ला खां की मजार पर चादरपोशी करते डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह।

# दिल्ली के बाबर ने शैतान पहलवान को किया चित


दंगल में भिड़ते बाबार और शैतान पहलवान। ● अमृत विचार

**संवाददाता, अमरिया**

**अमृत विचारः** श्री राम लीला मेले में चल रहे दंगल में मंगलवार को कुश्ती का आयोजन किया गया। पहली कुश्ती में दिल्ली जामा मस्जिद के बाबर पहलवान ने झांसी के शैतान पहलवान को हराया। दूसरी कुश्ती गोरखपुर के मुन्ना पहलवान और अजमेर के बाबा अजमेरी पहलवान के बीच हुई। दो मिनट तक चली कुश्ती में अजमेरी पहलवान ने जीत दर्ज की।

तीसरा मुकाबला नेपाल के थापा पहलवान व कोल्हापुर के नकाब पहलवान के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ। जिसमें थापा पहलवान ने नकाब पहलवान को चित किया। इस मौके पर मेला अध्यक्ष चंद्र प्रकाश गुप्ता, सुरेश कुमार गुप्ता, श्याम बिहारी गौतम, लेखराज भारती, शिव शंकर लाल मौर्या, रोहित कुमार गुप्ता, मुंशीलाल सागर आदि मौजूद रहे। उधर, रामलीला मंचन में फूल बगिया, धनुष यज्ञ आदि लीला का मंचन किया गया। इसमें दिखाया कि राजा जनक के पास भगवान शिव का दिव्य धनुष था। वह मंच में बने महल की आकृति में एक जगह स्थापित किया गया था। उसे कोई नहीं हिला सकता था। एक दिन अपने घर में जमीन पर गोबर का लेप लगाने के दौरान जनक नंदिनी सीता ने धनुष को उस स्थान से हटाकर दूसरे स्थान पर रख दिया और वह अपना कार्य करने लगीं। सीता के इस कृत्य को देखकर महाराजा जनक को बहुत ही आश्चर्य हुआ। तब उन्होंने सोचा कि इस पुत्री में कोई अलौकिक शक्ति है। राजा जनक ने निश्चय किया कि सीता का विवाह ऐसे पराक्रमी से किया जाएगा,तभी जनकपुर में सीता के स्वयंवर का आयोजन किया जाता है । दूरदराज से पराक्रमी राजा धनुष यज्ञ में शामिल होते हैं। विश्वामित्र के साथ राम लक्ष्मण भी स्वयंवर में पहुंचे। कई राजाओं ने स्वयंवर में धनुष उठाने का प्रयास किया, लेकिन कोई धनुष को हिला तक नहीं सका। राजा रावण भी धनुष यज्ञ में शामिल हुआ। वह सीता को स्वयंवर में प्राप्त नहीं कर सका। तब उसने कहा कि हे सीते एक दिन तुम्हे लंका जरूर ले जाउंगा। जब कोइ धनुष नहीं उठा सका तो राजा जनक चिंतित हो उठे। अंत में गुरु की आज्ञा पाकर भगवान राम ने धनुष को भंग कर दिया। धनुष टूटने के बाद सीता प्रभु श्रीराम के गले में वर माला डालती हैं। इस लीला को देख उपस्थित दर्शक भाव विभोर हो उठे।

# पौराणिक इलाबांस देवल मंदिर को संरक्षण में लेगा पुरातत्व विभाग

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**

## शासन ने जारी की प्रथम अधिसूचना, जनवरी में की गई थी संरक्षण में लिए जाने की संस्तुति

- बीसलपुर का प्राचीन इलाबांस देवल मंदिर है प्रमुख आस्था का केंद्र
- शिलालेख के मुताबिक विक्रमी संवत् 1049 में हुआ देवस्थल निर्माण

**अमृत विचारः** बीसलपुर तहसील में स्थित पौराणिक इलाबांस देवल मंदिर को पुरातत्व विभाग अपने संरक्षण में लेगा। शासन ने इसको लेकर प्रथम अधिसूचना जारी कर दी है। जारी अधिसूचना में आपत्तियों के लिए एक माह का समय दिया गया है। यदि सब कुछ ठीक ठाक रहा तो जिले की यह प्राचीन धरोहर संरक्षित स्मारक के रूप में घोषित की जाएगी।

जनपद में तमाम ऐसी प्राचीन धरोहरें हैं जिनकी बदौलत जनपद की पहचान पूरे देश में हैं। इन्हीं में से एक तहसील बीसलपुर में दियूरिया जंगल के समीप स्थित प्राचीन इलाबांस देवल मंदिर है। यह देवस्थल जनपदवासी ही नहीं बल्कि आसपास के जनपदवासियों के लिए भी प्रमुख आस्था का केंद्र है। इस देव स्थल पर मुख्य मंदिर समेत तीन मंदिर हैं। प्रमुख मंदिर में वन देवी की प्राचीन प्रतिमा स्थापित है, जबकि दो अन्य अन्य मंदिरों में प्राचीन मूर्तियों के अलावा शिलाएं मौजूद हैं। बताते हैं कि देवस्थल की प्रतिमाएं दसवीं शताब्दी के दौरान स्थापित की गई थीं। मुख्य मंदिर पर लगी शिलालेख के मुताबिक इस पौराणिक देवस्थल का निर्माण विक्रमी संवत् 1049 में कराया गया था। लोध राजपूत समाज के लोग इन्हें अपनी ईष्ट देवी/कुल देवी मानते हैं। यहां वर्ष में एक बार विशाल मेले का भी आयोजन किया जाता है।


बीसलपुर स्थित प्राचीन इलाबांस देवल मंदिर। ● अमृत विचार


मंदिर परिसर में मौजूद प्राचीन प्रतिमाएं। ● अमृत विचार

### पुरातत्व विभाग दो बार कर चुका था स्थलीय निरीक्षण

इस पौराणिक धरोहर के संरक्षण को लेकर शहर के युवा अधिवक्ता शिवम कश्यप ने बीड़ा उठाया। अप्रैल 2018 में उनके प्रयास के चलते पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के आगरा सर्किल की टीम ने मंदिर परिसर का स्थलीय निरीक्षण किया था। हालांकि इसके बाद मामला ठंडे बस्ते में चला गया था। इसके बाद अगस्त 2022 में पुरातत्व विभाग लखनऊ सर्किल की टीम ने प्राचीन मंदिर का स्थलीय निरीक्षण किया। तमाम सर्वे एवं औपचारिकताओं के बाद जनवरी में राज्य पुरातत्व परामर्शदात्री समिति ने इलाबांस देवल मंदिर को संरक्षण में लिए जाने की संस्तुति दे दी थी। इधर अब संस्कृति विभाग के विशेष सचिव रविंद्र कुमार ने प्रथम अधिसूचना जारी कर दी है। अधिसूचना के स्मारक पर चस्पा होने की तिथि से एक माह के भीतर आपत्तियां मांगी गई है।



> इलाबांस देवल मंदिर को संरक्षण को लेकर वर्ष 2018 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा था। वर्ष 2018 एवं 2022 में टीमों द्वारा सर्वे किया गया था। केंद्रीय संस्कृति मंत्री अर्जुन राम मेघवाल के जनपद प्रवास के दौरान भी मैंने उन्हें पूरे प्रकरण से अवगत कराया था। तमाम प्रयासों के बाद अब शासन ने पौराणिक इलाबांस देवल मंदिर को संरक्षित स्मारक के रूप में घोषित करने को अधिसूचना जारी की है। इससे प्राचीन देवस्थल का बेहतर ढंग से रख-रखाव हो सकेगा। **– शिवम कश्यप,** समाजसेवी।

सही परामर्श सही इलाज



डा. कक्कड़ (बी.एच.एम.एस.)

09897052236

नासमझी या जानबूझ कर की गई गलतियों का पता तब लगता है जब आप अपने अन्दर कुछ कमी सी महसूस करते हैं मेरे नौजवान दोस्तों-यदि आप किसी कारणवश आप बुरी आदतों, स्त्री-पुरुष रोग, पेशाब में जलन, उत्साह, आनन्द, जोश की कमी, सिर में चक्कर आना, मर्दाना कमजोरी, शुक्राणु की कमी एव सन्तान न होने के कारण अपने जीवन की सच्ची खुशियों से वंचित है तो अच्छे इलाज के लिए यहाँ से चिकित्सा लें।

यदि आप
- मर्दाना कमजोरी
- शुक्राणु की कमी
- शीघ्रपतन

का अच्छा इलाज करवाना चाहते हैं तो यहाँ से चिकित्सा लें

- जगह-जगह इलाज करवाकर बिगड़े हुए मरीज, लखनऊ, दिल्ली जाने से पहले परामर्श लें।
- क्वालीफाईड अनुभवी चिकित्सक से मिलकर लाभ प्राप्त करें।

डा.आर.पी. कक्कड़

110-सी, मॉडल टाउन, निकट बड़ा गुरूद्वारा, (इन्द्रापार्क के पास) बरेली

09897052236

www.drrpkakkarclinic.com

मिलने का समय प्रातः 10 से 5 बजे तक



भगन्दर, बवासीर

सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड Complex Fistula (जटिल भगन्दर) पाइल्स तथा एनल फिसर एवं Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा पूर्ण सफल चिकित्सा

सुश्रुत क्लीनिक

क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग [COLO-RECTAL-CENTER]

28.बी, एकता नगर स्टेडियम रोड, बरेली

9897030475

9411221895

7060162071



डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)

B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी (I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी

गुरू /प्रोफेसर - राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ आयुष मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली

भू,पू, वरिष्ठ लेक्चरार एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली

Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine

45 वर्षों का कुशल अनुभव



डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)

B.A.M.S., M.S सर्जरी

क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ

बाल गुदा रोग विशेषज्ञ व समस्त गुदा रोग भगन्दर, बवासीर, ऐनल फिसर रेक्टल पालिप, पाइलोनिडल साइनस, कोलाइटिस

गुदा रोगों के लक्षण

मलद्वार से खून मवाद आना गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना

समय

प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक

सायं 7:00 से 8:00 बजे तक

रविवार

प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक

सायंकाल अवकाश



अम्बा हैल्थ क्लीनिक



डॉ.आर.एस. सिंह

B.A.M.S.(आयुर्वेदाचार्य)

स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ

25 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त

ISO.9001:2015 Certify Treadmark Clinic

पतले-दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री-पुरुष मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए परामर्श लें।



चिकित्सा जानकारी

● भूख न लगना ● अपच ● कब्ज ● गैस बनना ● खाने के बाद शौचालय जाना ● बच्चों का शारीरिक विकास न होना ● पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना ● बच्चों का बिस्तर गीला करना ● मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना ● कील- मुंहासे ● झाइयां ● सफेद दागो व सावलापन हटाना ● सुन्दर दिखाना ● बालों का समय से पहले झड़ना ● टूटना ● सफेद होना एवं गंजापन होना ● खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।

किसी भी प्रकार का नशा जैसे

शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा, बीड़ी सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।

स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं

- स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना-कमजोरी होना
- हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
- इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
- वीर्य में शुक्राणु का कम होना
- ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
- यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
- मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना।



नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनानें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनाने हेतु जानकारी प्राप्त करें

Sexually Transmitted Bacterial Disease

सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें

गलत फिल्में दखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।

डॉ. साहब आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारन्टी नहीं दे सकते।

मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक

दिनांक :- 13 अक्टूबर 2024, रविवार 27 अक्टूबर 2024, रविवार

निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली

9837069463

7599211076


# आतिशबाजी लाइसेंस के लिए पूरे करने होंगे मानक

## आतिशबाजी बिक्री करने को लाइसेंस के लिए लोग कर रहे आवेदन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- आवेदन करने के लिए कलेक्ट्रेट में जुट रही भीड़, मानक न होने पर वापस किए जा रहे।

**अमृत विचारः** दीपावली को लेकर शहर में तैयारियां चल रही हैं। बाजार में आतिशबाजी बेचने के लिए भी लोग तैयारियां कर रहे हैं। पटाखों की बिक्री के लिए अस्थाई लाइसेंस लेने को कलेक्ट्रेट में लोग पहुंचने शुरु हो गये हैं। नियमों का पालन कराने में इस बार प्रशासन नरमी बरतने के मूड में नहीं है। पिछले साल 71 अस्थाई लाइसेंस जारी किये गये थे।

शहर में दातागंज चुंगी के पास हर प्रसाद पटेल मैदान में दीपावली पर आतिशबाजी की बिक्री के लिए बाजार लगता आ रहा है। आतिशबाजी बिक्री के लिए लाइसेंस प्राप्त करने को लोग सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय में आवेदन करने पहुंच रहे है। करीब 50 से अधिक लोगों ने अब तक आवेदन किया है। डीएम निधि श्रीवास्तव ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जो दुकानदार नियमों का पालन करेगा उसे ही आतिशबाजी के लिए अस्थाई लाइसेंस जारी किया जाएगा। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राम राजा यादव ने बताया कि शहर में हर प्रसाद मैदान में आतिशबाजी बिक्री के लिए बाजार लगेगा। मैदान पर टिन शेड के नीचे ही दुकानों को लगाया जाएगा। दो दुकानों के बीच करीब छह फीट की दूरी रहेगी। विक्रय स्थल पर दुकानें आमने-सामने नहीं होंगी। विक्रय स्थल पर आपातकालीन रास्ता रखा जाएगा। दुकानों पर अग्निशमन और पुलिस विभाग के नंबर लिखना जरूरी होगा। शाम और रात के समय बिजली की पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए। दुकानों में अग्निशमन यंत्र, बाल्टी, ड्रम पानी से भरे होने चाहिए। दुकानों में तैनात सेल्समैन और कर्मचारियों को अग्निशमन यंत्र व बचाव का प्रशिक्षण होना चाहिए।

### एनओसी के लिए चक्कर काट रहे लोग

आतिशबाजी बिक्री के लिए अग्निशमन विभाग से एनओसी की आवश्यकता होती है। इसके लिए दुकानदार नवादा स्थित अग्निशमन विभाग के पास एनओसी ( अनापत्ति प्रमाण पत्र ) के लिए दुकानदारों ने चक्कर काटने शुरू कर दिए हैं।

## नामावली में विवरण चेक कर सकेंगे 9 वीं व 11वीं के विद्यार्थी

**बदायूं, अमृत विचार :** यूपी बोर्ड द्वारा इस बार कई बदलाव किए हैं। आवेदन का पारदर्शी बनाने के लिए आवेदनों में त्रुटि सही कराने के लिए विद्यार्थियों को मौका दिया है। कक्षा नौ और ग्यारहवीं के छात्रों के नामांकन का विवरण माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा ऑनलाइन अपलोड कर दिया है। छात्र आनलाइन नामावली में त्रुटियों को दूर करा सकेंगे। जिले में 304 माध्यमिक स्कूल संचालित हैं। इनमें नौवीं और ग्यारहवीं के करीब 60 हजार से अधिक बच्चों के द्वारा नामांकन कराया गया है। उनके द्वारा कराए गए नामांकन में में छात्र, छात्रा का नाम उनके माता पिता तथा अन्य शैक्षिक त्रुटि रह जाती है। विद्यार्थियों के द्वारा किए गए नामांकन में हुई त्रुटियों को अब तक स्कूलों के प्रधानाचार्य के द्वारा ठीक जाती थी। परंतु माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा भेजी गई नामावली में इस बार विद्यार्थी स्वयं जांच कर त्रुटियों को ठीक करा सकेंगे। माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा पंजीकरण की नामावली वेबसाइट पर अपलोड करा दी गई है। नामावली में कोई त्रुटि होने पर विद्यार्थी प्रधानाचार्य के माध्यम से ठीक कराएगें। डॉ प्रवेश कुमार ने बताया कि नामावली वेबसाइट पर त्रुटियों को विद्यार्थी स्वयं ठीक करा सकेंगे।

## सिविल बार एसोसिएशन के सचिव अरविंद पाराशरी ने दिया इस्तीफा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- एल्डर कमेटी को सौपा त्यागपत्र जिला सिविल बार एसोसिएशन का चुनाव कराने की मांग



अरविंद पाराशरी, सचिव

**अमृत विचारः** यूपी सिविल बार एसोसिएशन में लंबे समय से सचिव रहे अरविंद पाराशरी ने मंगलवार को सचिव पद के साथ ही सदस्यता से भी इस्तीफा देकर सभी को चौका दिया है। उन्होंने एल्डर कमेटी को पत्र लिखकर अपने इस्तीफे को स्वीकार करके सिविल बार एसोसिएशन के चुनाव को कहा। वरिष्ठ अधिवक्ता अरविंद पाराशरी ने बताया कि उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान सिविल बार एसोसिएशन के भवन और कक्ष का उच्चीकरण करवाया। इसके अलावा भी तमाम कार्य करवाएं। दातागंज में सिविल जज जूनियर डिवीजन को पांच लाख रुपए तक के मुकदमे सुनने का अधिकार था लेकिन उन्होंने जिला जज पंकज कुमार अग्रवाल से बात करके केवल एक लाख रुपए तक की पत्रावलियां जाने देने की मांग पूरी कराई। सभी ने उनके कार्य की प्रशंसा की है।

एल्डर कमेटी के सदस्य अनवर आलम ने कहा कि अरविंद पराशरी का त्याग पत्र मिला है। जल्द ही बार एसोसिएशन की सभा बुलाई जाएगी। उनके अचानक त्यागपत्र देने से सभी अचंभित हैं।

### कुंवरगांव में कराया गया मच्छर नाशक दवा का छिड़काव

**कुंवरगांव, अमृत विचार :** मंगलवार को नगर पंचायत चेयरमैन ज्योति रानी ने मच्छर नाशक दवा का छिड़काव कराया। गंदगी के कारण पनप रहे मच्छरों को मारने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। लोगों को संक्रामक रोग न पकड़ सकें। चेयरमैन ने मंगलवार शाम को घरों में फॉगिंग कराई। नालियों में मच्छर नाशक दवा का छिड़काव कराया। संक्रामक बीमारियों को रोकने को एंटी लारवा का छिड़काव किया गया।

### मलेरिया के 21 और डेंगू के निकले दो मरीज

**बदायूं, अमृत विचार :** बैक्टीरिया जनित रोगों के उपचार हेतु मलेरिया विभाग ने जिले के पन्द्रह गांवों में कैंप लगाए जिससे बुखार पीड़ितों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण में 21 मरीज मलेरिया पीवी के निकले जबकि दो मरीज डेंगू के सामने आए। स्वास्थ्य टीम ने सभी मरीजों को गांवों में ही दवा दी। जबकि डेंगू के मरीजों को दवा खाने के एक सप्ताह के बाद फिर से ब्लड की जांच कराने को कहा गया।

## सील गोदाम के खुले ताले, एक्सपायरी डेट की नमकीन से निकाल रहे तेल

संवाददाता, ओरछी

- क्षेत्र में तेल की खुलेआम हो रही बिक्री, सील गोदाम के पास गंदगी से उठ रही दुर्गंध
- नामचीन कंपनियों से मिट्टी के भाव खरीद कर ला रहे एक्सपायरी डेट की नमकीन

**अमृत विचारः** एक्सपायर डेट की नमकीन से तेल निकालने का धंधा जोरों पर चल रहा है। जिस गोदाम को एसडीएम ने सील कर दिया है। अब उसके ताले खुल गए हैं। जहां चोरी छुपे एक्सपायरी डेट की नमकीन से तेल निकालने का काम चल रहा है। जिसकी वजह से गोदाम के आस पास गंदगी बिखरी पड़ी है। भीषण दुर्गंध उठ रही है। आरोप है कि नमकीन से निकलने वाले तेल की बिक्री क्षेत्र में हो रही है। जो लोगों की सेहत के लिए हानिकारक साबित हो सकती है।

थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के कस्बा ओरछी चौराहे पर एक्सपायर नमकीन से तेल निकालकर दुकानदारों को बेचा जा रहा है। नमकीन से तेल निकालने वाले लोग दिल्ली, गाजियाबाद, नोएडा आदि स्थित बड़ी कंपनियों से एक्सपायर नमकीन को मिटटी के दाम पर खरीद कर ला रहे हैं। जिससे तेल निकाला जा रहा है। जिस गोदाम में सड़ी हुई नमकीन से तेल निकालने का काम हो रहा है उसे दो साल पूर्व तत्कालीन एसडीएम ज्योति शर्मा ने सील कर दिया था।

अब उस गोदाम के ताले फिर से खुल गए हैं। लोग एक्सपायर नमकीन से तेल निकालकर उसकी पैकिंग कर बेच रहे हैं। नमकीन से निकाला गया तेल ड्रमों में भरकर रात के अंधेरे में दुकानदारों के साथ संभल, रामपुर, मुरादाबाद सहित अन्य जनपदों में सप्लाई किया जा रहा है। साथ ही तेल निकालने के बाद उससे बनने वाली खल को पशुपालकों के लिए बिक्री किया जा रहा है। लाइसेंस भी पशु आहार का लिया गया है।



नमकीन से मशीन द्वारा निकलता तेल।

### एसडीएम ने सील किया था गोदाम

वर्ष 2022 अक्टूबर माह के दौरान तत्कालीन एसडीएम ज्योति शर्मा ने ओरछी चौराहे पर टीम के साथ पहुंचकर इन अवैध कारोबारी के गोदाम पर छापा मारा था। वहां पर पहुंचने पर वह गली-सड़ी चीज व तेल अन्य खाद्य पदार्थ देखकर भड़क उठी थी। इसके बाद उन्होंने गोदाम को सील कर दिया था। अब फिर से इस गोदाम से यह धंधा शुरू हो गया है।

### पशु आहार का लाइसेंस बनवाकर उठते हैं पूरा फायदा

ओरछी चौराहे इन कारोबारियों का अड्डा बन चुका है। यहां पर फैल रही बदबू की वजह से लोगों का बुरा हाल है। इन लोगों के पास पशुओं चारा बनाने का लाइसेंस है। जिसकी आड में एक्सपायर नमकीन से तेल निकालकर बाजार में बिक्री किया जा रहा है। गोदाम संचालक मो. आरिफ बताते हैं कि इस तेल का खाने में प्रयोग नहीं किया जाता है। यहां पर निकला तेल बरेली के मीरगंज में बायोडीजल बनाने वाली कंपनी में भेजा जाता है। दो साल पहले सील गोदाम के बाद फूड इंस्पेक्टर, सहित कई अफसरों ने दौरा किया था और कागज देखने के बाद गोदाम की सील खोल दी गई थी। लगभग एक माह गोदाम बंद रहा था उसके बाद खोल दिया गया तभी से काम चल रहा है। गोदाम संचालक मो. आरिफ बताते हैं कि इस तेल का खाने में प्रयोग नहीं किया जाता है। यहां पर निकला तेल बरेली के मीरगंज में बायोडीजल बनाने वाली कंपनी में भेजा जाता है। दो साल पहले सील गोदाम के बाद फूड इंस्पेक्टर, सहित कई अफसरों ने दौरा किया था और कागज देखने के बाद गोदाम की सील खोल दी गई थी। लगभग एक माह गोदाम बंद रहा था उसके बाद खोल दिया गया तभी से काम चल रहा है।

> अगर ओरछी में एक्सपायर नमकीन से तेल निकालकर बाजार में बिक रहा है तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी। –**सीएल यादव**, अभिहित अधिकारी

वरुण अर्जुन
मेडिकल कॉलेज
एवं रोहिलखण्ड अस्पताल
NH-24, बन्थरा, शाहजहांपुर (उ.प्र.)
Ph.: 7521001988, 7521001989
विशेष कैम्प
2 अक्टूबर से प्रारम्भ
मुफ्त परामर्श
मुफ्त आपरेशन
दवाईयों का खर्चा अतिरिक्त
डिलीवरी एवं सिजेरियन मुफ्त
सहयोग राशि 1000/- प्रति डिलीवरी
मुफ्त टीकाकरण
मुफ्त भर्ती व भर्ती मरीजों का
कलर अल्ट्रासाउण्ड 200/- रूपये, एक्स-रे 50/- रूपये मात्र, ECG 20/- रूपये मात्र व सिर का सी.टी. स्कैन 800/- रूपये मात्र सिर का एम. आर. आई. 2000/- रूपये मात्र
वाहय रोगी विभाग की जांचों पर 50 प्रतिशत की छूट
मरीजों का रजिस्ट्रेशन मुफ्त
भर्ती मरीजों की जाचें 75% छूट पर
मोतियाबिन्द ऑपरेशन व लैंस मुफ्त
ओ.पी.डी. का समय सुबह 9 से 3 बजे तक
इमरजेन्सी 24 घंटे
ब्लड बैंक की सुविधा 24 घंटे
दवाईयों में 20% छूट
कैम्प द्वारा भर्ती मरीजों का खाना मुफ्त
उपलब्ध विभाग एवं सुविधायें
अस्थिरोग विभाग
नेलिंग, प्लेटिंग, इन्टर लॉकिंग नेलिंग, जोड़ों का बदलना कूल्हे एवं घुटनें के जोड़ की आधुनिकतम सर्जरी।
सर्जरी विभाग
पेट के समस्त आपरेशन, कैंसर के जटिल ऑपरेशन, हार्निया, पित्त की थैली आदि के आपरेशन।
जच्चा बच्चा व स्त्री रोग विभाग
डिलीवरी की सुविधा, सिजेरियन, बच्चेदानी के ऑपरेशन
बाल रोग विभाग
नवजात शिशुओं एवं बच्चों की सभी प्रकार की बीमारियों की जांच व इलाज
मेडिसिन विभाग
पेट, जिगर रोड एवं पीलिया, तेजाब, अल्सर,ब्लड प्रेशर, फेफड़ा रोग आदि।
नेत्र रोग विभाग
आंख की समस्त बीमारियों का इलाज व मोतियाबिन्द का ऑपरेशन।
नाक, कान, गला विभाग
नाक, कान एवं गले से सम्बन्धित बीमारियों का इलाज एवं ऑपरेशन।
दन्त रोग विभाग
समस्त प्रकार के दांतों के रोग का इलाज
त्वचा रोग विभाग
त्वचा से सम्बन्धित बीमारियों का इलाज।
फिजियोथेरेपी विभाग
जोड़ों के दर्द, फालिज, नसों का सुन्नपन, रीढ़ की हड्डी की बीमारियों, गठिया आदि का इलाज।
छाती व सांस रोग विभाग
सांस टी.बी. की बीमारियों के लिए।
मस्तिष्क रोग विभाग
मिर्गी के दौरे तथा दिमागी परेशानी के लिये।
आई.सी.यू.
सभी विभाग में आई.सी.यू. अत्याधुनिक वैन्टीलेटरों के साथ गम्भीर मरीजों, एक्सीडेन्ट, पायजनिंग, दौरे व बेहोशी के मरीजों के लिए अत्याधुनिक गहन चिकित्सा कक्षा।
रेडियोलॉजी विभाग
सभी प्रकार के एक्स-रे अल्ट्रासाउण्ड, सी.टी.स्कैन, एम.आर.आई. एवं डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध।
वरुण अर्जुन
मेडिकल कॉलेज
एवं रोहिलखण्ड अस्पताल
NH-24, ग्रा. बन्थरा, शाहजहांपुर

# सौ मीटर में चांदनी और दो सौ मीटर में नीतू रही प्रथम

## उच्च प्राथमिक विद्यालय दहेमू में आयोजित की गईं न्याय पंचायत स्तरीय प्रतियोगिताएं

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** विकास क्षेत्र उझानी के उच्च प्राथमिक विद्यालय दहेमू में परिषदीय विद्यालयों की न्याय पंचायत स्तरीय प्रतियोगिताओं में खेतों के बीच हुई दौड़ में बच्चों ने उत्साह से भाग लिया। इस दौरान 100 और 200 मीटर की दौड़ में बच्चों ने विजय हासिल की। विकास क्षेत्र के 20 प्राथमिक और 6 परिषदीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग करके अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया। बालिका वर्ग की उच्च प्राथमिक विद्यालय स्तरीय प्रतियोगिता में दहेमू की चांदी ने 100 और नीतू ने 200 मीटर और रोशनी ने 600 मीटर दौड़ में पहला स्थान हासिल किया।

बालक वर्ग की 100 मीटर दौड़ में दहेमू के अनुज रियोनिया, 200 मीटर में उमेश, 400 मीटर में राज बाबू को पहला स्थान हासिल हुआ। बालिका वर्ग की प्राथमिक विद्यालय स्तरीय 50 मीटर दौड़ में प्राथमिक विद्यालय बितरोई की पूर्वा और 100 मीटर में रियोनिया विद्यालय की चैनका ने जीत हासिल की जबकि बालक वर्ग में ज्योरा पारवाला विद्यालय के रितिक 50 मीटर में सबसे तेज दौड़े। 100 मीटर में बितरोई के विकास, 200 मीटर में ज्योरा पारवाला के अकरम जीते। उच्च प्राथमिक स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में उच्च प्राथमिक विद्यालय दहेमू की बालक व बालिका वर्ग की दोनों टीमों ने जीत दर्ज कराई। प्राथमिक स्तरीय बालक वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता में रियोनिया प्राथमिक विद्यालय व बालिका वर्ग में संविलियन विद्यालय सिकंदराबाद विजयी रहा। ऊंची कूद प्रतियोगिता का परिणाम बाद में घोषित किया जाएगा।



ऊंची कूद प्रतियोगिता में प्रतिभाग करती खिलाड़ी। ● अमृत विचार

- प्रतियोगिता में 20 प्राथमिक और 6 उच्च प्राथमिक विद्यालयों की टीमों ने किया प्रतिभाग

### प्रतियोगिता कराने में इनका रहा सहयोग

प्रतियोगिताएं संपन्न कराने में खेल शिक्षक सुशील त्रिवेदी, राम किशोर पाल, अजय पाल, देवेंद्र सिंह, सुधीर यादव, मोहित कुमार, मनोज यादव, शिक्षक संकुल आशुतोष, करन पाल, मृदुल एस लाल, रामू, जावेद सिद्दीकी, वेद प्रकाश पाल अरुण कुमार, सुशील गुप्ता, अनिल कुमार, ग्रीश बाबू, नरेश, दिनेश यादव, राम प्रकाश आदि का सहयोग रहा।



दौड़ की प्रतियोगिता में शिरकत करतीं छात्राएं। ● अमृत विचार



कबड्डी प्रतियोगिता में खिलाड़ी को उसके पाले में जाने से रोकती पूरी टीम।

# आज दीपोत्सव में कॉमेडियन असरानी का मुख्य कार्यक्रम

**बदायूं,अमृत विचार:** शहर में दो दिवसीय दीपोत्सव कार्यक्रम का आज से शुभारंभ हो रहा है। यह कार्यक्रम रामलीला मैदान पर संपन्न होगा। मुख्य कार्यक्रम बॉलीवुड कॉमेडियन असरानी का रहेगा। उत्तर प्रदेश सिने आर्टिस्ट एंड वर्कर्स फोरम के तत्वावधान में शहर के रामलीला मैदान पर तीसरा दो दिवसीय दीपोत्सव आज बुधवार से शुरू हो रहा है। फोरम के अध्यक्ष विनोद कुमार जौहरी ने बताया कि दो दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ बुधवार शाम पांच बजे से होगा। जिसमें पहले दिन विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिसमें मुख्य आकर्षण मथुरा वृंदावन के कलाकारों द्वारा गणेश वंदना, मयूर नृत्य रहेगा। साथ ही स्कूली बच्चों के द्वारा भी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। महोत्सव के दूसरे दिन अजय म्यूजिकल ग्रुप के द्वारा संगीत संध्या होगी। इसके बाद म्यूजिकल नाइट कार्यक्रम आयोजित होगा। जिसमें मुख्य आकर्षण बॉलीवुड कॉमेडियन स्टार असरानी की प्रस्तुति रहेगी।

# रंजिश में कटरी क्षेत्र में फायरिंग गोली लगने से तीन घायल

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- दो पक्ष में पहले से चल रही है मुकदमाबाजी, मंगलवार देर शाम आमने-सामने आ गए थे दोनों पक्ष
- हालत गंभीर होने पर एक घायल को बरेली और बाकी दोनों को जिला अस्पताल में कराया गया भर्ती

**अमृत विचार :** कई सालों के बाद एक बार फिर रामगंगा की कटरी क्षेत्र गोलियों तड़तड़ाहट से गूंज उठा। पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए। दोनों पक्ष में कहासुनी हुई। फिर फायरिंग शुरू हो गई। दोनों तरफ से गोलियां चलीं। घटना में दोनों पक्ष के तीन लोग घायल हो गए। सूचना पर पुलिस पहुंची। मौके से दो लोगों को हिरासत में लिया। तीनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुराने मुकदमाबाजी को लेकर दातागंज क्षेत्र के गांव करीमगंज में दो पक्षों में विवाद चल रहा है। मंगलवार देर शाम रामगंगा की कटरी में खेत पर फसल काटते समय दोनों पक्ष में कहासुनी मारपीट के बाद फायरिंग शुरू हो गई। एक पक्ष के अमरजीत के कूल्हे और दूसरे पक्ष के सुनील व संजीव को गोली लगी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्ष के एक-एक व्यक्ति को हिरासत में लिया। घायलों को दातागंज सीएचसी लाया गया। हालत गंभीर होने पर अमरजीत को बरेली रेफर किया गया है जबकि सुनील और संजीव को जिला अस्पताल भेजा गया है। तीनों की हालत खतरे से बाहर है।

> मंगलवार शाम सूचना मिली थी कि पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्ष में फायरिंग हुई है। सूचना पर पुलिस पहुंची। गोली लगने से तीन लोग घायल मिले। मौके से दो लोगों को हिरासत में लिया गया है। घायलों को भर्ती कराया गया है। अभी दोनों तरफ से तहरीर प्राप्त नहीं हुई है।
> – केके तिवारी, सीओ दातागंज

# युवक के साथ गये बुजुर्ग की हुई मौत

**मुजरिया ,अमृत विचार :** मुजरिया थाना क्षेत्र के गांव जाहिदपुर घनसुलिया निवासी बुजुर्ग को युवक घर से बुलाकर ले गया। तकरीबन साढ़े तीन घंटों के बाद बेहोशी की हालत में बुजुर्ग को उसके घर पर छोड़कर चला गया। कुछ देर के बाद बुजुर्ग की मौत हो गई। परिजनों की सूचना पर पुलिस पहुंची। परिजनों ने उसे लेकर जाने वाले युवक के खिलाफ तहरीर दी है।

गांव निवासी साहब सिंह (55) पुत्र गणेशी लाल के पत्नी के अनुसार गांव निवासी हरवीर पुत्र होराम यादव सोमवार सुबह लगभग साढ़े सात बजे साहब सिंह को जबरन शराब पिला दी अपने साथ बाइक पर बैठाकर गांव राजपुर बरौलिया की ओर ले गया था। सुबह लगभग 11 बजे साहब सिंह को उनके घर पर बेसुध हालत में छोड़कर चला गया। एक घंटे के बाद साहब सिंह की मौत हो गई। परिजनों ने हत्या करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है।

# आढ़तियों के यहां लगे धान के ढेर

## खरीद केंद्रों पर सन्नाटा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- एक अक्टूबर से शुरू हुई है धान की खरीद, केंद्र पर नहीं पहुंच रहे किसान
- अब तक मात्र छह सौ मीट्रिक टन धान की हो सकी है खरीद

**अमृत विचार:** जिले में धान की कटाई तेजी के साथ हो रही है। किसान मंडियों में फसल बिक्री के लिए पहुंच रहे हैं। परंतु सरकारी क्रय केंद्र खाली पड़े हैं। जबकि आढ़तियों के यहां पर धान के ढेर लग चुके हैं। एक अक्टूबर से जारी खरीद में अब तक कुल छह सौ एमटी ही खरीद हो सकी है। ऐसे में शासन की ओर से मिला 35 हजार एमटी खरीद का लक्ष्य पूरा करना विपणन विभाग को मुश्किल लग रहा है।

जिले में धान खरीद के लिए 48 क्रय केंद्र सभी तहसीलों में खोले गए हैं। इन केंद्र पर एक अक्टूबर से धान की खरीद शुरू हो चुकी है। जिसे बीस दिन से अधिक का समय बीत चुका है। सरकारी क्रय केंद्रों पर अब तक छह सौ एमटी धान खरीदा जा सका है। जबकि आढ़तियों के यहां धान बेचने वालों की भीड़ लगी दिख रही है। इसके पीछे सरकारी खरीद में आ रही दिक्कतें बताई जा रही है। बिना झंझट किसानों को नगद धनराशि आढ़तियों की ओर खींच ले जा रहा है।

सरकार की ओर से इस बार समर्थन मूल्य 2320 रुपए रखा गया है। इसके बाद भी किसानों का मोह आढ़तियों से भंग नहीं हो पा रहा है। किसान आढ़तियों के यहां अपनी फसल 1900 से लेकर 21 सौ रुपये के बीच नकद दाम पर बेच रहे हैं। किसान सेवाराम, मोतीलाल, हरपाल, रामसिंह आदि ने बताया कि सरकारी धान खरीद केंद्रों में कई झंझट हैं। पंजीकरण कराने के साथ ही जमीन के कागज राजस्व विभाग के कर्मचारियों से प्रमाणित करना। इसके बाद देरी से भुगतान होना है। साथ ही धान बेचने के बाद धनराशि उस बैंक खाते में भेजी जाती है जिस बैंक के खाते में ऋण बकाया चल रहा है। धनराशि पहुंचने पर बैंक ऋण काट लेती है। इससे बचने को वह मजबूरी में आढ़तियों को फसल बेच रहा। यहां फसल बेचने के बाद किसान को तुरंत नगद पैसा मिलता है।

> किसान कहीं भी फसल बेचने को स्वतंत्र है। क्रय केंद्र प्रभारियों को किसानों को जागरूक करने के आदेश दिए गए हैं ताकि किसान खरीद केन्द्रों पर आएं। धान खरीद की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। अब तक छह सौ एमटी धान खरीदा गया है। सभी केंद्रों पर खरीद जारी है।
> –डॉ वैभव शर्मा, एडीएम वित्त एवं राजस्व

# मुसिया नगला में नहीं, दस किमी दूर मिलेगी डीएपी

संवाददाता, दबतोरी

- समितियों में रखी एनपीके नहीं खरीदना चाह रहे किसान, नहीं पहुंच पा रही डीएपी

**अमृत विचार:** साधन सहकारी समिति मुसिया नगला में डीएपी का वितरण नहीं होगा। बल्कि किसानों को दस किलोमीटर दूर खगावली में डीएपी खरीदने के लिए जाना पडेगा। किसानों की मांग है कि मुसिया नगला में भी डीएपी वितरण कराएं। जिससे किसानों को इतनी दूर भागदौड़ न करनी पडे।

जिले में रासायिनक उर्वरकों की किल्लत नहीं है। उसके बाद भी कई समितियों पर डीएपी की किल्लत है। वहां पर पूर्व से मौजूद एनपीके को किसान खरीदना नहीं चाह रहा है। आसफपुर ब्लॉक क्षेत्र में मुसिया नगला स्थित साधन सहकारी समिति की स्थिति भी ऐसी ही है। जहां भारी मात्रा में एनपीके मौजूद हैं। परंतु किसान उसे नहीं खरीदना चाह रहे हैं। किसानों का कहना है कि समिति पर एनपीके है। जिसे सरसों की फसलों में प्रयोग किया जाता है। आलू की फसल के लिए डीएपी की आवश्यकता होती है। जोकि उपलब्ध नहीं हो पा रही है। सचिव का कहना है कि उनकी समिति की लिमिट दस लाख की बंधी हुई है। जो धनराशि बैंक द्वारा दी गई उस धनराशि के अनुसार एनपीके और यूरिया समिति पर मौजूद है। जब तक इसकी बिक्री नहीं होती तब तक डीएपी मंगाना मुश्किल है।

> समिति की जितनी लिमिट है उसके अनुसार समिति पर एनपीके और यूरिया का स्टॉक रखा हुआ है। जिसे अभी किसान नहीं खरीद रहे हैं। रखे स्टॉक की बिक्री करने के बाद ही डीएपी आ पाएगी।
> –नेक पाल, सचिव मुसिया नगला साधन सहकारी समिति

## अर्सिस के गोदाम पर पहुंची एनपीके, लेखपाल की मौजूदगी में शुरू होगा वितरण



**विजय नगला ,अमृत विचार :** अर्सिस स्थित साधन सहकारी समिति पर मंगलवार को 1910 एनपीके खाद कृषि विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई है। जिसका वितरण बुधवार को लेखपाल की मौजूदगी में कराया जाएगा। ब्लाक सलारपुर क्षेत्र में बनी समिति घटपुरी, बरखेड़ा ,रसूलपुर ,बरी समसपुर, स्थित आसिर्स में किसानों के द्वारा आलू, गेहूं, सरसों की बुवाई शुरू हो चुकी है। किसानों को रासायनिक उर्वरकों के लिए इधर उधर भटकना न पड़े इसके लिए समितियों पर खाद भिजवाई जा रही है। अर्सिस स्थित सहकारी समिति पर 1910 एनपीके भेजी गई है। जिसे बुधवार को लेखपाल की मौजूदगी में बंटवाया जाएगाा। सहकारी समिति के सचिव सुभाष सिंह ने बताया विभाग द्वारा समिति पर एनपीके खाद भेज दी गई है।

# मेला देख कर लौट रहा किशोर सड़क हादसे में घायल

**बदायूं,अमृत विचार :** अब्दुल्लागंज में रामलीला मेला देखकर लौटते समय अल्लापुर भोगी निवासी राज (12) को वाहन से टक्कर मार दी वह गंभीर रूप से घायल हो गया

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

# प्रदेश में मिला सातवां स्थान डीएम ने की डैशबोर्ड की समीक्षा

**बदायूं,अमृत विचार:** सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से अब प्रत्येक माह जिले की रैंकिंग जारी की जाती है। सितंबर माह के आधार पर जारी की गई रैंकिंग में बदायूं को प्रदेश में सातवां स्थान मिला है। ऐसे में बदायूं जिला टॉप-10 की सूची में शामिल हो गया है। ये रैंकिंग राजस्व और विकास विभाग की संयुक्त प्रगति के अनुसार जारी की गई है।

शासन की ओर से जारी की गई इस रैंकिंग को पाने के लिए जिला प्रशासन की ओर से काफी मेहनत की है।

जिसका नतीजा रहा कि इस बार रैंकिंग में सीधे 35 पायदान का सुधार हुआ। रैंकिंग में बेहतर प्रदर्शन के बाद अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी राहत की सांस ली है। अगस्त माह में जिले की रैंकिंग 42 स्थान पर थी। कलेक्ट्रैट में हुई सीएम डैश बोर्ड की समीक्षा में डीएम ने पाया कि जीएसटी संग्रह में जनपद मंडल में प्रथम स्थान पर है। आबकारी विभाग का राजस्व वसूली में सितंबर माह में प्रदेश में दसवां स्थान है।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
सूचित किया जाता है कि फर्म मै0 मिश्रा ऑटो मोबाइल बरेली मोड, शाहजहांपुर के 2 फार्म 38 जिनका नं. 4294983 एवं 2025501 कहीं खो गये है। किसी व्यक्ति द्वारा इनका प्रयोग अवैध होगा। अरविन्द मिश्रा (प्रोप्राइटर)मो. 9935234838

जमीन बिकाऊ है
1400 गज
कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के पीछे सेंथल रोड, हाफिजगंज।
8979764949
9897375743

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र डालचन्द व पुत्रवधू श्रीमती मीना व प्रीति पत्नी डालचन्द को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार से कोई सरोकार नहीं होगा। रामबिलास पुत्र श्री ननुकी निवासी ग्राम काशीपुर बफरी बुजुर्ग तहसील मीरगंज, जिला बरेली।

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र फरमान को गलत चाल-चलन एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार से कोई सरोकार नहीं होगा। रूबी पत्नी आरिफ निवासी ग्राम बलुपुरा तहसील मीरगंज जिला बरेली।

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

सूचना
मैंने अपने पुत्र रितिक सिंह को उसके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। महेश पाल पुत्र कृष्णपाल सिंह निवासी ग्राम अतरछेड़ी तह. आंवला, जिला बरेली

सूचना
मेरे दो पुत्र पवन कुमार एवं रूम सिंह दोनों गलत संगत में पड़ गये हैं उनके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण मैं उन्हें अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। सालिक राम पुत्र स्व. प्यारेलाल निवासी मूढ़ा सेमनगर उर्फ पंडरी थाना गजरौला तहसील बीसलपुर जनपद पीलीभीत

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम आरिफ (Arif) से बदलकर Arif Beg कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। आरिफ बेग पुत्र जाबिर बेग ग्राम पदारथपुर विकास खंड बिथरी चौनपुर, व जिला बरेली

सूचना
मैंने अपना नाम SARABJIT SINGH SANDHU से बदलकर SARBJIT SINGH रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए। सरबजीत सिंह पुत्र बलविंदर सिंह जीरा फार्म, नि. ग्रा. मैनाकोट पो. पिपरिया संतोष, कलीनगर पूरनपुर (पीलीभीत)।

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने बहन श्रीमती मरजीना को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगी। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। शन्नो पत्नी मो. नासिर निवासी रहपुरा चौधरी, थाना इज्जतनगर, बरेली।

## एक नजर

### राम और भरत मिलाप को देख दर्शक हुए भावुक

**मुजरिया ,अमृत विचार :** कृषि इंटर कॉलेज अलीगंज मुजरिया मैदान पर चल रही रामलीला में भरत मिलाप लीला का शुभारंभ एस डी एम बिल्सी रिपुदमन सिंह ने फीता काट कर किया।स्व . महावीर सिंह सोलंकी रामलीला कमेटी अलीगंज द्वारा आयोजित रामलीला मेला में सोमवार की शाम मंच पर भरत मिलाप लीला का मंचन किया गया। भरत मिलाप लीला मंचन का शुभारंभ करते हुए उपजिलाधिकारी रिपुदमन सिंह ने श्री राम और भरत के भ्रातृत्व प्रेम का जीवन में अनुसरण करने की बात कही। इस अवसर पर सत्यपाल सिंह सोलंकी, विजयपाल सिंह, रंजीत सोलंकी, बबलू,योगेंद्र यादव, कलक्टर सिंह आदि मौजूद रहे।

### बिल्सी में आज मारा जाएगा रावण

**बिल्सी,अमृत विचार :** श्री गौशाला रामलीला कमेटी के तत्वावधान में चल रहे रामलीला महोत्सव में श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का भावपूर्ण मंचन अभी जारी है। मेला कमेटी के अध्यक्ष डा. श्रीकृष्ण गुप्ता ने जानकारी दी।

# एक बार बनी सड़क का दो बार किया भुगतान,बैठी जांच

## मियांपुर दियौरा के प्रधान से डोंगल लेकर सचिव ने कर दिया भुगतान

संवाददाता,इस्लामनगर

- प्रधान की शिकायत पर बीडीओ ने एडीओ पंचायत को दिए जांच के आदेश

**अमृत विचार:** विकासखंड की ग्राम पंचायत मियांपुर दियौरा के ग्राम प्रधान ने सचिव पर एक ही सीसी रोड निर्माण कार्य का दो बार रुपये निकालने का आरोप लगाया है। ग्राम प्रधान ने इसकी शिकायत खण्ड विकास अधिकारी से की है। जिस पर बीडीयो ने एडीओ पंचायत को जांच के आदेश दिए हैं।

ग्राम पंचायत मियांपुर दियौरा के ग्राम प्रधान ने बीडीओ को सौंपे शिकायती पत्र कहा है कि वह हृदय रोगी हैं। 12 अक्टूबर को वह दवा लेने के लिए बरेली गए थे। जिस डॉक्टर के यहां वह दवा ले रहे थे कि उसी दौरान सचिव का उनके पास फोन आया कि पंचायत घर पर डोंगल भिजवा दीजिए। ग्राम प्रधान ने पंचायत से कॉल करके अपने घर से डोंगल भिजवा दिया। प्रधान का आरोप है की पंचायत सचिव ने भूरे के घर से पीडब्ल्यूडी रोड तक सीसी निर्माण कार्य का करीब पौने तीन रुपए का पेमेंट फिर से लगा दिया। प्रधान का कहना है की भूरे के घर से पीडब्ल्यूडी रोड बाली सीसी का पेमेंट मई और जून माह में पहले ही हो चुका था। करीब तीन माह पहले नए सचिव अनिल कुमार को मियांपुर दियौरा का चार्ज मिला था, नए सचिव ने 12 अक्टूबर को बिना प्रधान से पूछे करीब पौने तीन लाख का भुगतान कर दिया। इसकी जानकारी उन्हें बरेली से घर वापस आने पर ई ग्राम स्वराज ऐप पर देखने के बाद पता चली। भुगतान किए जाने पर जब सचिव ने बात करने के लिए फोन किया, तब उनके द्वारा फोन नहीं किया। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए खण्ड विकास अधिकारी ने इस प्रकरण की जांच एडीओ पंचायत को सौंपी है।

> ग्राम प्रधान की शिकायत पर प्रकरण की जांच एडीओ पंचायत से कराई जा रही है। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाही की जायेगी। **-मुनब्बर खान,** खण्ड विकास अधिकारी,इस्लामनगर।

> मामला मेरे संज्ञान में नहीं है। फिर भी अगर एक ही कार्य का दो बार भुगतान कर लिया है तो जांच कराकर सचिव के विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी। **-गिरीश यादव,** एडीपीआरओ

# रील बनाते समय पोल से टकराया टेंपो,युवक की मौत

संवाददाताउझानी


मृतक घनश्याम।

- एक साल से मौसा के घर रह रहा था कन्नौज का युवक, मौत के बाद मचा कोहराम

**अमृत विचार :** साथी के साथ टेंपो से मेला देखने जा रहे युवक की मौत हो गई। उझानी क्षेत्र में टेंपो बिजली के खंभे से टकरा गया। युवक का सिर खंभे में जा लगा। पुलिस युवक को सीएचसी लेकर गई। जहां चिकित्सक ने युवक को मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि युवक टेंपो में सवार होकर गर्दन बाहर निकालकर रील बना रहा था। इसी दौरान यह हादसा हुआ

जिला कन्नौज के थाना गुर सहायगंज क्षेत्र के मोहल्ला सुभाष नगर निवासी घनश्याम (21) दिल्ली में रहकर नौकरी करते थे। तकरीबन एक साल से वह अपने मौसा राजवीर के घर थाना मुजरिया क्षेत्र के गांव ज्योरा पारवाला में रहते थे। टेंपो चलाकर भरण पोषण कर रहे थे। सोमवार को वह गांव निवासी सीनू के साथ टेंपो से मेला देखने जा रहा था। बताया जा रहा है कि रास्ते में ही युवक टैपों से बाहर सिर निकाल कर रील बनाने लगा। यह बात टैपों चालक को पता नहीं लग पाई। बरेली-मथुरा राजमार्ग पर उझानी कोतवाली क्षेत्र में रिलायंस पेट्रोल पंप के पास टेंपो बिजली के खंभे से टकरा गया। इससे सिर बाहर निकाल कर रील बना रहे घनश्याम के सिर में चोट लगी और वह गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। घायल को उझानी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने घनश्याम को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

# मेला ककोड़ा :जिला पंचायत के अस्थाई कार्यालय के लिए लगा तंबू


मेला स्थल पर लगा टेंट, निरीक्षण करते एएमओ मासूम रजा।

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- व्यवस्थाएं दुरुस्त कर रही जिला पंचायत, मेला में बनाया कार्यालय, आगरा से टेंट पहुंचा।

**अमृत विचार :** मेला ककोड़ा के लिए तंबू लगने शुरु हो गये हैं। मंगलवार को आगरा का टैंट मेला स्थल पर पहुंच गया। मेला स्थल पर जिला पंचायत का अस्थाई कार्यालय बना कर काम शुरू कर दिया गया।

मिनी कुंभ मेला ककोड़ा करीब दस किमी क्षेत्र में लगता है। इसमें सैकड़ों की संख्या में तंबू लगाए जाते हैं जो प्रशासनिक अधिकारियों के होते हैं। जिला पंचायत प्रशासन अधिकारियों के टेंट लगाता है। उसके बाद अतिथियों को विशेष रूप से टेंट लगा कर उसको सजाया जाता है। तम्बू के अंदर सभी सुविधाएं मुहैया कराई जाती हैं। इसके लिए बड़े टेंट की जरूरत होती है। अपर मुख्य अधिकारी मासूम रजा ने बताया कि मेला स्थल का निरीक्षण किया गया है। तंबू लगने शुरु हो गये हैं। रिपोर्ट प्रशासन को दी जाएगी। बिजली व्यवस्था के लिए विभाग को पत्र भेजा है।

# मलेरिया और टाइफाइड के मरीजों से वार्ड फुल

कार्यालय सवाददाता ,बदायूं


जिला महिला अस्पताल में महिला मरीजों की लगी लाइन। ● अमृत विचार

- कम नहीं हो रहा है बुखार का प्रकोप, अस्पताल में बढ़ी मरीजों की संख्या
- हेपेटाइटिस के दो सौ मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दी दवाएं

**अमृत विचार :** जिले भर में बुखार का प्रकोप बना हुआ है। शहर से लेकर गांव तक में बुखार और मलेरिया के मरीजों की संख्या कई दिनों से हर दिन बढ़ रही है। जिला अस्पताल के सभी वार्ड फुल हैं। गंभीर मरीजों को भर्ती किया जा रहा है जबकि सामान्य मरीजों को दवा देकर घर भेजा जा रहा है। इससे भी अधिक मरीज शहर के निजी अस्पतालों में बुखार से जूझ रहे हैं।

पिछले दिनों लगाए गए मोहल्लों में स्वास्थ्य शिविरों में तीन हजार से अधिक बुखार के मरीज सामने आए। इसके अलावा डेढ़ सौ से अधिक मलेरिया संक्रमित मिले और चार दर्जन मरीज डेंगू से पीड़ित मिले हैं। जिला अस्पताल में बुखार और मलेरिया के तीन सौ से अधिक मरीज भर्ती हैं। इनमे मलेरिया के 77 मरीज हैं जबकि अन्य बुखार के हैं। कई मरीज टाइफाइड के हैं। मंगलवार को सभी वार्ड फुल रहे। किसी वार्ड में कोई बेड खाली नहीं था। अस्पताल में इस समय केवल गंभीर मरीजों को ही भर्ती किया जा रहा है जबकि अन्य को दवा देकर घर भेजा जा रहा है। 15 ब्लॉक क्षेत्रों में करीब सात हजार से अधिक बुखार के मरीज हैं। इसमें सैकड़ों मरीज मलेरिया और डेंगू के हैं। बुखार के मरीज ठीक भी हो रहे हैं। यह आंकड़े पिछले एक सप्ताह के हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा हर दिन दस से पन्द्रह गांवों में स्वास्थ्य शिविर लगाए जा रहे हैं। इनमें बुखार और मलेरिया तथा डेंगू के मरीजों की संख्या सामने आ रही है। जो डरावनी है

### 150 से ज्यादा बुखार पीडित महिलाओं को दी दवा

जिला महिला अस्पताल में महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर मलेरिया का टेस्ट कराने को लिखा गया। महिला अस्पताल में भी मरीजों की लाइन लगी रही । करीब डेढ़ सौ से अधिक बुखार पीड़ित महिलाओं को डाक्टर ने देख कर दवा दी इनमें दर्जनों महिलाओं का मलेरिया टेस्ट किया गया।

> इस समय बुखार के मरीजों की संख्या हर दिन बढ़ रही है। हालांकि मरीज स्वस्थ हो रहे हैं लेकिन स्थिति भयावह है। अचानक मरीज बढ़े हैं जिससे लगभग सभी वार्ड फुल हैं। इस महीने के अंत तक स्थिति सामान्य होने की उम्मीद है। **- डा. कप्तान सिंह,** सीएमएस

# राजकीय सम्मान के साथ लोकतंत्र सेनानी महेंद्र सिंह को दी विदाई

कार्यालय संवाददाता, बदायूं


लोकतंत्र सेनानी को राजकीय सम्मान देते पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार


मृतक ठाकुर महेंद्र सिंह।

- साल 2011 में लोकतंत्र सेनानी को हुआ था कैंसर, 9 सितंबर को ट्यूमर का हुआ ऑपरेशन

**अमृत विचार :** ब्रज कुटीर निवासी भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष के भाई लोकतंत्र सेनानी मंगलवार को राजकीय सम्मान के साथ विदा किया गया। सोमवार को उनका निधन हुआ था। सिविल लाइन कोवताली पुलिस ने लोकतंत्र सेनानी को राजकीय सम्मान के साथ सलामी दी। शहर के लालपुल के पास अंतिम संस्कार किया गया। सैकड़ों लोक शव यात्रा में शामिल हुए। उनके आवास के आसपास के व्यापारियों ने अपनी दुकानें बंद रखीं।

भामाशाह चौक से बदायूं क्लब मार्ग जाने वाले मार्ग स्थित ब्रज कुटीर किसी समय भाजपा का केंद्र मानी जाती थी। ठाकुर बृजपाल सिंह बड़े नेता था। वह संघ के विभाग कार्यवाह रहे थे। उनके बेटे ठाकुर नरेंद्र सिंह भाजपा के जिलाध्यक्ष रहे । वह आपातकाल में जेल में भी रहे थे। वह लोकतंत्र सेनानी थे। साल 2011 में उन्हें कैंसर हो गया था। 9 सितंबर 2024 को दिल्ली के अस्पताल में उनका ट्यूमर का ऑपरेशन हुआ था। जिसके बाद शहर के एक अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। वह सोमवार को निधन की सूचना मिलने के बाद भाजपा के साथ अन्य पार्टियों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि उनके आवास पर पहुंचे। एसडीएम सदर, सीओ सिटी, सिविल लाइन कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक पहुंचे। कहा कि लोकतंत्र सेनानी की मौत अपूर्तिनीय क्षति है। । जिसके बाद सैकड़ों लोग शव यात्रा के साथ लालपुल स्थित श्मशान घाट पहुंचे। जहां लोकतंत्र सेनानी के बेटे ने मुखाग्नि दी। भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने बताया कि ठाकुर महेंद्र सिंह के परिवार का शहर से लेकर दातागंज में बहुत प्रभाव था। उनका और उनके परिवार को भाजपा के लिए बड़ा योगदान रहा है।

# दूसरे की जमीन अपनी बताकर चार लाख रुपये की धोखाधड़ी

**बदायूं,अमृत विचार :** तीन लोगों ने मुजरिया निवासी एक युवक को दूसरे की जमीन अपनी बताकर चार लाख रुपये की धोखाधड़ी कर ली। एक साल बाद पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

मुजरिया थाना क्षेत्र के गांव नया गांव के मजरा भगवा नगला निवासी रन सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 8 सितंबर 2023 को सुबह उघैती क्षेत्र के गांव बसंतनगर निवासी परम सिंह पुत्र रिषीपाल के साथ अपने घर पर बैठे थे। उनके परिचित राकेश पुत्र डालचंद्र उनके घर पर आए। कहा कि मुजरिया गांव के पास चार बीघा खेती योग्य अच्छी जमीन बिकाऊ है। वह, वंशीधर, परम सिंह जमीन बताने वाले राकेश के साथ मौके पर पहुंचे। खतौनी देखने के बाद चार लाख रुपये बीघा के हिसाब से सौदा हो गया। रन सिंह ने दो लाख रुपये दे दिये। जिसके बाद 11 सितंबर 23 को दो लाख देने के बाद 45 दिन के भीतर बैनामा कराना तय हुआ। लेकिन वह टालमटोल करने लगा। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज की है।

# दूध बेचने निकले दूधिया का डेढ़ महीने के बाद भी नहीं लगा सुराग

कार्यालय संवाददाता,बदायूं

**अमृत विचार :** तकरीबन डेढ़ महीना बीतने के बाद भी लापता हुए एक दूधिया का सुराग नहीं लग रहा है। उसकी मां अपहरण की आशंका जताते हुए थाने के चक्कर काट रही है लेकिन बेटे का पता नहीं चल सका है।

थाना मूसाझाग क्षेत्र के गांव तालगांव निवासी तस्लीम अहमद उर्फ चमन दूध बेचने का काम करते थे। उनकी मां नाजमा बेगम ने तहरीर देकर बताया कि तस्लीम अहमद 10 सितंबर को दूध लेकर शहर की कोतवाली सिविल लाइन क्षेत्र में बाइक से आया था। दोपहर तीन बजे तक वह घर नहीं लौटा तो परिजनों को चिंता हुई। फोन किया तो वह बंद पाया। आसपास और रिश्तेदारी में तलाश किया लेकिन कुछ पता नहीं चला। परिजनों ने अगले दिन गुमशुदगी दर्ज कराई थी। परिजनों ने उसे दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, शहाजहांपुर, बरेली, मुरादाबाद, चंदौसी आदि जगहों पर तलाश कर लिया लेकिन उसका कहीं भी पता नहीं चला है। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार ने बताया कि लापता युवक की गुमशुदगी दर्ज है।

### दवा लेने गई महिला छह माह बाद भी नहीं लौटी

**बिल्सी,अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव जहानाबाद से एक महिला छह माह पहले राजकीय मेडिकल कालेज से दवा लेने के लिए गई थी। जो अभी तक वापस घर नहीं लौटी है। उसके पति ने इसकी शिकायत आज मुख्यमंत्री पोर्टल पर की है। गांव निवासी सोहनलाल द्वारा भेजे शिकायती पत्र में कहा है कि उनकी पत्नी सावित्री देवी जो कुछ मंदबुद्धि है। 27 अप्रैल को सुबह 10 बजे घर से राजकीय मेडिकल कॉलेज बदायूं दवा लेने को गई थी। देर रात्रि तक घर लौटकर नहीं आने पर 16 मई को उसकी गुमशुदगी थाना बिल्सी में दर्ज कराई गई। थाना पुलिस ने अभी तक उसकी पत्नी का कोई सुराग नहीं लगाया है। पीड़ित ने मुख्यमंत्री से न्याय की गुहार लगाई है।

# झोलाछाप की दुकान पर चस्पा किया नोटिस, मचा हड़कंप

संवाददाता, विजय नगला, बिनावर

**अमृत विचार :** मुख्य चिकित्सा अधिकारी के आदेश पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिनावर के चिकित्सा अधीक्षक नरेंद्र सिंह ने टीम के साथ पहुंचकर झोलाछाप की दुकान पर नोटिस चस्पा किया गया। बिनावर में पिछले दिनों एक झोलाछाप के यहां ग्राम बरखेड़ा की गौटिया निवासी रामकिशोर ने अपनी गर्भवती पत्नी संतोष 32 को भर्ती कराया था। जहां पर महिला ने जुड़वां बच्चों को जन्म दिया। प्रसव के बाद महिला की हालत बिगड़ गयी उसके बाद दूसरे झोलाछाप के यहां भर्ती किया गया। महिला को श्वास लेने में तकलीफ हो रही थी। झोलाछाप की दुकान से महिला को हटाते ही उसकी मौत हो गयी। प्रसूता की मौत के बाद परिजनों ने हंगामा काटा उक्त प्रकरण की शिकायत जिला प्रशासन और मुख्य चिकित्सा अधिकारी से की गयी। जिसके बाद मंगलवार को सीएमओ के आदेश पर बिनावर स्वास्थ्य केन्द्र प्रभारी ने मौके पर पहुंच कर टीम के साथ झोलाछाप की दुकान को देखा दुकान बंद मिली तो दुकान पर नोटिस चस्पा कर दिया गया। नोटिस चस्पा करने के बाद कस्बे के झोलाछापों में हड़कंप मच गया।

# एमबीबीएस के छात्रों ने वॉलीबॉल में हासिल की जीत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- राजकीय मेडिकल कॉलेज में प्रशिक्षु चिकित्सकों की चल रही हैं प्रतियोगिताएं
- मेडिकल कॉलेज में चल रहे वार्षिकोत्सव का दूसरा दिन भी रहा रोमांचक

**अमृत विचार :** राजकीय मेडिकल कॉलेज में चल रहे वार्षिकोत्सव का दूसरा दिन,भी छात्रों के लिए अत्यंत उत्साहपूर्ण रहा। खेलकूद प्रतियोगिताओं में छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। 200 मीटर रेस में एमबीबीएस की छात्रा वर्ग में किरन पटेल ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि मरियम लतीफ ने दूसरा और दिव्या चौधरी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। छात्र वर्ग में रवि गुप्ता एमबीबीएस ने पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि सरफराज खान ने दूसरा और अमित चौधरी ने तीसरा स्थान हासिल किया।

राजकीय मेडिकल कालेज में न्यूक्लियस 2024 के दूसरे दिन मंगलवार को छात्रों ने रोमांच दिखाया। क्रिकेट सेमीफाइनलः पुरुष वर्ग में एमबीबीएस 2021 और 2022 बैच की टीमों के बीच सेमीफाइनल मुकाबला हुआ, जिसमें एमबीबीएस 2022 बैच की टीम ने जीत हासिल की। वॉलीबॉल सेमीफाइनलः प्रतियोगिता में 2020 बैच की दो टीमों, ब्लैक पैंथर और टीम-ए के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें ब्लैक पैंथर विजयी रही। बैडमिंटन सेमीफाइनल बैडमिंटन प्रतियोगिता में उत्कर्ष तालियान बैच 2021 और सारंग बुद्धराजा बैच 2021 के बीच सेमीफाइनल मैच हुआ, जिसमें उत्कर्ष बालियान ने जीत दर्ज की। फुटबॉल मैच देर शाम तक खेला गया। इस मौके पर स्पोर्ट्स प्रभारी एवं मीडिया प्रभारी डा. लालेन्द यादव व मुक्ख्याज हुसैन सहित पूरा स्टाफ मौजूद रहा।


वालीबॉल प्रतियोगिता में भाग लेते एमबीबीएस के छात्र। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### नवागत ईओ वेद प्रकाश ने संभाला बिल्सी का चार्ज



**बिल्सी ,अमृत विचार :** शासन के निर्देश पर मंगलवार को नगर पालिका परिषद कार्यालय पहुंच कर नवागतअधिशासी अधिकारी वेद प्रकाश ने अपना कार्यभार संभाल लिया। वर्तमान में बिसौली नगर पालिका के ईओ अनूप राय यहां का अतिरिक्त प्रभार देख रहे थे। पिछले दिनों शासन ने जालौन जिले में तैनात ईओ वेद प्रकाश का स्थानांतरण यहां के लिए किया था। आज उन्होंने यहां पहुंच कर अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया। उन्होंने कहा कि सभी रुके हुए कार्यों को शीघ्र पूरा किया जाएगा। वह मूल रूप से मुरादाबाद के रहने वाले हैं। इस मौके पर ओमप्रकाश सागर भी मौजूद रहे।

### किसानों को दी गयी जैविक खेती की जानकारी



**उझानी, अमृत विचार :** शिव शक्ति एग्रीटेक लिमिटेड की तरफ से किसान गोष्ठी का आयोजन बिल्सी के ग्राम सुंदर नगर में किया गया। किसानों को जैविक खेती करने को प्रेरित किया गया। मंगलवार को बिल्सी के ग्राम सभा सुंदरनगर में किसानों के जैविक खेती जागरूकता और जैविक खेती को बढ़ावा देने को गोष्ठी का आयोजन किया गया।गोष्ठी की अध्यक्षता गांव के किसान अनोखेलाल द्वारा की गयी। कंपनी की तरफ से कृषि विशेषज्ञ कुमुद रंजन ने किसानों को आलू और गेहूं व मटर में लगने वाले सारे कीटों के उपचार की जानकारी दी। कृषि अधिकारी अजीत सिंह ने धनराज, जुपिटर के-5,धनिक, व धनुष को प्रयोग करने की विधि बतायी। गोष्ठी में किसान फूल सिंह, महिपाल सिंह, यशपाल सिंह,राजवीर सिंह, सुनील कुमार हरिओम इत्यादि मौजूद रहे।

### बीज की दुकान पर की छापामारी ,नकली सरसों के बीज के पैकेट बरामद



**दातागंज,अमृत विचार :** तहसील दिवस में किसानों ने विधायक के सामने एसडीएम से धान के बीज नकली होने की शिकायत की थी । मंगलवार को कृषि विभाग ने बेलाड़ाडी रोड स्थित सुमित भाई बीज भड़ार पर छापा मारा। जहां पायनियर कम्पनी के सरसों के बीज के एक किलो के 15 पैकेट नकली मिले । पिछले शनिवार को तहसील दिवस में किसानों ने नकली बीज की शिकायत की थी। कृषि विभाग की टीम मंगलवार को क्षेत्र में बीज की दुकानों पर छापा मारने पहुंची। टीम ने सबसे पहले पायनियर कंपनी की सरसों के बीज की दुकान पर छापा मारा जहां 15 पैकेट नकली बीज के मिल। छापा के दौरान 14 पैकेट एक्सपायरी की डेट के मिले । एक पैकेट की सिल्वर होलोग्राम की पट्टी छूटी हुई थी । क्यूआर कोड स्कैन नहीं हो रहा था । एक कंपनी के एजेंट से खरीदे गए सरसों के बीज के पैकेट भी नकली मिले । छापा मार कार्यवाही की वीडियोग्राफी कर माल जब्त कर सुपुर्दगी में दे दिया गया ।

### राजकीय डिग्री कॉलेज में हुआ विभागीय परिषद का गठन



**बदायूं,अमृत विचार :** राजकीय महाविद्यालय में विभागीय परिषद का गठन कर छात्र छात्राओं में नेतृत्व क्षमता विकसित करने का संदेश दिया गया। नगर के राजकीय महाविद्यालय में समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ . बबिता यादव के निर्देशन में किया गया। जिसकी अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ . नरेंद्र कुमार बत्रा ने की। मंगलवार को महाविद्यालय में चुनाव अधिकारी डॉ . ज्योति विश्नोई और डॉ प्रेमचंद ने समाजशास्त्र विषय के स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर प्रतिनिधियों का चुनाव कराया। जिसमें अध्यक्ष के रूप में कुमारी अनम परास्नातक, उपाध्यक्ष अलीशा, रूमान तथा नीतू शर्मा, सचिव कु . मोनिका, एवं कोषाध्यक्ष पद पर प्रियंका पाल को सर्वसम्मति से छात्र छात्राओं द्वारा अपना प्रतिनिधि चुना गया।

कॉलेज में परिषद के गठन पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ . नरेंद्र कुमार बत्रा ने नवचयनित प्रतिनिधि छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ . बबिता यादव, डा सतीश सिंह यादव नेहा शर्मा, शिवानी, अंशिका, धर्मेंद्र, राजा, आशीष, आदि रहे।

### धूमधाम से निकाली गई राम बरात, कलाकारों को बांटी खीर



**दातागंज ,अमृत विचार :** कस्बे में आर्य रामलीला कमेटी के तत्वाधान में चल रही रामलीला में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की बारात धूमधाम से निकाली गई । नगर पालिका अध्यक्ष नैना गुप्ता ने श्रीराम पर पुष्प वर्षा कर बारात का स्वागत किया । इसके बाद झांकियों का पूजन किया, डा . अरविन्द कुमार सिंह, अनूप गुप्ता ,मेला अध्यक्ष मोंटी गुप्ता ,प्रेमपाल गुप्ता आदि ने देव स्वरूपों की आरती उतारी। नगरवासी श्रीराम के बाराती बने । बारात में भगवान श्री राम, सीता, लक्ष्मण ,हनुमान, शंकर - पार्वती, श्री गणेश,आदि सुंदर झांकियों ने मन मोह निया। बारात में राम भक्तों ने नृत्य किया, बारात में विजय कुमार सिंह, मनमोहन कश्यप, संजू गुप्ता, विनोद कुमार अग्रवाल, नत्थू सैनी, लक्ष्य गुप्ता, वरुण गुप्ता, विपिन गुप्ता, आदि लोग मौजूद रहे। रामकिशोर सैनी ने कलाकारों को खीर का प्रसाद वितरण किया।

### प्रतियोगिता में सफल विद्यार्थी जाएंगे राष्ट्रीय स्तर पर



**बदायूं,अमृत विचार :** मदर एंथीना स्कूल में विद्यार्थियों ने एनर्जी एंड रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट द्वारा आयोजित ग्रीन ओलंपियाड प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। मंगलवार को विद्यालय में ही पहले चरण की प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया गया। प्रतियोगिता में समाज में जल, ऊर्जा, वायु, वातारण परिवर्तन वायोडायवसिर्टी एवं वेस्ट जैसी समस्याओं पर आधारित प्रश्नों के उत्तर देते हुए विद्यार्थियों ने समाज एवं प्रकृति के प्रति अपनी संवेदनशीलता का परिचय दिया। इस प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागी अगले चरण की राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।

### बजरंग सेना ने घर में पकड़े प्रेमी युगल

**बदायूं, अमृत विचार :** बजरंग सेना के पदाधिकारियों ने मंगलवार को शहर के मढ़ई चौक स्थित एक घर में दो प्रेमी युगल को पकड़ लिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। घर का दरवाजा खुलवाया। युवतियां मौका देखकर तेजी से भाग निकलीं। पुलिस ने दोनों युवकों को हिरासत में लिया है। दोनों से पूछताछ की जा रही है। प्रेमी युगल में युवक-युवतियां अलग-अलग समुदाय के थे। सदर कोतवाल राकेश कुमार ने बताया कि युवकों को हिरासत में लिया गया है। पूछताछ के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## मच्छर से निजात को नगर पंचायत ने कराई फोगिंग

**कासगंज :** संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत मच्छर जनित बीमारियों को लेकर अमांपुर कस्बे में मच्छरों से बचाव के लिए सोमवार की शाम नगर पंचायत की टीम ने फॉगिंग कराई है। चेयरमेन चांद अली खान के निर्देशानुसार चलाए गए अभियान के तहत नगर के बाजारों में फॉगिंग कराई गई। उन्होंने नगर वासियों से भी अपने आसपास सफाई किए जाने के साथ नगर को भी साफ सुथरा रखने में नगर पंचायत कर्मियों का सहयोग करने की अपील की है। लिपिक गोपाल कृष्ण शर्मा, मुकेश बाबू, सफाई निरीक्षक चरन सिंह यादव, ओमकार यादव, सफाई नायक दिनेश कुमार, महाराज सिंह, हिमाचल, सुनील कुमार, मनोज कुमार, नीरज कुमार, अनिल कुमार, विकास कुमार, शीलू आदि मौजूद रहे।

### सर्द मौसम शुरू होते ही आने लगते हैं विदेशी पक्षी, जाड़े भर रहते हैं

# जल्द आर्द्र क्षेत्र में अठखेलियां करेंगे मेहमान परिंदे

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** पानी में अठखेलियां और आसमान की ओर उड़ान, ऐसा आकर्षण पैदा करेंगे अब विदेशी परिंदे। सर्द मौसम में हर साल जिले की दरियावगंज झील पर आने वाले विदेशी पक्षियों की जल्द आवक शुरू हो जाएगी। मेहमान परिंदों के आगमन को लेकर अब यहां स्वागत की तैयारियां होने लगी हैं। वन विभाग और जिला प्रशासन संयुक्त रूप से संरक्षण की योजना बना रहा है। ताकि शिकारी उन्हें यहां नुकसान न पहुंचा सकें।

प्रत्येक वर्ष दरियावगंज झील पर विदेशी पक्षियों का आगमन होता है। साइबेरिया, आस्ट्रेलिया, अफ्रीका, पाकिस्तान की सरहदों को पार कर यहां मेहमान परिंदे आते हैं। यह पूरे सर्द मौसम में स्वदेशी पक्षियों के साथ अठखेलियां करते हैं। वन विभाग इन पक्षियों के संरक्षण की योजना बनाता है। इस साल भले ही अभी तक पक्षी नहीं आ पाए हैं, लेकिन जल्द ही पक्षियों के आगमन होगा। वन विभाग ने दरियावगंज झील पर पक्षियों की निगरानी के लिए कर्मचारियों की तैनाती कर दी है। यह पक्षी यहां कभी झुंड बनाकर उड़ते हैं तो कभी पानी में कलरव करते हैं। उनकी गतिविधियां यहां आकर्षण का केंद्र बनी रहती हैं।



**इन्हें रास आती है आवोहवा**

विदेशी पक्षी परपल, मोरेन, हेरोन, क्रूट, प्रोबाइन सहित लगभग 10 प्रजातियों के पक्षियों को यहां की मौसम भाता है। बगुला, जलमुर्गी, कबूतर सहित विभिन्न प्रजातियों के स्वदेशी पक्षी विदेश पक्षियों के साथ अठखेलियां करते हैं।

दरियावगंज झील पर विदेशी पक्षियों का आगमन सर्दी के मौसम में होता है। जल्द ही यहां पक्षी आने लगेंगे, पक्षियों के स्वागत और संरक्षण की तैयारी की जा रही है।

**–सचिन, सीडीओ**

- **अभी से अधिकारियों ने मेहमानों की मेजबानी के लिए शुरू कर दी है तैयारी**

# जीवन के मर्म को बताती है भागवत कथा

**कासगंज, अमृत विचार:** कछला घाट पर चल रही श्री मद् भागवत कथा सप्ताह के दूसरे दिन आचार्य गौरव कृष्ण पांडेय ने शिव चरित्र की पावन कथा श्रवण कराई गई। कहा कि माता सती ने भगवान राम की परीक्षा लेने के बाद झूठ बोला। पति की आज्ञा न मान करके अपने पिता के घर आ गईं, तो उनको आत्मदाह करना पड़ा। उन्होंने कहा कि इसलिए परिवार में कभी झूठ नहीं बोलना चाहिए । कभी जिद नहीं करनी चाहिए। उसके बाद भगवान शिव के विवाह की पावन कथा श्रवण कराई । कहा कि भागवत कथा जीवन का मर्मज्ञ है। कथा के विश्राम पर आरती उतारी गई। प्रसाद बांटा गया। संतोष कुमार राजपूत पत्रकार, पंकज ठाकुर, राकेश कुमार पचौरी, अनुपम मिश्रा, मुकेश भारद्वाज, नवीन चतुर्वेदी एवं नीरज भारद्वाज और देवेंद्र राजपूत उपस्थित रहे।



आचार्य गौरव कृष्ण पांडेय।

# कालाबाजारी के लिए रखी डीएपी के 144 कट्टे जब्त

### खाद की किल्लत : जिला कृषि अधिकारी ने छापा मारा, गोदाम सीज कर व्यापारी पर रिपोर्ट दर्ज कराई

संवाददाता, सिढपुरा

**अमृत विचार:** जिले में इन दिनों खाद के लिए मारामारी हो रही है। डीएपी की किल्लत है। इस बीच खाद की कालाबाजारी करने के लिए अवैध रुप से भंडारित करने का मामला सामने आया है। जिला कृषि अधिकारी ने सिढपुरा क्षेत्र में अवैध भंडारण के गोदाम पर छापा मारा है। यहां 144 डीएपी खाद के कट्टे जब्त किए हैं। व्यापारी पर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

इन दिनों जिले में डीएपी खाद की किल्लत बनी हुई है। मंगलवार को जिला कृषि अधिकारी डा. अवधेश मिश्र की टीम ने मगथरा स्थित संतोष कुमार पुत्र हरिप्रसाद के गोदाम पर छापा मारा।

गोदाम खुलवा कर देखा तो उसमें बड़ी मात्रा में डीएपी खाद की बोरियां भरी हुई थीं। उन्होंने डीएपी के स्टॉक के बारे में जानकारी की तो वह न तो कोई संतुष्ट जवाब दे सके और न ही संबंधित अभिलेख दिखा सके।

टीम ने गोदाम से 144 डीएपी के खाद के कट्टे जब्त किए हैं। संतोष कुमार ने बताया कि उसके चचिया ससुर मुनेश पुत्र राम प्रकाश निवासी ग्राम गंगापुर नगला बीच जनपद फिरोजाबाद की मैसर्स लक्ष्मी बीज भंडार के नाम से दुकान है। गोदाम को सीज कर दिया है। थाना प्रभारी सिढ़पुरा राधेश्याम ने बताया जिला मजिस्ट्रेट के निर्देश पर मुकद्दमा पंजीकृत किया गया है।



गोदाम को सीज करती कृषि विभाग की टीम। ● अमृत विचार

- **खाद के लिए हो रही मारामारी के बीच सक्रिय है कृषि विभाग**



गोदाम में रखे खाद के कट्टे। ● अमृत विचार

मगथरा स्थित गोदाम में भरी डीएपी खाद का अवैध भंडार मिला है। खाद नकली व संदिग्ध प्रतीत होती है। नमूना जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जाएगा। गोदाम को सीज कर दिया गया है। **–डा. अवधेश मिश्र**, जिला कृषि अधिकारी।

# नोटों की मालाएं और नगदी समेट ले गए चोर

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** सदर कोतवाली से चार सौ मीटर दूर चोरों ने बीती रात दूल्हे के श्रंगार की दुकान में नकब लगाकर हजारों रुपए लेकर फरार हो गए। पीडित व्यापारी ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर चोरी के घटना के खुलासे की मांग की है।

सदर कोतवाली से 400 मीटर की दूरी पर बारहद्वारी स्थित गोपाल अग्रवाल की दूल्हे के श्रंगार की दुकान है। सोमवार की देर रात वह दुकान बंद कर घर चले गए थे। सुबह दस बजे अपनी दुकान खोलने पहुंचे तो सामान बिखरा पड़ा था। पीछे से नकब लगा हुआ था।

चोरी की जानकारी मिलते ही तमाम व्यापारी एकत्रित हो गए। पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण किया और फोरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य एकत्रित किए। गोपाल अग्रवाल ने बताया कि चोर दस हजार की नकदी के अलावा दस हजार रुपयों से बनी रखी नोटों की मालाएं लेकर फरार हो गए हैं। इंस्पेक्टर लोकेश भाटी ने बताया कि चोरी की तहरीर मिल चुकी है। मामला दर्ज कर चोरों की तलाश की जा रही है। जल्द चोरी की घटना का खुलासा किया जाएगा।

**पांचवी बार चोरों ने दुकान को बनाया निशाना**

गोपाल अग्रवाल की दुकान में पांचवी बार चोरी हो चुकी है। कोतवाली से चंद कदम की दूरी पर हो रही चोरी की घटना को लेकर व्यापार सभा के पदाधिकारियों में खासा आक्रोश है। उन्हें रात्रि पुलिस गशत पर भी सवाल खडे कर दिए। उन्होंने एसपी अपर्णा रजत कौशिक से रात्रि गशत बढाए जाने और चोरी का खुलासा किए जाने की मांग की है।

## पॉक्सो एक्ट के आरोपी की जमानत अर्जी निरस्त

**कासगंज, अमृत विचार:** युवती भगाने और पॉक्सो के एक्ट आरोपी की जमानत अर्जी निरस्त हो गई। आरोपी की मां ने विशेष न्यायाधीश की अदालत में अर्जी लगाई थी।

पटियाली थाना क्षेत्र के नगला रगी निवासी अनारकली ने मंगलवार को विशेष न्यायाधीश की अदालत में अपने बेटे अमन को जमानत के लिए अर्जी दाखिल की ।अर्जी में कहा कि उसका बेटो निर्दोष है। उसके खिलाफ पार्टीबंदी के चलते घटना के आठ दिन बाद एफआईआर दर्ज करा दी गई थी। एफआईआर में एक महिला ने आरोप लगाया था कि उसकी नाबालिग बेटी सहावर थाना क्षेत्र के भिलौली गांव में अपनी बडी बहन के घर रह रही थी। 16 जुलाई को युवक वहां से भगा ले गया था। विशेष लोक अभियोजक संजीव कुमार दरक ने बताया कि न्यायाधीश ने पक्ष विपक्ष की दलीलें सुनकर जमानत निरस्त कर दी।

# ऑनलाइन व्यापार का विरोध सपाइयों ने किया प्रदर्शन

- **सहावर में निकाला पैदल मार्च, सरकार का किया विरोध**
- **सपा नेता बोले ऑनलाइन व्यापार से ठप हो जाएगा स्थानीय कारोबार**

संवाददाता, सहावर

**अमृत विचार :** सहावर में समाजवादी व्यापार सभा के कार्यकर्ताओं ने ऑनलाइन व्यापार के बहिष्कार का विरोध करते हुए पैदल मार्च निकाला। पत्र बांटकर जागरूकता की। साथ ही कहा कि ऑनलाइन व्यापार से खुदरा बाजार ठप्प हो जाएगा। इसलिए किसी भी हाल में ऑनलाइन व्यापार स्वीकार नहीं किया जा सकता।

समाजवादी पार्टी व्यापार सभा के जिला अध्यक्ष रिंकू महाजन के नेतृत्व में सहावर में कार्यकर्ताओं ने ऑनलाइन व्यापार का विरोध प्रदर्शन किया। पैदल मार्च शुरु कर कस्बे के लोगों को पोस्टर और पत्रों के माध्यम से जागरूक किया। कहा की ऑनलाइन व्यापार के कारण खुदरा एवं छोटे व्यापारियों का भारी नुकसान हो रहा है समाजवादी पार्टी ऑनलाइन व्यापार का विरोध कर रही है। सपा व्यापार सभा विधान सभा क्षेत्र अध्यक्ष प्रयांशु जौहरी ने बताया कि समाजवादी पार्टी व्यापार सभा द्वारा ऑनलाइन व्यापार के विरोध में सोरों में जबरदस्त विरोध प्रदर्शन किया गया।

बॉबी गुप्ता, रंजीत साहू, केशव अग्रवाल, अमित यादव, अमित गुप्ता, विशाल कश्यप, अखिलेश परतापुर, उमेश चंद्र, गिरीश यादव, राजकुमार नागर, हरीश प्रधान, न्याज मुहम्मद, शिवम मौर्य,फिरोज खांन, सुमंत यादव, गगन यादव, विनय सक्सेना, पीडी यादव, उर्वेश यादव, दानिश अली, दीनदयाल शाक्य, केपी सिंह, अभिषेक भारद्वाज, अयूब अली, मुस्तफा शेरवानी, जाकिर अली सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।



सहावर के बाजार में ऑनलाइन व्यापार का विरोध करते सपा कार्यकर्ता।

# मौसम का परिवर्तन बना रहा लोगों को रोगी

- **स्वास्थ्य केंद्र पर सुबह से ही लगती है रोगियों की कतार**

संवाददाता, अमांपुर

**अमृत विचार:** मौसम में हो रहा परिवर्तन लोगों को बीमार बना रहा है। वहीं मच्छरों का प्रकोप भी प्रभाव डाल रहा है। परिणाम स्वरूप रोगियों की संख्या बढ़ रही है। मंगलवार को स्वास्थ्य केंद्र की ओपीडी में विभिन्न रोगों ग्रसित 310 मरीजों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया और दवाएं ली।

अक्टूबर माह में मौसम के मिजाज में हो रहे बदलाव के साथ ही रोगियों की संख्या भी बढ़ने लगी है। लोग बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। मंगलवार को प्रथामिक स्वास्थ्य केंद्र पर सुबह से ही बुखार के मरीजों की कतार लग गई। ओपीडी बंद होने तक 310 मरीज मरीज अस्पताल पहुंचे। बुखार पीड़ित मरीजों में काफी संख्या में मलेरिया, टाइफाइड, बुखार के लक्षण के मरीज पहुंचे। इन मरीजों की रक्त की जांच कराई गई।

ओपीडी कक्ष के बाहर मरीजों की भीड़ लगी रही। सुबह 10 बजे से धीरे-धीरे मरीजों की संख्या बढ़नी शुरू हो गई। 2 बजे तक अस्पताल में मरीजों की भीड़ देखने को मिली। सुबह से ही पर्चा बनवाने वालों की अच्छी खासी लाइन लग गई। इसी तरह ओपीडी, जांच लैब और दवा वितरण काउंटर पर भी मरीजों और उनके साथ आये तीमारदारों की लाइन लगी रही।





अमांपुर सीएचसी पर इलाज के लिए पहुंचे मरीज। ● अमृत विचार

# स्टेडियम से संपूर्णानंद का नाम हटाने का विरोध



सदर तहसील में उपजिलाधिकारी कोमल पवार को ज्ञापन देते कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

- **कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उपजिलाधिकारी को दिया ज्ञापन**
- **राष्ट्रपति से संपूर्णानंद का नाम बहाल कराए जाने की मांग**

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** बनारस में स्टेडियम के पुनः निर्माण के दौरान बाबू संपूर्णानंद का नाम हटाये जाने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आक्रोश जताया है। भारतीय जनता पार्टी को महापुरुषों का अपमान करने वाली पार्टी बताया है। उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देकर राष्ट्रपति से मामले में हस्तक्षेप कर संपूर्णानंद का नाम पुनः बहाल कराए जाने की मांग की है।

सदर तहसील पर ज्ञापन देने पहुंचे कार्यकर्ताओ के बीच बोलते हुए जिला महासचिव अमित पाठक ने कहा कि विगत दिनों प्रधानमंत्री द्वारा बनारस के पुराने स्टेडियम के पुनःनिर्माण का उद्घाटन किया गया था। स्टेडियम के उद्घाटन के साथ ही स्टेडियम से जुड़ा बाबू संपूर्णानंद का नाम हटा दिया गया, जो काफी आपत्तिजनक एवं शर्मनाक ही नहीं बल्कि काशी एवं उसकी गौरवशाली विरासत का अपमान भी है। सरकार के इस घृणित कार्य से काशी के लाखों लोग आहत हुए हैं और दुःखी हैं।

कहा कि संपूर्णानंद जैसे लोकप्रिय मनीषी, राजनेता का नाम किसी प्रतिष्ठान से हटा दिया जाना महज उनका एवं काशीवासियों की भावनाओं का ही अपमान नहीं, बल्कि काशी की विद्वत आचार्य परम्परा और सत्य, त्याग, नैतिक मूल्यों, ईमानदारी आदि की एक आदर्श राजनीति की प्रेरणास्पद विरासत और आजादी की लड़ाई के सेनानियों का भी अपमान है। दुर्भाग्य से इसे उस दल एंव उसकी सत्ता से जुड़े लोग नहीं समझ पाते हैं, जो लौह पुरुष सरदार पटेल गुजरात स्टेडियम, मोटेरा, अहमदाबाद तक का भी नाम बदलकर ''नरेन्द्र मोदी स्टेडियम करने की धृष्टता करते हैं। कार्यकर्ताओ ने राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू को संबोधित मांग पत्र एसडीएम कोमल पवार को देकर सम्पूर्णानन्द स्पोर्ट्स स्टेडियम नाम फिर से बहाल किये जाने के मांग की है। शहर अध्यक्ष राजेंद्र कश्यप, मुनेंद्र राजपूत, बलवीर सिंह लोधी, भुवनेश कुमार शर्मा, धर्मवीर सिंह, सोमेंद्र लोधी, झम्मन सिंह, योगेश मिश्रा सहित अन्य कांग्रेसी नेता मौजूद रहे।

## डा. फारुख बने व्यापार मंडल के जिला महामंत्री

**कासगंज:** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष सुरेश वार्ष्णेय ने प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा के निर्देश पर डॉ. मो. फारूक को पुनः जिला महामंत्री के पद पर मनोनीत किया है।

जिलाध्यक्ष सुरेश वार्ष्णेय ने कहा कि डॉ. फारूक के मनोनयन से व्यापार जगत को नई दिशा मिलेगी। अशोक सिसोदिया, प्रदीप गुप्ता सर्राफ, डॉ. विकास गुप्ता, जितेन्द्र वार्ष्णेय, प्रदीप हिना, अंकुर गुप्ता, किशोर अग्रवाल, राज मोबाइल, अतुल वार्ष्णेय, संजीव सिसोदिया, विक्रम सिसोदिया, प्रशांत गुप्ता, आलोक दुबे, नसीम बरकी, विनय राज पन्नू माहेश्वरी, संतोष यादव ठेकेदार, गौरव यादव सभासद, मनोज शाक्य सभासद, शमीम अहमद खान, हाजी नईम अख्तर आदि व्यापारियों ने हर्ष व्यक्त किया है।



डा. फारुख

# आरोपी अधिवक्ता की जमानत अर्जी खारिज

**मोहिनी हत्याकांड**

कार्यालय संवाददाता, कासगंजः

**अमृत विचार:** अधिवक्ता मोहिनी हत्याकांड के आरोपी अधिवक्ता ने अपर जिला एवं सत्र न्यायालय में जमानत के लिए अर्जी लगाई। न्यायालय ने जमानत अर्जी निरस्त कर दी।

तीन सितंबर को अधिवक्ता मोहिनी तोमर न्यायालय के मुख्यद्वार से लापता हो गई। चार सितंबर को उनका शव गोरहा नहर में रेगपुर गांव के समीप मिला। छह सितंबर को अधिवक्ता के पति बृजतेंद्र तोमर ने अधिवक्ता मुस्तफा कामिल, असद मुस्तफा, हैदर मुस्तफा, सलमान, मुनाजिर रफी और केशव मिश्रा के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कराया। इस मामले में मंगलवार को अधिवक्ता केशव मिश्रा ने जमानत प्रार्थना पत्र अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम न्यायालय में दिया। इसकी सुनवाई एडीजे अनुतोष शर्मा ने की। दोनो पक्षों को सुना गया। फिर आरोपी पक्ष की दलील से न्यायालय संतुष्ट नहीं हुआ। जिला शासकीय अधिवक्ता द्वारा तर्क दिया गया कि अन्य आरोपियों के साथ जमानत अर्जी देने वाले अधिवक्ता भी आरोपी हैं। इसके अलावा और भी कई तथ्य दिए गए।

न्यायालय ने माना कि प्रकरण जघन्य एवं गंभीर प्रवृति का है। विवेचना प्रचलित है। इस स्तर पर गुणदोष पर मत व्यक्त न करते हुए जमानत नहीं देने के आधार पर्याप्त नहीं है। जिला शासकीय अधिवक्ता, अपराध संजीव यदुवंशी ने बताया कि न्यायालय में मामला विचाराधीन है। अधिवक्ता उसमें आरोपी हैं। एक अधिवक्ता की जमानत अर्जी निरस्त हो गई है।

## शहर की छात्रा गोल्ड मेडल से सम्मानित

**कासगंज, अमृत विचार :** शहर के दीपकांत चोला की पुत्री अदिति चोला ने राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय अलीगढ से 2024–25 सत्र में एमए संस्कृत में सर्वोच्च अंक प्राप्त किए। 21 अक्टूबर को विश्वविद्यालय परिसर में दीक्षांत समारोह में उप राष्ट्रपति जगदीप धनगढ़ एवं राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने आदिति को गोल्ड मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। डा. प्रवेश माहेश्वरी, राकेश चोला, अनुपम चोला, विनीत चोला, कृष्ण चंद शक्ची, राजकुमार जाकेटिया, अरबिंद कुमार माहेश्वरी, सुनील गर्ग, महेंद्र चाडक्य, संतोष माहेश्वरी, अभय रतन चोला, अभय रत्न माहेश्वरी, नरेश माहेश्वरी, केएम माहेश्वरी, नवीन माहेश्वरी ने शुभकामनाएं दीं।

# कर्नाटक हाईकोर्ट के फैसले का किया विरोध

कार्यालय संवाददाता, कासगंजः

**अमृत विचार:** कर्नाटक हाईकोर्ट द्वारा एक मामले में दिए गए फैसले पर जिला कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग ने विरोध जताया है। फैसले को हिंसा करने वालों का मनोबल बढ़ाने वाला बताया है। मुख्य न्यायाधीश को ज्ञापन देकर निष्पक्ष न्याय दिलाने की मांग की है।

अल्पसंख्यक विभाग के जिलाध्यक्ष डा.मुहम्मद मियां ने कहा कि कर्नाटक में 24 सितंबर 2023 को कुछ संगठन के लोगों ने मस्जिद में जबरदस्ती घुसकर जय श्री राम के नारे लगाकर सांप्रदायिक तनाव पैदा किया। 13 सितंबर 2024 को कर्नाटक हाईकोर्ट के जज एम नाग प्रसना ने कीरचन कुमार व अन्य अराजक तत्वों को निर्दोष बता कर बरी कर दिया।

उन्होंने कहा कि यह फैसलाअराजक तत्वों को मस्जिदों, चर्चों और गुरुद्वारों में घुसकर आतंक फैलाने के लिए प्रेरित करेगा। इससे पहले भी देश ने देखा था कि मुसलमानों को गोली मारने का नारा लगाने वाले पूर्व केंद्रीय मन्त्री अनुराग ठाकुर को दिल्ली हाईकोर्ट के जज चंद्रधारी सिंह ने बरी करते हुए कहा था कि मुस्कुरा कर लगाया गया यह नारा धमकी की श्रेणी में नहीं आता है। ऐसे फैसलों से मुसलमानों के खिलाफ हिंसा करने वालों का मनोबल बढ़ा है। कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन देकर मुख्य न्यायाधीश से न्यायायिक व्यवस्था में पारदर्शिता की मांग की है।





उपजिलाधिकारी सदर को ज्ञापन देते कांग्रेस कमेटी अल्प संख्यक के पदाधिकारी।

- **जिला कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग ने मुख्य न्यायाधीश के नाम दिया मांग पत्र**
- **मस्जिद में जबरदस्ती घुसकर जय श्री राम के नारे लगाकर सांप्रदायिक तनाव पैदा किया**

# कस्बे में अब नहीं है कोई भी आधार सेंटर

संवाददाता, गंजडुंडवाराः

**अमृत विचार:** कस्बे में अब कोई भी आधार सेंटर संचालित नहीं है। डाकघर एक मात्र आधार सेंटर भी ब्लैक लिस्टेड होने के कारण बंद हो चुका है। आधार बनवाने या फिर संसोधित कराने के लिए लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

देश के नागरिक की पहचान का मुख्य आधार कार्ड बनवाने या उसमें सुधार करवाने के लिए कस्बा वासियों व आसपास क्षेत्र के ग्रामीण लोगों को परेशान होना पड़ रहा है,क्योंकि कस्बे के डाक घर मे संचालित एक मात्र सेंटर भी ब्लैक लिस्टेड होने के चलते बंद हो गया है।जिसके चलते लोग आधार कार्ड बनवाने के लिए लोग जिला मुख्यालय सहित सहावर,कासगंज मे स्थित आधार कार्ड सेंटर के चक्कर काट रहे हैं। लोगों के समय और रुपये दोनों बर्बाद हो रहे हैं। आस पास के लगभग 40 गांव से अधिक गांवों के लोग परेशान हो रहे है।

गनेशपुर स्थित बीआरसी कार्यालय आधार कार्ड बनाने की प्रक्रिया लम्बे समय से बंद चल रही है। जबकी बीआरसी पर आधार एनरालमेंट हेतु दो मशीने हैं। जिनमें टेक्लिकल कारणो से एक मशीन दो साल से वही दूसरी एक साल से धूल फांक रही है।



गंजडुंडवारा कस्बे में बंद आधार कार्ड सेंटर।

पोस्ट आफिस में आधार नामाकंन की आईडीशुक्रवार को ब्लैक लिस्टेड होने के चलते लॉक हो गई। जिससे आधार सम्बधी कार्य बंद हैं। **–प्रदीप दीक्षित**, डाकघर इंचार्ज, गंजडुण्डवारा

दुर्जन :स्वस्वभावेन परकार्ये विनश्यति।
नोदर तृप्तिमायाती मूषक :वस्त्रभक्षक : ॥

दुष्ट व्यक्ति का स्वभाव ही दूसरे के कार्य बिगाड़ने का होता है। वस्त्रों को काटने वाला चूहा कभी भी पेट भरने के लिए कपड़े नहीं काटता।

## संपादकीय

# जैव विविधता एवं संरक्षण

जलवायु परिवर्तन की वैश्विक चुनौती के विरुद्ध जैव विविधता सबसे मजबूत स्वाभाविक रक्षा उपाय है। भूमि व महासागर के पारिस्थितिकी तंत्र, कार्बन भंडारण का कार्य करते हैं और कुल कार्बन उत्सर्जन में से आधी सोख लेते हैं। जैव विविधता का मतलब है, सभी जीवित चीजों की विविधता, जैसे कि विभिन्न पौधे, जानवर, सूक्ष्मजीव, उनमें मौजूद आनुवंशिक जानकारी और उनके द्वारा बनाए गए पारिस्थितिकी तंत्र। जैविक विविधता भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक संपत्ति की तरह है। जैव विविधता के नुकसान से 10 लाख जानवरों और पौधों की प्रजातियों पर अब विलुप्त होने का खतरा मंडरा रहा है। जैव विविधता संरक्षण की दृष्टि से कोलंबिया के कैली में सोमवार से शुरू हुआ संयुक्त राष्ट्र जैव विविधता सम्मेलन (कॉप-16) विश्व में सबसे महत्वपूर्ण आयोजन है। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने सम्मेलन के उदघाटन समारोह में ध्यान दिलाया कि समझना जरूरी है, यदि हम जीवन के सभी रूपों की रक्षा करें, तो हम अपनी रक्षा भी कर सकेंगे। भारत में जैव विविधता का महत्व इस वजह से है कि यहां दुनिया की कुल जैव विविधता का लगभग 7 से 8 प्रतिशत हिस्सा पाया जाता है। भारत विकास और जैव विविधता संरक्षण की अपनी यात्रा में एक महत्वपूर्ण मोड़ पर है। तेज आर्थिक प्रगति, शहरीकरण और औद्योगिक विस्तार देश के समृद्ध पारिस्थितिकी तंत्र को लगातार खतरे में डाल रहे हैं। इस समस्या से निपटने के लिए, भारत को अपनी पर्यावरणीय प्रभाव आकलन प्रक्रियाओं को मजबूत करने, व्यापक जैव विविधता मानचित्रण में निवेश करने और महत्वपूर्ण आवासों के संरक्षण को प्राथमिकता देने की आवश्यकता है।

दुनिया के सबसे अधिक विविधता वाले देशों में से एक के रूप में भारत को वैश्विक जैव विविधता संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है। देश की जैव विविधता को संरक्षित करने के लिए सरकार ने राष्ट्रीय जैव विविधता और मानव कल्याण मिशन शुरू किया है। यह मिशन भारत एवं इसकी अर्थव्यवस्था को हरित करने, लोगों की भलाई के लिये प्राकृतिक पूंजी को बहाल एवं समृद्ध करने और अनुप्रयुक्त जैव विविधता विज्ञान में भारत को एक वैश्विक नेता के रूप में स्थापित करने के लिए अंतःविषयक ज्ञान की शक्ति का दोहन करने का लक्ष्य रखता है। भारत में हिमालय, पश्चिमी घाट, इंडो-बर्मा क्षेत्र और सुंदरलैंड जैव विविधता हॉटस्पॉट हैं। जैव विविधता हॉटस्पॉट की रक्षा करके, भारत की समृद्ध और विविध वनस्पतियों के साथ जीवों का संरक्षण किया जा सकता है, जिससे वैश्विक स्तर पर जैव विविधता संरक्षण में योगदान मिल सकता है।

# चांद पृथ्वी से दूर ही जा रहा है



डॉ. राजीव अग्रवाल
चिकित्सक, शाहजहांपुर

हमारे सबसे पास के इस खगोलीय पिंड के बारे में अनेक रोचक तथ्य हैं। हम जानते हैं कि चांद पृथ्वी के चारों ओर एक इलिप्टिकल ऑर्बिट में घूमता है, जिसमें यह कभी पृथ्वी के पास होता है और कभी दूर। इसकी पृथ्वी के सबसे पास की दूरी लगभग 3,60,000 किलोमीटर और सबसे अधिक दूरी लगभग 4,05,000 किलोमीटर होती है।

पिछले दिनों मैं अपने मित्र का एक संप्रेषण पढ़ रहा था, जिसमें अंतर्राष्ट्रीय चंद्र-निशा अवलोकन के बारे में बताया गया था। यह चांद को देखने के लिए एक आयोजन होता है। इसे पढ़कर मुझे अपने बचपन और बाद की चांद के विषय की कुछ कल्पनाएं, धारणाएं और तथ्य याद हो आए। बचपन में कभी-कभी यह प्रश्न तो मेरे मन में आता था कि पृथ्वी चांद को नीचे खींचती है तो क्या कभी यह चांद नीचे पृथ्वी पर गिर सकता है? और यदि ऐसा हो गया तब तो दोनों ही संसार नष्ट हो जाएंगे। अब मैं जानता हूं कि चांद को पृथ्वी पर गिरने से रोकने के लिए पृथ्वी और अन्य ग्रहों को सूर्य में गिरने से रोकने के लिए और सभी तारों को केन्द्र में इकट्ठा होने से बचाने के लिए उनकी गति उत्तरदायी होती है। उस गति से प्राप्त अपकेन्द्रीय बल एवं अन्य कारक इसके लिए उत्तरदायी होते हैं। प्रारंभिक रूप से वह गति कहां से आई होती है, यह जानना भी अत्यंत महत्वपूर्ण और रोचक होता है।

मैं तो बालक ही था जब ये प्रश्न मेरे मन में आते थे, लेकिन ये प्रश्न बहुत लंबे समय से मानव जाति के मन में आते रहे हैं और वह उनके उत्तर ढूंढने का प्रयत्न करती रही है। अपने कॉसमॉस के विषय में मनुष्य की धारणाओं का विकास पढ़ना एक बहुत रोचक अध्ययन है। यह जानना रोचक है कि कैसे पहले सूर्य को एक गर्म पत्थर माना जाता था, फिर कहा गया कि नहीं, वह उससे कुछ बड़ा है, फिर कहा गया कि वह और बड़ा है और वह मास्को शहर के लाल चौक (रेड स्क्वायर) के बराबर है। अब हम जानते हैं कि सूर्य इतना बड़ा है कि उसमें 13 लाख पृथ्वियां समा सकती हैं। अब हम जानते हैं कि 'नीचे' और 'ऊपर' केवल सापेक्ष शब्द हैं। यह कोई विशेष दिशाएं नहीं होती हैं-यह गुरुत्वाकर्षण के केन्द्र और उसके सापेक्ष हमारी स्थिति पर निर्भर करती हैं। चांद की सतह पर खड़े होकर हम 'नीचे' पृथ्वी की ओर नहीं गिर सकते हैं। चांद पृथ्वी के चारों ओर क्यों घूमता है और क्या वह कभी पृथ्वी पर गिर सकता है? हम जानते हैं कि वस्तुतः चांद पृथ्वी पर इन अर्थों में निरंतर गिर रहा है कि वह पृथ्वी के चारों ओर चक्कर लगा रहा है। वह पृथ्वी की ओर गिर रहा है, लेकिन पृथ्वी के गोल होने और अपनी क्षैतिज गति के कारण पृथ्वी से टकरा नहीं रहा है। वस्तुतः चांद पृथ्वी से दूर ही जा रहा है। पृथ्वी से उसकी औसत दूरी निरंतर बढ़ रही है। मैं इस बात के विस्तार में नहीं जाऊंगा, लेकिन यह एक तथ्य है कि चांद और पृथ्वी के एक-दूसरे पर गुरुत्वाकर्षण बल के प्रभाव के कारण इन दोनों पिंडों में ही ज्वार-भाटीय तरंगें उत्पन्न होती हैं। इन तरंगों के कारण इन पिंडों के घूमने में प्रतिरोध पैदा होता है और इनकी अपने अक्ष पर घूर्णन की गति कम होती जाती है।

> चांद और पृथ्वी के बीच वास्तव में बहुत व्यापक संबंध है, इसमें अनेक रोचक तथ्य हैं, इसकी अपनी गणितीय व्याख्याएं हैं और इसको काफी अच्छी तरह से समझाया जा सकता है। जब चांद का निर्माण अब से लगभग 4 .5 अरब वर्ष पूर्व हुआ था, तब यह पृथ्वी के बहुत पास रहा होगा और इसके अनेक निहितार्थ हैं, अनेक प्रभाव हैं।

इस समय चांद पृथ्वी के साथ ग्रैवीटेशनली या टाइडली लॉक्ड स्थिति में है। यही कारण है कि चांद का अपने अक्ष पर और पृथ्वी के चारो ओर घूमने का समय बिल्कुल बराबर- 27.322 दिन है। यही कारण है कि हम चांद का केवल एक पक्ष देख पाते हैं। हां चांद के पृथ्वी के चारो ओर घूमने के परवलयाकार होने के कारण चांद की सतह में पृथ्वी की सतह के सापेक्ष एक दोलन होता है, जिसके कारण हम उसकी सतह का 50 प्रतिशत से कुछ अधिक भाग देख पाते हैं। ऊर्जा के संरक्षण के नियम के अनुसार पृथ्वी के अपने अक्ष पर घूमने के जड़त्व आघूर्ण में जो कमी आती है वह उसके और चांद के बीच घूर्णीय कोणीय जड़त्व आघूर्ण के बढ़ाने से पूरी की जा सकती है। अब क्योंकि पृथ्वी और चांद की मात्रा तो निश्चित ही है इसलिए यह आघूर्ण उनके बीच की दूरी बढ़ाकर ही पूरा किया जा सकता है। यह कहने का अर्थ है कि पृथ्वी और चांद की बीच की दूरी निरंतर बढ़ रही है। यह लगभग तीन सेंटीमीटर प्रतिवर्ष की दर से बढ़ रही है या हम कह सकते हैं कि यह लगभग ढाई मिलीमीटर चांद के पृथ्वी के चारो ओर प्रति चक्कर बढ़ रही है। हम कह सकते हैं कि जैसा कि मैं अपने बचपन में डरता था, उसके विपरीत, चांद पृथ्वी पर गिर नहीं रहा है, बल्कि यह हमसे दूर ही जा रहा है। हां यदि ये दोनों खगोलीय पिंड विद्यमान रहे तो अब से बहुत समय बाद ये एक-दूसरे के पास आना शुरू करेंगे। इसके अपने कारण हैं। ये एक-दूसरे के कितने पास हो जाएंगे और ऐसा कब होगा और उसके एक-दूसरे पर क्या प्रभाव पड़ेंगे, इनको समझा जा सकता है।

हमारे सबसे पास के इस खगोलीय पिंड के बारे में अनेक रोचक तथ्य हैं। हम जानते हैं कि चांद पृथ्वी के चारों ओर एक इलिप्टिकल ऑर्बिट में घूमता है, जिसमें यह कभी पृथ्वी के पास होता है और कभी दूर। इसकी पृथ्वी के सबसे पास की दूरी लगभग 3,60,000 किलोमीटर और सबसे अधिक दूरी लगभग 4,05,000 किलोमीटर होती है। अपनी कक्षा में पृथ्वी से अपनी दूरी के अनुसार इसकी गति तेज और धीमी होती रहती है। चांद पृथ्वी के चारो ओर एक चक्कर 27.322 दिन में लगा लेता है, किंतु पृथ्वी की सतह के किसी स्थान पर देखी जा रही इसकी एक कला से उसी कला तक पुनः आने में 29.5 दिन का समय लगता है। जैसे किसी स्थान पर एक पूर्णमासी से अगली पूर्णमासी 29.5 दिन में होगी। ऐसा इसलिए होता है कि पृथ्वी भी अपने अक्ष पर घूमती रहती है, उसका एक स्थान चांद के सापेक्ष आगे बढ़ जाता है और पृथ्वी के एक स्थान के सामने पुनः आने के लिए चांद को 27.322 दिन से अधिक समय लग जाता है।

चांद और पृथ्वी के बीच वास्तव में बहुत व्यापक संबंध है, इसमें अनेक रोचक तथ्य हैं। इसकी अपनी गणितीय व्याख्याएं हैं और इसको काफी अच्छी तरह से समझाया जा सकता है। जब चांद का निर्माण अब से लगभग 4.5 अरब वर्ष पूर्व हुआ था, तब यह पृथ्वी के बहुत पास रहा होगा और इसके अनेक निहितार्थ हैं, अनेक प्रभाव हैं। पृथ्वी के पास होने पर इसका ज्वार-भाटीय प्रभाव भी बहुत अधिक रहा होगा। उसका प्रभाव पृथ्वी की भू-पर्पटी में रेडियोएक्टिव पदार्थों के इकट्ठे होने पर भी होता है। यह रेडियोधर्मी पदार्थ जीवित प्राणियों के जीन्स में म्यूटेशन्स पैदा करते हैं, जो नई जातियों के निर्माण में सहायक होते हैं। यह एक कारण हो सकता है कि पृथ्वी पर इतनी अधिक विभिन्न जीव-जातियां दिखाई पड़ती हैं।

चांद और पृथ्वी का यह संबंध बहुत रोचक है। बच्चों का वह चंदा मामा, वह सूत कातती बुढ़िया और खरगोशों वाला चांद, वह अपने लिए जाड़े की रात के लिए अपनी मां से एक कुर्ता सिलवा देने का अनुरोध करने वाली कविताओं का चांद, वह कवियों की कल्पनाओं और प्रेमियों की उपमाओं का चांद, वह 'चांद सा रोशन चेहरा' जैसे वाक्यांशों को जन्म देने वाला चांद, वह लोक-कथाओं में स्थान रखने वाला चांद, वह बच्चों की लोरियों में स्थान रखने वाला चांद "चंदा मामा दूर के, पुए पकाएं पूर के, आप खाएं थाली में, मुन्ने को दें प्याली में", वह सूर्य के प्रकाश को परावर्तित करके पृथ्वी पर चांदनी फैलाता हुआ चांद, अंतरिक्ष में हमारा सबसे पास का वह पड़ोसी और वस्तुतः हमारी पृथ्वी से ही जन्म लेने वाला पृथ्वी का पुत्र, जो हमारा मामा नहीं वरन हमारा भाई कहा जा सकता है, ऊबड़-खाबड़ और गड्ढों से भरी चट्टानों से बना हुआ वह चांद, जिस पर मनुष्य अपना झंडा गाड़ चुका है और चल चुका है। हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। अगले कुछ वर्षों में वहां पर मानव की कॉलोनियां बस जाने का अनुमान भी है। उस चंदा मामा को देखकर अब मुझे ऐसा लगता है कि चंदा मामा अब दूर के नहीं हैं- अब वह 'टूर' के हैं - हम उन्हें हाथ बढ़ाकर छू सकते हैं, हम वहां 'टूर' पर जा सकते हैं। कोई आश्चर्य नहीं है कि चांद को देखने के लिए एक अंतर्राष्ट्रीय निशा का आयोजन किया जाता है।

## प्रसंगवश

# सनातन की समझ



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

सनातन इन दिनों एक बहु उद्धृत शब्द बन गया है। ज्यादातर लोग इसे हिन्दू धर्म (हिन्दुइज्म) के सीमित अर्थ में लेते हैं, मगर यह अपने में एक विराट वैचारिक व्यापकता समेटे हुए हैं। सनातन अपने में चिर प्राचीन और चिर नवीन है। चिर प्राचीन इसलिए कि इसके अतीत और उद्गम को हम स्पष्टतः अभी भी उद्घाटित नहीं कर पाए हैं।

काल के प्रवाह में इसमें अनेक वैचारिक कोण, आचार-विचार और विमर्श जुड़ते रहे। सनातन में नित-निरंतर अन्वेषण का भी भाव समाहित है। हम कैसे जिएं, कैसे रहें, हमारा प्रेय श्रेय क्या हो? क्या सही है क्या गलत? क्या उचित क्या अनुचित? सभी कुछ सनातन की महायात्रा में समाहित होता रहा। शाश्वत भी इसी सनातन का ही पर्याय है। यह कब तक स्पंदित रहेगा कहा नहीं जा सकता। सृष्टि के समापन के साथ भले ही इसका लय हो जाए, इसके पहले तो नहीं। या यह भी कह लें कि सृष्टि का लय भले हो जाए यही सनातन तब भी शेष रहेगा और नव सृष्टि के उन्मेष को स्फुरण देगा। सनातन की प्रवाहमयी यात्रा निरंतर जारी है। कोई ठहराव नहीं। बस केवल सातत्य, इसी अर्थ में यह चिर नवीन है। विरोधाभासों, पारस्परिक विभिन्नताओं का समंजन ही नहीं, जहां समुच्चय है वही सनातन है। इसलिए ही एक धर्म के रूप में यह पूरे विश्व में अति विशिष्ट है, जहां विश्व के अनेक धर्म कट्टरता मूलक हैं, एक देव पूजक हैं सनातन का आह्वान है। सारे जहां में जो भी श्रेष्ठ हो वह हमें स्वीकार्य हो। यह हठवादिता को प्रश्रय नहीं देता।

यहां ठहराव की सड़ांध नहीं है। सब कुछ फ्रेश है, नव्य है, प्रदीप्त है। पथ प्रदर्शक है। यह वसुधैव कुटुंबकम को अपना ध्येय मानता है। समस्त जड़-चेतन में एक ही मूलस्थ भाव का दृष्टा है। यह अपने में वैदिक-अवैदिक किंतु तार्किक मान्यताओं को चार्वाक, महावीर बुद्ध सबको प्रतिष्ठित करता हुआ चरैवेति चरैवेति के संकल्प के साथ अग्रसर है। इतने गुण धर्म को समेटे कोई भी मान्यता क्या कभी मिट सकती है? यही कारण है कि तमाम आघातों के बाद आज भी सनातन जीवंत है। मानवता के कल्याण की यह अहर्निश यात्रा जारी है। हम अपने बहुविध योगदानों से इसे गति प्रदान करते रहें।

# मनुष्य अन्य प्राणियों से भिन्न कैसे



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

अरस्तु ने मनुष्य की परिभाषा की है, लेकिन उससे पहले उन्होंने 'परिभाषा' की 'परिभाषा' की है। अरस्तु के अनुसार परिभाषा वह है, जो किसी वस्तु की अन्य वस्तुओं से समानता और भिन्नता बताए। इसी आधार पर मनुष्य की परिभाषा करते हुए उन्होंने कहा, मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। वह प्राणी है, इस अर्थ में अन्य प्राणियों के समान है, लेकिन वह सामाजिक है, इस अर्थ में अन्य प्राणियों से भिन्न है। यह परिभाषा कहां तक उपयुक्त है? चींटियां, मधुमक्खियां, हिरण, हाथी ये सभी सामाजिक प्राणी हैं। कुछ अर्थों में इनकी सामाजिकता मनुष्य की सामाजिकता से बेहतर है।

मनुष्य-मनुष्य में जितना भेद पाया जाता है, उतना एक ही प्रजाति के अन्य किसी प्राणी में नहीं। एक ही नस्ल के दो आदमियों में जितना फर्क होगा, वह एक ही नस्ल के दो कुत्तों से बहुत ज्यादा होगा। ऐसा क्यों है? मनुष्य में मन और बुद्धि ज्यादा विकसित हैं (और यही उसकी परेशानी के सबब भी हैं)। शरीर की अपेक्षा मन को और मन की अपेक्षा बुद्धि को सूक्ष्म कहा गया है। सूक्ष्म में स्थूल से ज्यादा भिन्नता की गुंजाइश होती है। इसलिए मनुष्य की मानसिक संरचना में पशुओं की अपेक्षा भिन्नता का रेंज बहुत अधिक है।

भारतीय परंपरा में मनुष्यों को मोटे तौर पर तीन श्रेणियों में बांटा गया है- सत्वगुणी, रजोगुणी और तमोगुणी, लेकिन सभी सत्वगुणी एक ही ढांचे में ढले नहीं होते, न रजोगुणी और न तमोगुणी। रजोगुण की अपेक्षा सत्वगुण के अधिक सूक्ष्म होने से, सत्वगुणियों में अधिक श्रेणियां हैं, उनसे कम श्रेणियां रजोगुणियों में हैं और उनसे भी कम तमोगुणियों में, लेकिन कुल मिलाकर मनुष्यों की अनंत श्रेणियां हो जाती हैं। बात बस इतनी है कि सत्वगुणी की निम्नतम श्रेणी रजोगुणी की उच्चतम श्रेणी से ऊपर रहेगी। सूक्ष्मता से गुणात्मक भिन्नता आती है तो स्थूलता से मात्रा या संख्या में वृद्धि होती है। किसी भी समाज में, किसी भी काल में, तमोगुणी की संख्या रजोगुणी से बहुत ज्यादा रहेगी और उसी क्रम में रजोगुणी की संख्या सत्वगुणी से बहुत ज्यादा रहेगी। पुराने यूनान में ठीक ऐसा ही भेद तर्क, आत्मा, और भूख में किया जाता था।

> दार्शनिकों में तर्क, सैनिकों में आत्मा और उत्पादकों में भूख प्रधान मानी जाती थी। प्लेटो ने अपने ग्रंथ रिपब्लिक में शिक्षा की व्यवस्था केवल दार्शनिकों और सैनिकों के लिए की है।

दार्शनिकों में तर्क, सैनिकों में आत्मा और उत्पादकों में भूख प्रधान मानी जाती थी। प्लेटो ने अपने ग्रंथ रिपब्लिक में शिक्षा की व्यवस्था केवल दार्शनिकों और सैनिकों के लिए की है। शुरू में दोनों को एक जैसी शिक्षा दी जाती है, बाद में सैनिकों में से कुछ चुने हुए लोगों को उच्च शिक्षा देकर उन्हें दार्शनिक बनाया जाता है, जो प्रशासक भी होते थे। उच्च शिक्षा का उद्देश्य तर्क (सत्व गुण) को पहचानना और उसका विकास करना है। प्लेटो के आदर्श राज्य में दार्शनिक राजा की अवधारणा है। उसे किसी कानून की जरूरत नहीं होती, बल्कि कानून उसके लिए अनावश्यक बंधन साबित होगा। दार्शनिक राजा वह है, जिसमें अपने-पराए का भेद न हो। प्लेटो का विश्वास था कि सैनिक-शिक्षा पूरी होने के बाद सैनिकों में से ऐसे लोगों की पहचान की जा सकती है, जिनमें तर्क प्रधान हो और उन्हें उच्च शिक्षा देकर दार्शनिक राजा बनाया जा सकता है। प्लेटो का प्रसिद्ध वाक्य है-गुण ही ज्ञान है। दूसरे शब्दों में ज्ञान ही गुण है तो वे मानते थे कि वास्तविक ज्ञान और गुण एक ही हैं और मनुष्य की पात्रता पहचानकर और सम्यक शिक्षा देकर उसे ज्ञानी और गुणी (जो एक-दूसरे के पर्याय हैं) बनाया जा सकता है। यह कहना कठिन है कि मनुष्य के संबंध में यह त्रिवर्ग की अवधारणा प्राचीन भारत में यूनान से आई थी या यहां से यूनान गई थी, या दोनों जगह स्वतंत्र रूप से विकसित हुई थी।

परेशानी यह नहीं है कि तमोगुणी ज्यादा और सत्वगुणी कम हैं। परेशानी यह है कि सत्वगुणी अपने को तमोगुणी और तमोगुणी अपने को सत्वगुणी समझते हैं। तमोगुणी के साथ क्या है कि वह अपने अलावा और सबको मक्कार समझता है, इसलिए अपने बारे में उनके विचारों की परवाह ही नहीं करता। उसे जो समझ में आता है, धड़ल्ले से करता जाता है। इसके विपरीत सत्वगुणी अपने को तमोगुणी और दूसरों को सत्वगुणी मानते हुए, दूसरों की बड़ी परवाह करता है और दुखी रहता है। "सुखिया सब संसार है, खावे और सोवे। दुखिया दास कबीर कि जागे और रोवे॥" तमोगुणी जब वेदांत पढ़ता है तो 'अहं ब्रह्मास्मि' तो तुरंत समझ जाता है, लेकिन 'तत्वमसि' समझने में नानी याद आ जाती है। दूसरी ओर सत्वगुणी 'तत्वमसि' पर ही अटका रह जाता है। बाप रे, कितना कठिन है और उसे 'अहं ब्रह्मास्मि' तक पहुंचने में जीवन लग जाता है। बिना तत्व मसि के हृदयंगम हुए 'अहं ब्रह्मास्मि' कितना खतरनाक हो सकता है, आज के कुछ बाबाओं के कृत्य से स्पष्ट हो जाएगा।

## सोशल फोरम

# आमने-सामने की आलोचना



द्वारिका प्रसाद अग्रवाल
वरिष्ठ लेखक, बिलासपुर

किसी व्यक्ति के विषय में उसकी गैरहाजिरी में आलोचना करना हम सबको बहुत पसंद है। इसका आनंद अवर्णनीय है। इसे निंदा रस कहते हैं। प्रत्येक व्यक्ति अपने विवेक के अनुसार अपना व्यवहार निश्चित करता है। यह जरूरी नहीं कि उसका तरीका सबको पसंद आए। फिर उस पर टीका-टिप्पणी शुरू होती है। उचित-अनुचित पर तर्क दिए जाते हैं और बहस आरंभ हो जाती है।

यदि किसी के सामने उसकी आलोचना करने का साहस न हो या रिश्तों के बिगड़ने की बाधा न हो तो अपने मन का गुबार निकालने का यह एक मात्र तरीका है। वैसे, निंदा करने से दो फायदे होते हैं, प्रथम, इस प्रकार कुछ कह-सुन लेने से मन हल्का हो जाता है और द्वितीय, यह अत्यंत रोचक 'टाइम पास' खेल है इसलिए जिनके पास फुर्सत है, वे इसके निपुण खिलाड़ी होते हैं और जो व्यस्त हैं, वे कम शब्दों में कुछ कहकर या धीरे से मुस्कुरा कर इसका सुख प्राप्त कर लेते हैं। हम सब निंदा करने में बहुत आगे रहते हैं, लेकिन हम खुद इसे सहन नहीं कर पाते। किसी 'भेदिये' से अपने विषय में हो रही निंदा की जानकारी मिलते ही हमारे चेहरे की रंगत बदलने लगती है, कान गर्म होने लगते हैं और हमारे दिमाग में दूषित बातें जन्म लेने लगती हैं। कई बार हम अपने संबंधों पर पुनर्विचार करने लगते हैं। हमारी यह सोच न्यायोचित नहीं है। कड़वाहट की तर्ज पर आमने-सामने की आलोचना किसी का भी हृदय भेदती है और उसे जिद्दी बनाती है। यदि किसी समूह में किसी व्यक्ति की निंदा हो रही हो तो उसे रोकें और लोगों को प्रेरित करें कि भूलों की चर्चा केवल भूल करने वाले के सामने की जाएं।

किसी के पीठ पीछे उसकी आलोचना करने से होने वाली हानियां अत्यंत घातक होती हैं। किसी की गलतियां आमने-सामने भी बताई जा सकती हैं। सबसे पहले उसके अच्छे कार्यों की प्रशंसा करें, फिर धीरे से 'सूगर कोटेड' कैप्सूल की तरह उसकी भूलों की ओर इशारा करें। ध्यान रहे किसी को भी दोषी ठहराने का हक आपको नहीं है। इस प्रकार उसकी गलतियों को सुधार का अवसर देकर हम उसके कार्यों तथा व्यवहार को सही दिशा दे सकते हैं। इससे हमारे संबंध और अधिक मधुर एवं प्रगाढ़ होते हैं।

-फेसबुक वॉल से

# क्रिया एक : प्रतिक्रियाएं भिन्न-भिन्न



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

हिंदू समाज में सामान्यतया एक पुरुष को एक स्त्री से समागम का ही वैधानिक और नैतिक अधिकार है, वह भी विधि विहित विवाह के माध्यम से। इससे इतर गर्हित और दंडनीय है, राज्य और समाज द्वारा। नीति के श्लोकों में कहा गया है, "एको देवः केशवो वा शिवो वा, एका नारी सुंदरी वा दरी वा।" हालांकि व्यवहार रूप में विवाहेतर रति करने पर भिन्न-भिन्न मानदंड अपनाए गए हैं। साधारण व्यक्ति पर तो यह नियम सदा लागू रहा, किंतु लगता है देवताओं को इससे मुक्त रखा गया।

> सूर्य और चंद्र ने क्रमश : पांडु पत्नी कुंती और गुरु पत्नी तारा से गमन किया, किंतु लोक पूज्य बने हुए हैं। इंद्र ने अहल्या और विष्णु ने शंखचूड़ दैत्य की पत्नी से छल करके अभिसार किया, किंतु उनकी पूजा और देवत्व पर आंच नहीं आई।

सूर्य और चंद्र ने क्रमशः पांडु पत्नी कुंती और गुरु पत्नी तारा से गमन किया, किंतु लोक पूज्य बने हुए हैं। इंद्र ने अहल्या और विष्णु ने शंखचूड़ दैत्य की पत्नी से छल करके अभिसार किया, किंतु उनकी पूजा और देवत्व पर आंच नहीं आई। ऋषियों पर भी शायद यह नियम लागू नहीं था, क्योंकि पाराशर ने निषाद कन्या सत्यवती (मत्स्यगंधा) से उसकी इच्छा के विपरीत कम आयु होते हुए भी नौका पर रति की, जिससे व्यास उत्पन्न हुए, लेकिन ऋषि सम्मानित बने रहे। इसके अलावा संतानोत्पत्ति के लिए नारी यह क्रिया अन्य से करवा सकती थी और इस पद्धति को 'नियोग' कहते थे। बस उस बाहरी रतिकर्ता की नियुक्ति स्त्री के पति, पिता या भाई द्वारा होनी चाहिए और यथा संभव वह देवर या सपिंड वाला ही हो। शर्त यह भी है कि उस क्रिया में दोनों आनंद न लें, केवल संतानोत्पत्ति के सीमित उद्देश्य का ही लक्ष्य रखें। राजा ययाति की पुत्री माधवी का यौन शोषण कई लोगों ने किया। राजा ने तो उसे गालव ऋषि को भेंट कर दिया था। गालव को अपने गुरु विश्वामित्र को दक्षिणा में 800 श्यामकर्ण घोड़े देने थे, जो उनके पास नहीं थे। इसके लिए उन्होंने क्रमशः तीन राजाओं को बारी-बारी से माधवी को सौंपा, जिन्होंने उसे रखकर एक-एक पुत्र उत्पन्न किया और वापस कर दिया। बदले में दो-दो सौ उस प्रजाति के घोड़े दिए। दो सौ देना फिर शेष रहा, तो इसके बदले विश्वामित्र ने खुद उसे रखा और दो सौ घोड़े लेना माफ कर दिया। पश्चात् वह फिर गालव के पास आ गई।

उत्तराखंड में अब तो विकास की किरण सर्वत्र पहुंच गई है, किंतु विगत में कुछ प्रथाएं रही हैं। स्टोवेल ने अपनी मैनुअल में वहां के रीति-रिवाजों पर प्रकाश डाला है। कहीं-कहीं पांडु प्रथा थी, जिसके चलते घर में ब्याह कर आई एक लड़की सभी भाइयों की पत्नी मान्य थी। इसे 'सञ्जायत' भी कहा गया। एक अन्य प्रथानुसार वधू विवाहिता पति के अतिरिक्त एक सहायक पति भी रख सकती थी। वह वर्ष में एक बार मायके अपने कौमार्यावस्था के किसी प्रेमी से मिलने भी जा सकती थी। स्टोवेल मैनुवल की मान्यता काफी समय तक कानून जैसी रही।

# टिकट बंटवारे पर खींचतान



राकेश शर्मा
निवर्तमान अध्यक्ष, इंडियन न्यूज पेपर सोसाइटी, नई दिल्ली

आजकल महाराष्ट्र-झारखंड विधानसभा चुनावों और कई राज्यों व चुनावों में टिकट बंटवारे को लेकर इंडी गठबंधन में जबरदस्त खींचतान चल रही है। इसके मूल का विश्लेषण करें तो महसूस होता है कि भाजपा को हराने के संकल्प से इंडी गठबंधन में विचारात्मकता कभी रही ही नहीं। इसलिए सत्ता में आने की अति महत्वाकांक्षा पाले इंडी गठबंधन दलों के सदस्य चुनाव के समय भाजपा से लड़ने से पहले चुनावी कुरुक्षेत्र में स्वयं महाभारत करते नजर आते हैं।

चुनावी रण प्रारंभ होने से पहले ही हांफते-हांफते मैदान में पहुंचते हैं और बाद में फिर वही ईवीएम और चुनाव आयोग को दोष देते हैं। अभी घोषित हुए चुनावों और पिछले एक वर्ष में इंडी गठबंधन बनने के उपरांत चुनावी नतीजों का विश्लेषण करने से तो यही निष्कर्ष निकलता है। महाराष्ट्र में कांग्रेस के नाना पटोले और शिवसेना (उद्धव) के संजय राउत के बीच में टिकटों के लिए जो वाकयुद्ध चल रहा है वह क्या दर्शा रहा है, समाजवादी पार्टी के अबू आजमी और अखिलेश ने अपनी बारह टिकटों की ताल ठोक दी है, लेकिन उनसे कोई बात ही नहीं कर रहा। उधर भाजपा ने अपने 99 प्रत्याशियों की सूची भी जारी कर दी है। झारखंड में कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा बिना राष्ट्रीय जनता दल से बात किए 70 सीटों पर अपनी सहमति बना ली। इस पर राजद बिखर गया है और कह रहा है 20 सीट हमारे प्रभाव के इलाके में हैं, जहां हम लड़ना चाहते हैं। झारखंड में कुल 81 सीटें हैं, सत्तर पर झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस ने सहमति कर ली है और केवल ग्यारह राजद व कम्युनिस्टों के लिए छोड़ी है। इसी बात पर इंडी में आपस में सिर फुटव्वल चल रही है, कैसे सुलझेगी किसी को नहीं पता। मध्य प्रदेश बुधनी उपचुनाव में भाजपा के सामने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने अपने-अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है।

उत्तर प्रदेश में नौ सीटों पर उपचुनाव है। समाजवादियों ने बिना कांग्रेस से बात किए छह सीटों पर अपने उम्मीदवार घोषित कर दिए और बाकी बची तीन सीटों में से दो मुश्किल सीटों पर कांग्रेस को लड़ने को कह रहे हैं। कांग्रेस कोप भवन में जाकर समाजवादियों से कह रही है कि सभी सीटों पर खुद लड़ लो हम दर्शक दीर्घा से तालियां बजाएंगे। उधर वायनाड में कांग्रेस के सामने कम्युनिस्ट लड़ रहे हैं और प्रियंका का मुकाबला त्रिकोणीय बना दिया है। आप ने दिल्ली में विधानसभा चुनाव अकेले लड़ने की बात कह दी है। याद रहे दिल्ली में कांग्रेस और आप ने मिलकर लोकसभा चुनाव लड़ा था और पंजाब में अलग-अलग। वाह क्या जबरदस्त गठबंधन है। चुनावी बिगुल बजने के बाद कुरुक्षेत्र के मैदान में जब एक पक्ष आपस में ही लड़ रहा तो सकारात्मक नतीजों की उम्मीद कैसे कर सकते हैं?

# सीएनजी के दाम बढ़ने की आशंका



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

अन्य दैनिक वस्तुओं के बढ़ते दामों से जूझ रहे लोगों को अब दिवाली से पहले ही सीएनजी की कीमत से झटका लग सकता है। सरकार ने सस्ती घरेलू गैस (एपीएम गैस) की आपूर्ति में 17-20 फीसदी की कमी कर दी है, जिससे सीएनजी फर्मों की लागत बढ़ेगी।

इसके चलते सीएनजी की कीमत प्रति किलोग्राम पांच रुपये या उससे ज्यादा बढ़ सकती है। सस्ती घरेलू गैस (एपीएम) भारत के कुछ खास इलाकों से निकाली जाती है और इसकी कीमत अंतर्राष्ट्रीय दरों से कम होती है। कम कीमत होने से कंपनियों को अपनी लागत तय करने में मदद मिलती है, जिससे वे उपभोक्ताओं को कम कीमत पर सीएनजी दे पाती हैं, लेकिन हाल ही में एपीएम गैस की आपूर्ति में 17-20 फीसदी की कमी हुई है, जिससे कंपनियों पर दबाव बढ़ा है। इसी कारण सरकार ने सस्ती गैस की आपूर्ति घटा दी है, जिससे सीएनजी की कीमतें बढ़ने वाली हैं। फिलहाल खुदरा विक्रेताओं ने सीएनजी की दरें नहीं बढ़ाई हैं, क्योंकि वे समाधान के लिए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के साथ बातचीत कर रहे हैं। अगर एक्साइज ड्यूटी में कटौती की जाती है तो खुदरा विक्रेताओं को बढ़ी हुई लागत का बोझ उपभोक्ताओं पर नहीं डालना पड़ेगा। जैसे-जैसे दुनिया स्वच्छ भविष्य की ओर बढ़ रही है और बेहतर ऊर्जा स्रोत खोज रही है, प्राकृतिक गैस की मांग आसमान छू रही है। ऐसे में त्योहारी सीजन में कीमतें बढ़ाई जाती हैं तो आम जनता के साथ नाइंसाफी मानी जाएगी। हालांकि इस मुद्दे पर राजनीतिक गतिविधियां भी बढ़ रही हैं, खासकर जब महाराष्ट्र झारखंड और दिल्ली में चुनाव नजदीक हैं। अब निर्णय केंद्र सरकार को लेना है।

## शहर में आज

- जागृति सेवा संस्थान की बैठक मुहल्ला जयजयराम स्थित कार्यालय पर दो बजे से।
- कछला गंगा घाट पर श्रीमद् भागवत कथा का वाचन दोपहर दो बजे से।
- सोरों के लहरा में भगवान श्री राम की लीला का मंचन रात आठ बजे से।
- पटियाली के जिनौल में रामलीला का मंचन रात आठ बजे से।

## एक नजर

### जुआ खेलते हुए पांच गिरफ्तार

**कासगंज:** थाना सिढपुरा पुलिस ने गांव किलोनी के समीप जुआ के अड्डे पर छापा मारकर जुआ खेलते हुए पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। मौके से 7500 रुपए की नकदी, 52 तांश के पत्ते बरामद हुए हैं। इंस्पेक्टर राधेश्याम ने बताया आरोपी विमल, रमेश, ओमप्रकाश, ओमपाल, सौरभ, हाकिम निवासीगण किलौनी सिढपुरा के विरुद्ध कार्रवाई की गई है।

### 20 क्वार्टर अवैध शराब सहित एक गिरफ्तार

**कासगंज:** थाना सहावर पुलिस ने मिली सूचना के आधार पर कस्बे के गंज रोड से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। जामा तलाशी के दौरान उसके पास से 20 क्वार्टर अवैध देशी शराब के बरामद हुए हैं। इंस्पेक्टर प्रवेश राणा ने बताया कि आरोपियों के विरुद्ध अग्रिम कार्रवाई की गई है।

### बाइक की टक्कर से साइकिल सवार घायल

**कासगंज:** शहर के मालगोदाम चौराहे पर मंगलवार सुबह लगभग नौ बजे सड़क पार कर रहे साइकिल सवार 50 वर्षीय राघवेंद्र निवासी मुहल्ला नाथुराम को बाइक चालक ने टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गए। घटना के बाद बाइक चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### गर्म दूध पर गिरने से बच्ची जली

**कासगंज:** सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम डोरई में घर के चूल्हे पर गर्म हो रहे दूध के भगोने पर तीन वर्षीय पूर्वी पुत्री बबलू गिर गई। जिससे जलकर घायल हो गई। परिजनो ने उसे उपचार के लिए जिलाअस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उसका उपचार जारी है।

# रुका अमृत सरोवर निर्माण कार्य, कूड़े से पटा तालाब

## कूडे से उठ रही दुर्गंध से बीमारियां फैलने का खतरा, मच्छरों का बढा प्रकोप, जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान, लोगों में आक्रोश

संवाददाता, गंजडुंडवारा

**अमृत विचार:** कादरगंज रोड स्थित संरक्षित तालाब पर स्वामित्व विवाद के चलते न्यायालय द्वारा संरक्षित तालाब पर निर्माण कार्य पर रोक लगा दी गई है, जिसके चलते सरकार की महत्वाकांक्षी अमृत योजना से संरक्षित तालाब पर 1.98 करोड से अमृत सरोवर निर्माण योजना पर ग्रहण भी लग गया है। तालाब से कूडे.के ढेर से दुर्गंध आ रही है। पालिका प्रशासन और चैयरमैन की उदासीनता के चलते संरक्षित तालाब को पुनःअस्थाई डंपिंग यार्ड में बदल दिया गया। जिसके बाद से संरक्षित तालाब में गंदगी का अंबार लग गया है, जिससे कूडे.के ढेर से उठ रही दुर्गंध से महामारी फैलने का खतरा भी बढ गया है।



अमृत सरोवर तालाब की दुर्दशा, खड़ी जेसीबी। ● अमृत विचार

### डीएम ने निरीक्षण कर दिए थे निर्देश

डीएम मेधा रुपम द्वारा कूडे.से उठने वाली दुर्गंध से कांवड़ियों को होने वाली दिक्कतों से छुटकारा के लिए पालिका को कूडे से पटे तालाब को साफ कराने के निर्देश दिए थे। जिसके बाद पालिका प्रशासन द्वारा तालाब पर लाखो खर्च कर कूड़े के ढेरों को समतल कर पीली मिट्टी से ढक दिया था और पूरे तालाब को टीनशेड से बेरिकेट कर दिया था ।लेकिन पर्व समाप्त होते ही पालिका पुन: मनमानी पर आमादा हो गई थी।

सरकारी धन का जमकर दुरुपयोगकस्बे से प्रतिदिन एकत्रित कूडे को पहले तालाब मे एकत्र किया जाता है और इसे पुनः जेसीबी की सहायता से उठवा सरकारी धन का अतिरिक्त व्यय कर ट्रैक्टरों द्वारा उठवा चार किलोमीटर दूर स्थित डंपिंग यार्ड मे फिंकवाया जाता है, जिसके चलते प्रतिदिन पालिका द्वारा सरकारी धन का डीजल, पेट्रोल मे अपव्यय कर दुरुपयोग किया जा रहा है।



कई बार तालाब से उठने वाली दुर्गंध से फैलने वाली बीमारियो, मच्छरो के प्रकोप व पास में स्थित मंदिर के कारण धार्मिक भावना आहत होने के सम्बंध मे पालिका को लिखित व मौखिक रूप से अवगत कराया गया, लेकिन आज तक कोई समाधान न हो सका।
**–मनोज कुमार**, सभासद वार्ड नं दो



विरोधी पार्टी के चैयरमैन होने के चलते महत्वाकांक्षी योजनाओं को विफल कर भाजपा सरकार की छवि धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है। जिला प्रशासन भी मूक दर्शक बना हुआ है। जबकि पालिका में भष्ट्राचार की कई शिकायते प्रशासन के संज्ञान मे हैं। मामला उच्च स्तर तक पहुंचाया जाएगा। **–केपी सिंह सोलंकी**, जिलाध्यक्ष भाजपा

"स्थल का निरीक्षण किया जाएगा। ऐसा है तो कूडे को तालाब से हटवाया जाएगे। कूडा तालाब मे नही फेंकने दिया जाएगा।
**–प्रदीप विमल**, एसडीएम पटियाली

"कूड़ा अगर गीला है तो इससे मच्छर और मक्खी पनपेगी, जिससे हैजा, मलेरिया, डायरिया फैलने की संभावना है। यह लोगों के लिए घातक हो सकता है। **–डा0 आकाश**, सीएचसी अधीक्षक, गंजडुण्डवारा

# किशोरी को बहला फुसला कर ले गया युवक

कार्यालय संवाददाता, कासगंज:

- पिता ने नामजदों के विरुद्ध थाना सहावर में दर्ज कराई एफआईआर

**अमृत विचार:** थाना सहावर के एक गांव में खेत पर शौच के लिए गई किशोरी को गांव का ही युवक बहला फुसलाकर ले गया। पिता जब शिकायत लेकर आरोपी के घर गया, तो उसके परिजनों ने मारपीट की। मामले में पिता ने नामजदों के विरुद्ध थाना सहावर में एफआईआर दर्ज कराई।

घटना 20 अक्टूबर की है। गांव किशोरी दोपहर लगभग एक बजे खेत पर शौच के लिए गई थी। आरोप है कि तभी गांव का शिवम वहां पहुंच गया।

किशोरी को बहला फुसला कर ले गया। जब काफी देर तक किशोरी वापस नहीं लौटी, तो परिजनों को चिंता हुई तो उसे देखने के लिए खेतो की ओर गए, तो पूछतांछ के दौरान ग्रामीणों ने बताया कि किशोरी को गांव का ही शिवम ले गया है।

किशोरी के पिता शिकायत लेकर आरोपी के घर गए, तो आरोपी के भाइयों ने उसके साथ मारपीट की। घटना के संबंध में पीडित ने नामजदों के विरुद्ध थाना सहावर में एफआईआर दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर प्रवेश राणा का कहना है कि तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

पुलिस मामले की जांच कर रही है। किशोरी की बरामदगी और आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

# बनारस के स्टेडियम से बाबू संपूर्णानंद का नाम हटाने पर कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

संवाददाता, एटा

- जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर एडीएम को सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचार:** बनारस के स्टेडियम से बहुचर्चित नेता बाबू संपूर्णानंद का नाम हटाए जाने के खिलाफ कांग्रेसियों में भारी आक्रोश है। मंगलवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन करते हुए जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, लालता प्रसाद को सौंपा।

ज्ञापन में कांग्रेसियों ने आरोप लगाया कि बनारस स्थित पुराने स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान बाबू संपूर्णानंद का नाम हटाना उनके प्रति अनादर और असम्मान का प्रतीक है। कांग्रेसियों का कहना है कि बाबू संपूर्णानंद स्वतंत्रता संग्राम के महान नायकों में से एक थे और उनका योगदान हमेशा याद किया जाना चाहिए। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन के दौरान नारेबाजी की और इस कदम को राजनीतिक विद्वेष का परिणाम बताया। उन्होंने मांग की कि सरकार इस निर्णय को वापस ले और बाबू संपूर्णानंद के योगदान को मान्यता देते हुए उनका नाम फिर से स्टेडियम में शामिल किया जाए। इस दौरान कांग्रेसी नेता अनिल कुमार समेत आदि शामिल रहे।



बाबू संपूर्णानंद का नाम हटाने से पर कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करते हुए कांग्रेसी।

### गाय ने वृद्ध महिला को किया घायल

**कासगंज:** थाना सुन्नगढी के गांव कंचनपुर में अपने घर के दरबाजे में पर बैठी 50 वर्षीय मलिता देवी पत्नी अनेक पाल को रास्ते से निकलती गाय ने हमला कर दिया। जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गइ। परिजन उसे उपचार के लिए सुन्नगढी में निजी चिकित्सक के यहां ले गए। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिलाअस्पताल के लिए रेफर कर दिया। परिजनों ने उसे जिलाअस्पताल में भर्ती कराया है।

# वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**एटा।** जैथरा थाना क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम अंगरैया के पास सोमवार की देर रात अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का कब्जे में कर पोस्टमार्टम कराया है। घटना के बाद से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

घटनाक्रम के अनुसार जैथरा के गांव अंगरैया निवासी विशाल कुमार पुत्र विनोद कुमार सोमवार की रात करीब 8 बजे मोटरसाईकिल पर सवार होकर जा रहा था। वह गांव के पास पहुंचा ही था कि तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद आरोपी चालक मय गाड़ी के फरार हो गया। विशाल कुमार गंभीर रूप से घाल हो गया। उसको अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टर ने उसको मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में कर कानूनी कार्रवाई की है।

# जोर शोर से चलाएं संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान

कार्यालय संवाददाता, कासगंज:

- 31 अक्टूबर तक घर घर जाकर किया जाए लोगों को जागरुक
- संचारी रोग नियंत्रण की बैठक में सीडीओ ने दिए निर्देश

**अमृत विचार:** मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संचारी रोग नियंत्रण एंव दस्तक अभियान की समीक्षा बैठक हुई। सीडीओ ने 31 अक्टूबर तक चलने वाले अभियान को सफल बनाने के लिए जोरशोर से अभियान चलाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार ने सभी सम्बन्धित विभागों को निर्देशित किया गया कि उक्त अभियान का उद्देश्य समन्वय स्थापित कर अभियान को शत-प्रतिशत सफल बनाना है। उन्होंने कहा कि सभी मुख्य विभाग जैसे- चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, नगर विकास विभाग, पंचायती राज विभाग एंव ग्राम विकास विभाग, पशुपालन विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग आईसीडीएस शिक्षा विभाग, चिकित्सा शिक्षा विभाग, कृषि एवं सिंचाई विभाग, सूचना विभाग परस्पर जनपद व ब्लाक स्तर पर माइक्रोप्लान बनाकर कार्य में प्रगति लायें। उन्होंने सभी विभागों को निर्देशित किया कि तहसील, ब्लाक, ग्राम स्तर पर प्रगति रिपोर्ट बनाकर संयुक्त रूप से जिला स्तर पर प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करें तथा कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार कर स्वच्छता एवं साफ-सफाई के लिये लोगों में जागरूकता लाएं। कहा कि सभी विभाग संचारी रोग अभियान को सफल बनाने हेतु बेहतर प्रयास करें तथा प्रतिदिन की प्रगति रिपोर्ट प्रेषित करें।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. राजीव अग्रवाल, जिला मलेरिया अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी सहित अन्य सम्बन्धित के अधिकारीगण उपस्थित रहे।



कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संचारी रोग अभियान की बैठक में निर्देश देते सीडीओ सचिन कुमार।

# कस्तूरबा विद्यालय की टूटी छत की मरम्मत के निर्देश

संवाददाता, एटा

- महिला बंदियों से की वार्ता, फल भी बांटे, बालिकाओं से किया सीधा संवाद

**अमृत विचार:** सदस्य राज्य महिला आयोग रेनू गौड द्वारा जिला कारागार में स्थित महिला बैरक में निरुद्ध महिला बन्दियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं को सुना एवं फल इत्यादि वितरित किए। जेल अधीक्षक द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में जेल में 37 महिला बन्दी निरुद्ध हैं। महिला बंदी गृह में साफ सफाई एवं खाने-पीने की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने पर सभी व्यवस्था संतोषजनक पाई गई। महिला बन्दियों द्वारा हस्तशिल्प के माध्यम से तैयार हुए टेडी बेयर खिलौने आज तैयार करने पर उन्हें प्रोत्साहित करने की बात उन्होंने कही। उन्होंने जेल प्रशासन से महिलाओं के प्रति संवेदनशील व्यवहार करने एवं बेहतर साफ सफाई तथा स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराए जाने के भी निर्देश दिए तदुपरांत सदस्य द्वारा हरचंदपुर कला स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय कन्या विद्यालय का निरीक्षण कर बालिकाओं को विद्यालय प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं के बारे में जाना उन्होंने पाकशाला स्थित किचन में जाकर उनके खाने-पीने की व्यवस्थाओं को देखा एवं उपस्थित बालिकाओं से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं के बारे में जाना निरीक्षण के दौरान विद्यालय की वार्डन लक्ष्मी द्विवेदी द्वारा अवगत कराया गया कि विद्यालय की छत बरसात में अत्यधिक खराब हो गई है जिस कारण भवन में सीलन की समस्या रहती है तथा एक अतिरिक्त बड़े मीटिंग हॉल की आवश्यकता है। उन्होंने जिला प्रोबेशन अधिकारी को इसे तत्काल सही कराए जाने के निर्देश दिए इस दौरान जेल अधीक्षक अमित कुमार, उप जिलाधिकारी न्यायिक भावना विमल, प्रशिक्षु क्षेत्राधिकार क्रीतिका सिंह प्रभारी महिला थाना, जिला प्रोबेशन अधिकारी सत्यम त्रिपाठी, जिला कार्यक्रम अधिकारी संजय सिंह सहित सभी संबंधित अधिकारीगण आज उपस्थित रहे।



कस्तूरबा गांधी विद्यालय के निरीक्षण के दौरान छात्राओं से संवाद करतीं महिला आयोग की सदस्या रेनू गौड़। ● अमृत विचार

# कार्य में लापरवाही पर एएनएम को दिया नोटिस

संवाददाता, एटा

- सीएचसी अलीगंज पर हुई समीक्षा बैठक में कार्य में सुधार की दी चेतावनी

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) अलीगंज पर हुई बैठक अध्यक्षता करते हुए चिकित्साधीक्षक सर्वेश कुमार ने बीडब्ल्यूआर (बेसिक वर्कर्स रजिस्ट्रेशन) की एएनएम (आगनबाड़ी नर्स मिडवाइफ) के कार्यों की समीक्षा की। साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक में चिकित्साधीक्षक सर्वेश कुमार ने साप्ताहिक कार्यों की समीक्षा करते हुए एएनएम पायल कुमारी को कार्य में लापरवाही के लिए नोटिस जारी किया। उन्होंने सभी एएनएम को सख्त चेतावनी दी कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस संदर्भ में उन्होंने कहा, स्वास्थ्य सेवाओं की प्रभावशीलता सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की कमी को सहन नहीं किया जाएगा।

बैठक में विमल कुमार, आरएन सक्सेना और दिव्यांशी भदौरिया के साथ-साथ स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों भी अच्छी खासी संख्या उपस्थित रहे। सभी ने बैठक में सक्रिय भागीदारी दिखाई और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए अपने विचार साझा किए।

### आधा दर्जन वारंटी गिरफ्तार

**कासगंज:** वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत सोरों पुलिस ने सुरेंद्र, रोहताश निवासी नमैनी कोतवाली कासगंज, सुरेश निवासी दतलाना कोतवाली सोरों एंव महिला थाना पुलिस ने जालेश, सुनीता एवं चंद्रपाल निवासी मुहल्ला जयप्रकाश नगर गली नंबर छह भाटिया मोड थानासियानी गेट जनपद गाजियाबाद को गिरफ्तार किया है।

## सार-संक्षेप

### भगवान श्रीजी की रथ यात्रा निकाली



**अवागढ़।** जैन समाज द्वारा भगवान श्री जी की वार्षिक रथ यात्रा आकर्षक झांकियों एवं बैंड बाजों के साथ किला रोड स्थित दिगंबर जैन पंचायती बड़ा मंदिर से जलेसर रोड, मैन बाजार, अखाड़ा चैराहा, रोडवेज तिराहा, आगरा रोड स्थित जैन पेट्रोल पंप पर जाकर सजातीय भोज करने के साथ संपन्न हुई। इससे पूर्व प्रभात फेरी निकालने के बाद मंदिर परिसर में ध्वजारोहण, संगीत मय श्री जी का अभिषेक व पूजन, महा आरती, एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। रात्रि में अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन हुआ। अध्यक्ष स्वदेश जैन, तरुण जैन, बासु जैन, प्रियांशु जैन, विपिन जैन, सेठी जैन, सुमन जैन, प्रिंस जैन, तरुण जैन, डैनी जैन, पवन सरानी, योगेश जैन, शैलेश जैन, रॉबिन जैन, मंगी जैन, मनोज जैन, लालजी जैन, आदि थे।

### टिनशेड समेत गिरी दीवार से दबकर किसान की मौत



**एटा।** पिलुआ थाना क्षेत्र के अन्तर्गत टिनशेड समेत गिरी दीवार के मलबे में दबकर एक किसान की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों मे कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में करने के पश्चात पोस्टमार्टम कराया। पिलुआ क्षेत्र के गांव नगला बूला निवासी इन्द्रकुमार (21) पुत्र कल्लू सिंह सोमवार की सायं मंडी से धान बेचकर घर पहुंचा था। रात के समय वह दीवार के किनारे चारपाई डालकर लेट गया। तभी टिनशेड समेत दीवार भरभराकर इन्द्रकुमार के ऊपर गिर गई। हादसा होते ही परिजनों के अलावा ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और दीवार तथा टिनशेड के मलबे को हटाया, तब तक इन्द्रकुमार ने दम तोड़ दिया। किसान की मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में करने के पश्चात पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस दौरान परिजनों द्वारा मुआवजे की मांग की है। पुलिस घटना की जांच पड़ताल कर रही है।

### ऑटो चालको का उत्पीडन कर रहे हैं डीएसओ व एआरटीओ



**कासगंज: अमृत विचार:** ऑटो चालको ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट पर जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया है। जिसमें डीएसओ और एआरटीओ पर उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है। ऑटो चालको ने तीन वर्ष का टैक्स वापस करने और पंजीयन निरस्त कराए जाने की मांग की है। ऑटो चालको द्वारा जिलाधिकारी मेधा रूपम को दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि वर्ष 2022 में एआरटीओ कार्यालय द्वारा ऑटो एलपीजी में रजिस्ट्रेशन किया गया था, जबकि एलपीजी पंप जनपद में नहीं दी। इसके बावजूद भी रजिस्ट्रेशन किए गए। ऑटो के परमिट की अवधि पांच वर्ष है और रोड टैक्स भी पांच वर्ष का दिया जाता है। ऑटो फिटनेश की अवधि दो वर्ष होती है, जबकि एआरटीओ तीन वर्ष का रोड टैक्स वापस करने का आश्वासन दे चुके हैं, लेकिन ऐसा नहीं किया जा रहा है। जिले में 50 ऑटो बिना फिटनेश के चल रहे हैं। इन सभी ऑटो चालको की मांग है। उनके पंजीयन निरस्त कराकर तीन वर्ष का रोड टैक्स वापस दिलाया जाए। ज्ञापन देने वालों में अरुण कुमार दीक्षित, राजाराम पाल, विपिन कुमार, गौरव यादव, ओमकार, मानपाल, वीरपाल सिंह, अमीर सिंह, संदीप, निखिल, विष्णू आदि प्रमुख रहे।

# दो बाइकों की आमने सामने की भिड़ंत में छह घायल

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- तीन गंभीर घायल, नाजुक हालत में अलीगढ रेफर

**अमृत विचार:** सिढपुरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत सोमवार देर रात दो बाइको की हुई आमने सामने की भिड़ंत में आधा दर्जन लोग घायल हुए हैं। गंभीर रूप से घायल तीन लोगों को जिलाअस्पताल से नाजुक हालत में अलीगढ रेफर किया गया है।

सिढपुरा अमांपुर मार्ग पर प्याऊ गांव के समीप रात लगभग 11 बजे दो बाइको की आमने सामने से भिड़ंत हो गई। घटना में रामौतार निवासी ग्राम दहेली, क्षेत्रपाल निवासी गांव नोगवा, किशन निवासी निवासी गांव नोगवा एवं बल्हारपुर निवासी श्याम सिंह पुत्र वीरपाल, नोगवा निवासी बॉबी पुत्र जगदीश, संतोष पुत्र रमेश घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को जिलाअस्पताल भिजवाया। गंभीर रुप से घायल रामौतार, क्षेत्रपाल, किशन की हालत नाजुक बताते हुए अलीगढ रेफर कर दिया। घटना के संबंध में कोई विधिक कार्रवाई नहीं कराई गई है।

### 25 अक्टूबर से 4 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों का संचालन

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** आगामी त्योहारों के चलते रेलवे प्रशासन लगातार ट्रेनों का संचालन कर रहा है। जिसके तहत सभी रूट्रों के लिए स्पेशल ट्रेनों के संचालन की घोषणा की जा रही है। सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि यात्रियों की सुविधा के लिए लगातार स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। जिसमें 30 अक्टूबर से ट्रेन संख्या–04608 जम्मूतवी से हावड़ा के लिए 4 नवंबर तक संचालन होगा।

### राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में प्रवेश की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर

**जलेसर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य डॉ अरविंद कुमार सिंह की सूचना के अनुसार राज्य व्यवसायिक प्रशिक्षण परिषद उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देशानुसार अंतिम चतुर्थ चरण की तिथि को परिवर्तित कर 30 अक्टूबर कर दिया गया है संस्थान में संचालित एस सी वी पी एवं एन सी वी पी व्यवसाय में रक्त सीटों के सापेक्ष में प्रवेश लेना चाहते हैं 30 अक्टूबर से पूर्व अपने अभिलेख के साथ प्रार्थना पत्र जमा कर प्रवेश ले सकते हैं अंतिम तिथि के उपरांत कोई विचार करना संभव नहीं होगा।

### जिला सैनिक बन्धू की बैठक 24 को

**एटा।** जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कर्नल महेन्द्र प्रसाद के अनुसार जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह की अध्यक्षता में जिला सैनिक बन्धू की बैठक दिनांक 24 अक्टूबर 2024 को अपरान्ह 12 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की जायेगी।

# अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग को लेकर वकीलों का प्रदर्शन

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार:** कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन के निर्देशन में अधिवक्ताओं ने कलेक्ट्रेट परिसर में अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। इस दौरान वकीलों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह को सौंपा।

अधिवक्ताओं ने कहा कि प्रदेश भर में कई मामलों में पुलिस द्वारा मनगढ़ंत और झूठी कहानियों के आधार पर अधिवक्ताओं के खिलाफ मुकदमे दर्ज किए गए हैं। उन्होंने मांग की कि इन झूठे मुकदमों को तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए और इस दिशा में ठोस कदम उठाए जाएं। वकीलों का कहना था कि अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट का पारित होना अत्यंत आवश्यक है, ताकि अधिवक्ताओं की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि यदि इस एक्ट को तुरंत लागू नहीं किया गया, तो अधिवक्ताओं के साथ भविष्य में होने वाली घटनाओं की संख्या में वृद्धि हो सकती है। प्रदर्शन के दौरान वकीलों ने नारेबाजी की और अपने अधिकारों की सुरक्षा के लिए एकजुटता दिखाई। ज्ञापन देने वालों में नवनिर्वाचित अध्यक्ष रमेश बाबू, नवनिर्वाचित सेक्रेटरी रोहित पुंढ़ीर, पूर्व अध्यक्ष अशोक कुमार शिकरबार, पूर्व सेक्रेटरी गिरीश चन्द्र शर्मा, संदीप मिश्रा, राहुल यादव, अभिषेक पाराशर, अजीत कुमार, नितिन चन्द्रेश शर्मा, अनुपम चतुर्वेदी, कर्मवीर सिंह समेत आदि अनेक अधिवक्ता शामिल रहे।



जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए अधिवक्तागण। ● अमृत विचार

# पत्नी का गला रेता, खून से सना चाकू ले पुलिस चौकी पहुंचा पति

## दोनों में अक्सर होता रहता था विवाद, पत्नी के चरित्र पर था संदेह

संभल/सिरसी कार्यालय

● मंगलवार को झगड़े के दौरान पति ने पत्नी का चाकू से गला रेता

**अमृत विचारः** सिरसी कस्बे में विवाद के बाद पति ने पत्नी की चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी। पत्नी की जान लेने के बाद खून से सना चाकू लेकर अपने तीनों बेटों के साथ पुलिस चौकी पहुंचकर पति ने खुद को पुलिस के हवाले कर दिया।

हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र अन्तर्गत नगर पंचायत सिरसी के मुहल्ला चौधरियान निवासी 29 वर्षीय सोनू की शादी आठ वर्ष पहले मुरादाबाद जिले के गांव दौड़बाग निवासी राखी के साथ हुई थी। दंपती के तीन बेटे हैं। पति-पत्नी के बीच कुछ दिनों से विवाद के हालात बने हुए थे। सोनू पत्नी चरित्र पर शक करता था इसलिए दोनों में झगड़ा होता रहता था। करवा चौथ के दिन भी सोनू व राखी के बीच झगड़ा हुआ था। दोनों में मंगलवार को फिर झगड़ा हुआ तो पति सोनू ने धारदार हथियार से गला रेतकर पत्नी राखी की हत्या कर दी। वारदात के बाद सोनू हाथ में चाकू लेकर घर से बाहर निकला तो मोहल्ले के लोगों को अनहोनी का अंदेशा हुआ। सोनू हाथ में चाकू लेकर अपने तीनों बेटों ऋतिक (6 वर्ष) यश (4 वर्ष) और गौरव (2 वर्ष) के साथ पुलिस चौकी पहुंचा। वहां उसने पत्नी की हत्या का अपराध स्वीकारते हुए खुद को पुलिस के हवाले कर दिया।

वारदात की जानकारी मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक श्रीश्चंद्र, सीओ अनुज कुमार चौधरी और थाना प्रभारी मोहित कुमार काजला मौके पर पहुंचे। राखी का रक्तरंजित शव घर के अंदर कमरे में जमीन पर पड़ा हुआ था। जानकारी मिलते ही राखी की बड़ी बहन थाना क्षेत्र के गांव फिरोजपुर निवासी पूनम और गांव दौड़बाग निवासी मायके वाले भी रोते-बिलखते मौके पर पहुंच गए। मायके वालों ने सोनू के परिवार वालों पर भी राखी की हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने राखी का शव पोस्टमार्टम को भेज दिया। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि पत्नी की हत्या के बाद आरोपी ने खुद को पुलिस के हवाले कर दिया है। पुलिस कार्रवाई कर रही है।

## शराब पीकर दी गाली, विरोध पर रात में साथियों को बुलवाकर किया हमला

**बदायूं,अमृत विचार :** दातागंज कोतवाली क्षेत्र के गांव नौनी टिकन्ना निवासी अधिवक्ता जगवीर सिंह पुत्र रामचंद्र ने एसएसपी को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि वह बाबू नगर कॉलोन के घोचा रोड पर मकान बनवा रहे हैं। श्रमिकों के रुकवाने के लिए किराए पर कमरा लिया है। उसमें पहले से रह रहे राहुल पुत्र राजेंद्र रात कोशराब पीकर आया इस पर कहासुनी हुई और जगवीर चले गये। उनके दो भाई और, तीन बेटे, श्रमिक और मिस्त्री कमरे पर रुके थे। आरोप है कि रात में राहुल ने अपने सगे व चचेरे भाई और 12 लोगों को बुला लिया। रात लगभग 3 बजे जगवीर सिंह के कमरे का दरवाजा खुलवाया और सभी लोगों को बुरी तरह से पीटना शुरू कर दिया। निर्माण के लिए रखे 60 हजार रुपये व अन्य सामान लूट लिया। घायल प्रवेंद्र भारती, निखिल, ओमवीर को भर्ती किया गया है।

# बाल विवाह पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर जताया हर्ष

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** बाल विवाह पर सुप्रीम कोर्ट ने ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। इसमें बाल विवाह पर पूरी तरह से रोक लगाते हुए बाल अधिकारों को संरक्षण प्रदान किया है। इस फैसले का स्वयंसेवी संगठनों ने स्वागत करते हुए संकल्प लिया है कि 2030 तक समाज को पूरी तरह बाल विवाह जैसी कुप्रथा से आजादी दिलानी है।

सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हुए काशी समाज शिक्षा विकास संस्थान की निदेशक मीना सिंह ने कहा है कि इस फैसले से देश में बाल विवाह रूपी अभिशाप को खत्म करने में बल मिलेगा। देश में गैर सरकारी संगठनों की मदद से एक साल में एक लाख बीस हजार बाल विवाह रुकवाया गए हैं। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद अभियान में समाज का हर वर्ग सहयोग करेगा जिससे 2030 तक बाल विवाह मुक्त भारत बनाने का संकल्प पूरा होगा।



सुप्रीम कोर्ट की ओर से जारी दिशा निर्देशों में स्कूलों, धार्मिक संस्थाओं और पंचायतों को बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाने को निर्देशित किया गया है। यह बेहतर प्रयास है।

–मीना सिंह, सचिव



देश में बाल विवाह गंभीर बीमारी की तरह है। बाल विवाह के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का फैसला महिला सशक्तिकरण में अहम रोल साबित होगा। इसका अक्षरशः पालन किया जाना चाहिए।

–गंगा सिंह, प्रोजेक्ट मैनेजर



बाल विवाह पर सुप्रीम कोर्ट ने जो फैसला दिया है उससे समाज को नई दिशा मिलेगी। लोग जागरूक होंगे। स्वयंसेवी संगठनों को बाल विवाह रोकने में मदद मिलेगी। कई संगठन इस पर काम कर रहे हैं।

–देवेन्द्र सिंह, समन्वयक, काशी समाज शिक्षा विकास संस्थान



देश के 200 से ज्यादा गैर सरकारी संगठनों के गठबंधन बाल विवाह मुक्त भारत बनाने में जुटे हुए हैं। इन्हीं संगठनों की मदद से चार सौ से ज्यादा जिलों में अभियान चलाया जा रहा है। जो सराहनीय है।

–मनाली राठौर, काउंसलर



श्री राम कथा श्रवण करते भक्तगण। ● अमृत विचार



पंडाल में भक्तिभाव से रामकथा सुनतीं महिलाएं। ● अमृत विचार



श्री राम कथा का संगीत देते कलाकार। ● अमृत विचार

## भक्ति और विश्वास से सुनें रामकथा

**उझानी ,अमृत विचार :** कस्बे के धनवती देवी सरस्वती बालिका इंटर कॉलेज में श्री राम कथा के दूसरे दिन मंगलवार को आचार्य शांतनु महाराज ने कहा कि इस धरा धाम पर जब जब असुरों के अत्याचार बढ़ते हैं तब तब प्रभु अवतार लेकर भक्तों को उनके संताप से मुक्त करते हैं। कहा कि भगवान की सगुन लीलाओं को भक्ति व विश्वास से सुनना चाहिए इसमे तर्क का कोई स्थान नही है। उन्होंने श्रीराम के जन्मोत्सव की कथा को सुनाया, मनु एवं शतरूपा जी के प्रसंग को सुनाते हुए महाराज जी ने कहा कि मनु महाराज ने जीवन के अंतिम समय में सब कुछ त्याग कर हरि भजन का मार्ग चुना, हम सब का भी यही दायित्व है कि अपनी जिम्मेदारियों का निर्वाह करते हुए भगवान के भजन में मन लगाएं। देवताओं की करुण पुकार को सुनकर भगवान ने सबको आश्वासन दिया कि मैं अब नर रूप में धरती पर अवतरित होने वाला हूं, गोस्वामी जी ने अयोध्या की महिमा को गया है। सम्पूर्ण अयोध्यावासी भगवान की आराधना कर रहे हैं और गोस्वामी जी ने भगवान के जन्म की तिथि घोषित भी कर दी।


**जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग-द्वितीय, बरेली।**
**परिवाद सं. 49/2024**

नोटिस बनाम आई.सी.एल. म्यूचुअल बेनिफिट्स कारपोरेशन लिमिटेड, कारपोरेट ऑफिस–41सी, गांधी नगर, पंचम एम.आर.आई. सेंटर के सामने बरेली, रजिस्टर्ड ऑफिस–10 जमुना बिहार नॉर्थ सिटी एक्सटेंशन के सामने पीलीभीत रोड, बरेली।

आपको सूचित किया जाता है कि आपके विरूद्ध ज्योति पत्नी राहुल यादव ने दिनांक 29.02.2024 को एक शिकायत पत्र उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के अन्तर्गत इस आयोग के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतः आपको आदेश दिया जाता है कि आप इस सम्बन्ध में अपना उत्तर स्वयं उपस्थित होकर या अपने अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा इस आयोग के समक्ष दिनांक 29.11.2024 को प्रातः 10:30 बजे तक प्रस्तुत करें तथा अपने कथन के समर्थन में जो अभिलेख दाखिल करना चाहे दाखिल कर दें।

यदि आप नोटिस मिलने पर अपना उत्तर उपरोक्त अवधि के अन्दर प्रस्तुत नहीं करेंगे तो आपके विरूद्ध एक तरफा आदेश पारित कर दिया जायेगा।

आज दिनांक 16.10.2024 को जारी किया गया।

**आज्ञा से–अध्यक्ष**
**जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग–द्वितीय, बरेली।**

**जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग–द्वितीय, बरेली।**
**परिवाद सं. 195/2024**

नोटिस बनाम आई.सी.एल. म्यूचुअल बेनिफिट्स कारपोरेशन लिमिटेड, कारपोरेट ऑफिस–41सी, गांधी नगर, पंचम एम.आर.आई. सेंटर के सामने बरेली, रजिस्टर्ड ऑफिस–10 जमुना बिहार नॉर्थ सिटी एक्सटेंशन के सामने पीलीभीत रोड, बरेली।

आपको सूचित किया जाता है कि आपके विरूद्ध श्रीमती अंशु अग्रवाल पत्नी श्री अतुल अग्रवाल निवासी बी–37, राजेन्द्रनगर, बरेली ने दिनांक 30.08.2024 को एक शिकायत पत्र उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के अन्तर्गत इस आयोग के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतः आपको आदेश दिया जाता है कि आप इस सम्बन्ध में अपना उत्तर स्वयं उपस्थित होकर या अपने अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा इस आयोग के समक्ष दिनांक 29.11.2024 को प्रातः 10:30 बजे तक प्रस्तुत करें तथा अपने कथन के समर्थन में जो अभिलेख दाखिल करना चाहे दाखिल कर दें।

यदि आप नोटिस मिलने पर अपना उत्तर उपरोक्त अवधि के अन्दर प्रस्तुत नहीं करेंगे तो आपके विरूद्ध एक तरफा आदेश पारित कर दिया जायेगा।

आज दिनांक 22.10.2024 को जारी किया गया।

**आज्ञा से–अध्यक्ष**
**जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग–द्वितीय, बरेली।**

## कार्यालय राजकीय हाईस्कूल जमुनिया मरौरी पीलीभीत

दिनांकः 22.10.2024

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जा है कि इस विद्यालय परिसर में आम के एक वृक्ष की नीलामी दिनांक 04.11.2024 की कमेटी द्वारा की जायेगी। इच्छुक ठेकेदार फर्म निर्धारित तिथि पर विद्यालय प्रांगण में प्रातः 10:00 बजे उपस्थित होकर बोली लगा सकते हैं। नीलामी की शर्तो के बारे में जानकारी व वृक्ष का निरीक्षण विद्यालय समय में किसी भी कार्य दिवस में किया जा सकता है।

**प्रधानाध्यापिका**
**राजकीय हाईस्कूल, जमुनियां मरौरी पीलीभीत**

## कार्यालय ग्राम पंचायत पिंदारी अभयचंद विकासखण्ड बहेड़ी (बरेली)

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत पिंदारी अभयचंद विकासखण्ड बहेड़ी (बरेली) वित्तीय वर्ष 2024–25 में मनरेगा योजना की धनराशि से ग्राम पंचायत में नाला निर्माण कार्य कराये जाने के लिए सामग्री क्रय हेतु सीमेंट, बजरफुट, ईट की रोड़ी, बजरी, बारीक रेता, प्रथम श्रेणी की ईट, मिट्टी, पन्नी, बोर्ड आदि के लिए सीलबन्द निविदाएं टेंडर प्रकाशन की तिथि से दिनांक 24.10.2024 को समय 4:00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर आमंत्रित की जाती हैं, जो दिनांक 25.10.2024 को समय दोपहर 2:00 बजे ग्राम पंचायत अध्यक्ष की अध्यक्षता में खोली जाएंगी। निविदा से संबंधित सभी शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय पर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती हैं। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार, ग्राम पंचायत को होगा।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 1. | मुश्ताक के घर से तालाब तक नाला निर्माण | 362549.00 |

**रमेश सिंह** (ग्राम प्रधान)    **बृजेश कुमार गौतम** (सचिव)

## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
### बरेली वृत लो0नि0वि0, बरेली

पत्रांक : 9952/141सी0(ई0टेण्डर)–3/24    दिनांक: 16.10.2024

**ऑन–लाइन निविदा आमंत्रण सूचना**

1– महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बरेली वृत, लो0नि0वि0, बरेली के अंतर्गत निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार ऑन–लाइन ई–निविदा दिनांक 25.10.2024 से दिनांक 19.11.2024 की अपरान्ह 12:00 बजे तक आमंत्रित कर दिनांक 19.11.2024 को अपरान्ह 12.30 बजे खोला जाना प्रस्तावित किया गया है:–

| क्र0 सं0. | कार्य का नाम | खण्ड का नाम | लागत: सिविल कार्य की लागत (रू0 लाख में) | लागत: 05 वर्ष अनुरक्षण की लागत (रू0 लाख में) | लागत: कुल लागत (4+5) (रू0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (निविदा शुल्क+ स्टेशनरी+ जी0एस0टी0) (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदारो की पात्रता श्रेणी (मार्ग कार्य हेतु) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | ब्लाक भावलखेड़ा में गन्ना विभाग से हस्तान्तरित मार्गों का पुर्ननिर्माण कार्य। (हॉट मिक्स प्लान्ट द्वारा) (पैकेज–1) (वर्ष 2024–25) (05 वर्ष के अनुरक्षण सहित) | प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0, शाहजहाँपुर | 122.20 | 5.17 | 127.37 | 8.37 | 2725.00 | 12 माह | 'ए' 'बी' (मार्ग कार्य) |
| 2 | ब्लाक निगोही में गन्ना विभाग से हस्तान्तरित मार्गों का पुर्ननिर्माण कार्य। (हॉट मिक्स प्लान्ट द्वारा) (पैकेज–2) (वर्ष 2024–25) (05 वर्ष के अनुरक्षण सहित) | प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0, शाहजहाँपुर | 90.70 | 4.73 | 95.43 | 6.77 | 2725.00 | 06 माह | 'ए' 'बी' (मार्ग कार्य) |
| 3 | ब्लाक तिलहर में गन्ना विभाग से हस्तान्तरित मार्गों का पुर्ननिर्माण कार्य। (हॉट मिक्स प्लान्ट द्वारा) (पैकेज–3) (वर्ष 2024–25) (05 वर्ष के अनुरक्षण सहित) | प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0, शाहजहाँपुर | 232.69 | 15.22 | 247.90 | 14.40 | 2725.00 | 12 माह | 'ए' (मार्ग कार्य) |
| 4 | ब्लाक पुवायाँ में गन्ना विभाग से हस्तान्तरित मार्गों का पुर्ननिर्माण कार्य। (हॉट मिक्स प्लान्ट द्वारा) (पैकेज–4) (वर्ष 2024–25) (05 वर्ष के अनुरक्षण सहित) | प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0, शाहजहाँपुर | 146.57 | 9.30 | 155.87 | 9.80 | 2725.00 | 12 माह | 'ए' 'बी' (मार्ग कार्य) |
| 5 | ब्लाक बण्डा में गन्ना विभाग से हस्तान्तरित मार्गों का पुर्ननिर्माण कार्य। (हॉट मिक्स प्लान्ट द्वारा) (पैकेज–5) (वर्ष 2024–25) (05 वर्ष के अनुरक्षण सहित) | प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0, शाहजहाँपुर | 133.51 | 9.41 | 142.92 | 9.15 | 2725.00 | 12 माह | 'ए' 'बी' (मार्ग कार्य) |
| 6 | ब्लाक कटरा में गन्ना विभाग से हस्तान्तरित मार्गों का पुर्ननिर्माण कार्य। (हॉट मिक्स प्लान्ट द्वारा) (पैकेज–6) (वर्ष 2024–25) (05 वर्ष के अनुरक्षण सहित) | प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0, शाहजहाँपुर | 149.93 | 8.80 | 158.73 | 9.94 | 2725.00 | 12 माह | 'ए' 'बी' (मार्ग कार्य) |
| 1 | वित्तीय वर्ष 2023–24 में ब्लाक तिलहर, एवं जैतीपुर के अन्तर्गत गन्ना विभाग के स्वामित्व वाले मार्गों का पुर्ननिर्माण कार्य। (हॉट मिक्स प्लान्ट द्वारा) (पैकेज–1) (वर्ष 2024–25) (05 वर्ष के अनुरक्षण सहित) | निर्माण खण्ड–1 लो0नि0वि0, शाहजहाँपुर | 112.86 | 8.46 | 121.32 | 8.07 | 2725.00 | 12 माह | ए, बी (मार्ग कार्य हेतु) |
| 2 | वित्तीय वर्ष 2023–24 में ब्लाक मदनापुर व कॉट के अन्तर्गत गन्ना विभाग के स्वामित्व वाले मार्गों का पुर्ननिर्माण कार्य। (हॉट मिक्स प्लान्ट द्वारा) (पैकेज–2) (वर्ष 2024–25) (05 वर्ष के अनुरक्षण सहित) | निर्माण खण्ड–1 लो0नि0वि0, शाहजहाँपुर | 158.55 | 10.65 | 169.20 | 10.46 | 2725.00 | 12 माह | ए, बी (मार्ग कार्य हेतु) |

2– निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तो हेतु वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉग ऑन किया जा सकता है।

UP-221050, DATE- 21-10-2024
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

(महेन्द्र कुमार पाल) अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, शाहजहाँपुर
(रथिन सिन्हा) अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड–1, लो0नि0वि0, शाहजहाँपुर
(प्रकाश चन्द) अधीक्षण अभियन्ता बरेली वृत, लो0नि0वि0, बरेली

## कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, बदायूं

पत्रांकः बेसिक/ RTE निःशुल्क प्रवेश/6703–09/2024–25    दिनांकः 21.10.2024

**विज्ञप्ति/सूचना**

महानिदेशक, स्कूल शिक्षा, उ.प्र. लखनऊ के पत्रांकः आर.टी.ई./न.प्र.–02/5623/ 2024–25 दिनांक 18 सितम्बर 2024 के द्वारा समय–समय पर निर्गत विभिन्न शासनादेश दिनांक 03 मार्च 2016, एवं 20 जनवरी 2017 व परियोजना के पत्र दिनांक 06 फरवरी 2017 के क्रम में नवीन सत्र– 2025–26 में निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम–2009 की धारा– 12(1)(ग) के अन्तर्गत जनपद के गैर सहायतित मान्यता प्राप्त विद्यालयों में अलाभित समूह एवं दुर्बल वर्ग के बच्चों के कक्षा–1/पूर्व प्राथमिक कक्षा में प्रवेश हेतु निर्धारित ऑनलाइन पोर्टल http//.rte25.upsdc.gov.in पर उनके माता–पिता एवं अभिभावकों द्वारा ऑनलाइन आवेदन करने तथा आवेदनों की लॉटरी के लिए निम्नवत् समय सारिणी निर्धारित कर निःशुल्क प्रवेश सम्बन्धी कार्यवाही निर्धारित अवधि में पूर्ण करने हेतु निर्देश प्रदान किये गये है:–

| चरण | आवेदन करने की तिथियां | जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा आवेदन पत्रों का सत्यापन कर उन्हें लॉक करने की तिथि | लॉटरी निकालने की तिथि | बच्चों के प्रवेश हेतु मान्यता प्राप्त विद्यालयों के आवंटन की सूची जारी करने का दिनांक |
|---|---|---|---|---|
| प्रथम | 01 Dec 24 -19 Dec 24 | 20 Dec 24 - 23 Dec 2024 | 24 Dec 2024 | 27 Dec 2024 |
| द्वितीय | 01 Jan 25 -19 Jan 25 | 20 Jan 25 - 23 Jan 2025 | 24 Jan 2025 | 27 Dec 2025 |
| तृतीय | 01 Feb 25 -19 Jan 25 | 20 Feb 25 - 23 Feb 2025 | 24 Feb 2025 | 27 Feb 2025 |
| चतुर्थ | 01 Mar 25 -19 Mar 25 | 20 Mar 25 - 23 Mar 2025 | 24 Mar 2025 | 27 Mar 2025 |

**आवेदन / प्रवेश हेतु नियत व शर्तेः–**

1. अलाभित समूह द्वारा सरकार की अधिसूचना के अनुसार अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, सामाजिक एवं आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग, अन्य पिछड़ा वर्ग, एच.आई.बी./कैन्सर पीड़ित माता–पिता/अभिभावक के बच्चे, निराश्रित बेघर बच्चे, निःशक्त बच्चे तथा दुर्बल वर्ग (सामान्य वर्ग के एक लाख से कम आय वाले) के बच्चे प्रेवश हेतु आवेदन कर सकते हैं।
2. उक्त के अन्तर्गत प्रवेश हेतु आवेदन के समय ऑनलाइन निर्गत जन्म प्रमाण पत्र होना अनिवार्य है। बिना जन्म प्रमाण पत्र के आवेदन निरस्त कर दिया जायेगा।
3. निवास के प्रमाण हेतु निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड / वोटर आई.डी. / राशन कार्ड आय प्रमाण पत्र मान्य होंगे।
4. प्रवेश हेतु विद्यालय निवास प्रमाण पत्र में अंकित पते के वार्ड / आस–पास को होना अनिवार्य है।
5. एक बच्चे का एक से अधिक आवेदन किये जाने पर सभी आवेदन निरस्त कर दिये जायेंगे।

**वीरेन्द्र कुमार सिंह**
**जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, बदायूं**

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड–बरेली।
### कार्यालय का पता :–विकास भवन, बरेली।

(ई–प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण)

**पत्रांक :–1570/ग्रा0अ0वि0/निविदा/2024–25/दिनांक 14.10.2024**

महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधोहस्ताक्षरी के द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु ऑनलाईन निविदाएं प्रतिशत दर में श्रेणी ए0/बी0/सी0/डी0 में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। निविदादाता एक या एक से अधिक कार्यो के लिए निविदा डाल सकता है :–

**1. तालिका के अनुसार कार्यो का विवरण :–**

| क्र0 सं0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख मे) | धरोहर धनराशि (बिड सिक्योरिटी) (रूपये मे) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (जी0एस0टी0 मूल्य सहित रूपये मे) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सम्मिलित करते हुये) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 01 | बरेली | स्व0 परमानन्द विधापीठ जूनियर विद्यालय पैगा में विद्यालय तक इण्टरलॉकिंग रोड का निर्माण। रामनगर | 18.261 | 36600.00 | 854.00 | 03 माह |
| 02 | बरेली | विकास खण्ड मझगवां में बड़ागांव–रूखाडा एल0पी0जी0 गैस एजेन्सी के पास ग्राम कतरोई ठकुरान तक खड़ंजा का निर्माण कार्य। | 24.321 | 48700.00 | 2354.00 | 03 माह |
| 03 | बरेली | ग्राम करगैना में सावत्री स्कूल गली में संजीव शर्मा के प्लाट से व्हाइट हाउस तक सी0सी0 व नाली कार्य। (वि0नि0–क्यारा) | 12.628 | 25300.00 | 854.00 | 03 माह |
| 04 | बरेली | ग्राम कांधरपुर में विपिन झा के मकान से हुकुम सिंह के मकान तक सी0सी0 व नाली कार्य। (वि0नि0–क्यारा) | 15.573 | 31200.00 | 854.00 | 03 माह |
| 05 | बरेली | विकास खण्ड आलमपुर जाफराबाद के ग्राम सरदार नगर में कम्युनिटी सेन्टर का निर्माण कार्य। | 14.589 | 29200.00 | 854.00 | 03 माह |
| 06 | बरेली | विकास खण्ड आलमपुर जाफराबाद के ग्राम लॅगूरा में कम्युनिटी सेन्टर का निर्माण कार्य। | 14.589 | 29200.00 | 854.00 | 03 माह |

2. आनलाइन निविदा उपलब्धता का दिनांक : 24.10.2024
3. आनलाइन निविदा प्राप्ति का अन्तिम दिनांक एवं समय : दिनांक 23.11.2024 मध्याहन 12.00 वजे तक
4. आनलाइन निविदा खुलने का दिनांक एवं समय : दिनांक 23.11.2024, अपरान्हे 12.30 वजे तक
5. अधोहस्ताक्षरी को आई वी टी क्लाज 9 के अनुसार अपरिहार्य परिस्थिति मे निविदा में आनलाइन संशोधन पत्र जारी करने का अधिकार प्राप्त है, जिसे किसी समाचार पत्र में प्रकाशित नही किया जायेगा ,जिसकी जानकारी आनलाइन प्राप्त की जा सकेगी, अतएव समस्त निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि नियिमित रूप से निविदा पोर्टल पर जानकारी प्राप्त करते रहें।

अधिक जानकारी के लिये https://etender.up.nic.in लागिन करें एवं विड डाक्यूमेन्ट डाउनलोड करें।
नोट :– उपरोक्त समस्त निविदायें बजट की प्रत्याशा में आमंत्रित की जा रही हैं।

**(विनय कुमार शर्मा)**
अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड–बरेली
राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से

UP-221030, DATE- 21-10-2024
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

## कार्यालय सीनियर हाइड्रोजियोलाजिस्ट
### भूगर्भ जल विभाग खण्ड–बरेली, 35सी/7,द्वितीय तल,रामपुर बाग, बरेली।

पत्राँक :– 415/भू0ज0वि0खं0–बरेली/आर0डब्लू0एच0/2024–25/बरेली /दिनांक : 15,10,2024

**ई– टेण्डरिंग के माध्यम से कराये जाने वाले कार्य की अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या : 01/RWH/BLY/2024-25**

महामहिम राज्यपाल महोदया, उत्तर प्रदेश की ओर से अद्योहस्ताक्षरकर्ता द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन https://etender.up.nic.in के माध्यम से निविदा भूगर्भ जल विभाग, उ0प्र0 में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो से दिनांक 07.11.2024 के पूर्वान्ह 9:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। प्री–क्वालिफिकेशन टेक्निकल बिड उसी दिनांक 07.11.2024 को पूर्वान्ह 10:30 बजे कार्यालय सीनियर हाइड्रोजियोलाजिस्ट, भूगर्भ जल विभाग, 35सी/7, द्वितीय तल,रामपुर बाग, बरेली में गठित कमेटी द्वारा ऑनलाइन खोली जाएगी एवं प्री–क्वालिफिकेशन टेक्निकल बिड में उपयुक्त पाये गये निविदाताओं की प्राइस बिड/फाइनेंशियल बिड दिनांक 08.11.2024 को पूर्वान्ह 11:30 बजे खोली जायेगी। निविदा/बिड दिनांक 24.10.2024 को अपरान्ह 4:00 बजे से दिनांक 07.11.2024 के पूर्वान्ह 09:00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड की जा सकती है। कार्यालय बन्द होने अथवा अवकाश होने की स्थिति में यह बिड अगले कार्य दिवस में उसी समय पर खोली जाएगी।

| क्र0 सं0 | निविदा संख्या | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (लाख रू में) (जी0एस0टी0 रहित) | कार्य पूर्ण करने का समय | धरोहर धनराशि (रु0) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु0) (जी0एस0टी0 सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 01/RWH/BLY/2024–25 | राजकीय महिला पालीटेक्निक, बरेली, उ0प्र0 के परिसर के भवनों में रूफटॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना/निर्माण कार्य का कार्य। | 27.96 | 120 दिवस | 5,6000.00 | 2354.00 |

निविदा से सम्बंधित समस्त विवरण, विस्तृत नियम व शर्ते तथा बिड प्रपत्र उ0प्र0 सरकार की वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर ऑनलाइन देखे जा सकते है।

**(सौरभ साह)**
सीनियर हाइड्रोजियोलाजिस्ट
भूगर्भ जल विभाग, खण्ड–बरेली।

UP-221046, DATE- 21-10-2024
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

## कार्यालय नजारत अनुभाग, जनपद न्यायालय, बदायूँ।

**विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि माननीय उच्च न्यायालय के पत्रांक 2901/Admin (8-1) Section Dated: 23.09.2024 के पत्र में वर्णित सर्कुलर लेटर नं0–797/ Admin (B-1) Section Dated: 15-03-1994 के अनुपालन में प्रभारी जनपद न्यायाधीश महोदय के आदेश दिनांक 23.09.2024 के अनुसार इस वित्तीय वर्ष 2024–25 में शेष अवधि दिनांक 31.03.2025 तक के लिए जनपद न्यायालय, बदायूँ परिसर में स्थित ठेका कैण्टीन एवं फल–जूस की सार्वजनिक नीलामी होना है।

अतः ठेका कैन्टीन एवं ठेका फल जूस की खुली बोली के द्वारा सार्वजनिक नीलामी दिनांक 25.10.2024 को सायंकाल 04: 30 बजे से 05: 30 बजे तक जनपद न्यायालय, बदायूँ के केन्द्रीय सभागार में नीलामी समिति के समक्ष की जायेगी।

**नीलामी की शर्ते निम्नवत है।–**

1. किसी भी ऐसे व्यक्ति को नीलामी में बोली लगाने का अधिकार नहीं होगा, जिस पर पिछले किसी भी ठेके का बकाया धन शेष हो।
2. प्रत्येक बोलीदाताओं को रू0 5000/– (पाँच हजार रूपये) धरोहर राशि के रूप में बोली आरम्भ होने से पूर्व नजारत कार्यालय में जमा करनी होगी। ऐसा न करने पर उसे बोली बोलने का अधिकार नहीं होगा। यह धनराशि बोली समाप्ति के एक माह के अन्दर बोलीकर्ता को लौटा दी जायेगी।
3. सर्वोच्च बोली लगाने वाले व्यक्ति को बोली समाप्ति के उपरान्त आधी धनराशि नजारत कार्यालय में जमा करनी होगी, जिसके उपरान्त बोली की स्वीकृति की संस्तुति की जायेगी। बोली स्वीकृति होने के उपरान्त अधिकतम एक माह के अन्दर शेष आधी धनराशि जमा करनी होगी। इस शेष आधी धनराशि को किस्तों में वितरण करने का व समय निर्धारित का विवेकाधिकार माननीय जनपद न्यायाधीश बदायूँ को होगा। माननीय जनपद न्यायाधीश के अन्यथा आदेश के अधीन उक्त शेष आधी धनराशि जमा न करने पर ठेका निरस्त कर दिया जायेगा तथा शेष धनराशि एकमुस्त जमा करा ली जायेगी।
4. ठेका लेने वाले व्यक्ति को किसी अन्य व्यक्ति को ठेका हस्तान्तरण करने का अधिकार नहीं होगा। यदि ऐसा होता है तो ठेका निरस्त कर शेष धनराशि एकमुश्त जमा करायी जायेगी।
5. ठेका स्वीकृत होने पर ठेकेदार को अंकन रू0 100 (एक सौ रूपये) के स्टाम्प पर मय नवीतम फोटो के अनुबंध करना होगा कि वह सभी शर्तो का पालन करेगा।
6. किसी भी बोली को स्वीकार करने अथवा समस्त बोलियों को अस्वीकार करने का अधिकार बिना किसी कारण बताये जनपद न्यायाधीश, बदायूँ को होगा।
7. ठेका स्वीकृति व अनुमोदित होने के उपरान्त भी किसी भी समय अवैधानिक शर्तो के विपरीत कार्य पाये जाने पर माननीय जनपद न्यायाधीश, बदायूँ को बिना नोटिस दिये ठेका निरस्त करने का विवेकाधिकार सुरक्षित रहेगा।
8. अपरिहार्य परिस्थितियों में नीलामी तिथि को स्थगित करने का अधिकार नीलामी समिति को होगा। उक्त ठेका नीलामी के सम्बंध में किसी भी प्रकार की जानकारी प्राप्त करने हेतु सूचना के प्रकाशन के उपरान्त नीलामी दिवस से पूर्व किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10 बजे से सायं 430 बजे के मध्य केन्द्रीय नजारत, जनपद न्यायालय बदायूँ में सम्पर्क करके प्राप्त किया जा सकता है।

**(सुयश प्रकाश श्रीवास्तव)**
अध्यक्ष, नीलामी समिति/
प्रथम अपर जिला जज, बदायूँ।

UP-221068, DATE- 21-10-2024
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
### निर्माण खण्ड–2, लो0नि0वि0, बदायूँ।

**अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

No. : 1761 / Nivida(E-T.)/ 2024    Date : 15-10-2024

1. महामहिम राज्यपाल, उ0 प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड–2, लोनिवि बदायूँ के अन्तर्गत निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार ऑनलाइन ई–निविदा दि0 28.10.2024 से दि0 11.11.2024 की दोपहर 12.00 बजे तक आमंत्रित की गयी हैं:–

**2. वित्तीय वर्ष 2024–25 में विशेष मरम्मत योजनान्तर्गत–**

| Sr. No. | District | Name of work | Cost (in Rs. Lacs): Cost of Construction | Cost (in Rs. Lacs): Cost of Maintenance | Cost (in Rs. Lacs): Total Cost | Bid Security (in Rs.lac) | Cost of Bid Document (Rs.) | Time of completion | Address of Executive Engineer Executing the work | Address of Superintending Engineer | Address of Chief Engineer | Eligible category of Contractor |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Budaun | बदायूँ दातागंज मार्ग के किमी0 12 से उतरना सम्पर्क मार्ग बॉया नये भटटे में गुलड़िया मार्ग का कार्य। | 18.80 | 2.80 | 21.60 | 2.16 | 944.00 | 2 Month | Const. Div.-2 PWD Budaun | Budaun / Pilibhit Circle PWD Bareilly | Bareily Zone, PWD Bareilly | A,B,C,D |
| 2 | Budaun | धी करतौली मन्दिर गौटिया मार्ग से घटबेटी सम्पर्क मार्ग का कार्य। | 17.00 | 2.50 | 19.50 | 1.95 | 944.00 | 2 Month | Const. Div.-2 PWD Budaun | Budaun / Pilibhit Circle PWD Bareilly | Bareily Zone, PWD Bareilly | A,B,C,D |
| 3 | Budaun | फरीदपुर सदी से कण्डेला मार्ग का कार्य। | 16.40 | 0.40 | 16.80 | 1.68 | 944.00 | 2 Month | Const. Div.-2 PWD Budaun | Budaun / Pilibhit Circle PWD Bareilly | Bareily Zone, PWD Bareilly | A,B,C,D |
| 4 | Budaun | बी0एम0 मार्ग से पुठी सराय मोहम्मदी सम्पर्क मार्ग का कार्य। | 27.30 | 4.10 | 31.40 | 3.14 | 944.00 | 2 Month | Const. Div.-2 PWD Budaun | Budaun / Pilibhit Circle PWD Bareilly | Bareily Zone, PWD Bareilly | A,B,C,D |
| 5 | Budaun | बदायूँ बी0एम0 मार्ग के किमी0 79 से पुठी से सराय सम्पर्क मार्ग का कार्य। | 16.30 | 2.40 | 18.70 | 1.87 | 944.00 | 2 Month | Const. Div.-2 PWD Budaun | Budaun / Pilibhit Circle PWD Bareilly | Bareily Zone, PWD Bareilly | A,B,C,D |

3. बिड डाक्यूमेन्ट वेबसाइट http://etender.up.nic.in. पर दिनांक 28.10.2024 से 11.11.2024 तक उपलब्ध है, निविदाये दिनांक 11.11.2024 को दोपहर 12.00 बजे तक अपलोड की जा सकती हैं। इसकी तकनीकी बिड दिनांक 11.11.2024 को दोपहर 12.30 बजे खोली जायेगी।

निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

**(देवपाल सिंह)**
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड–2, लो.नि.वि., बदायूँ।

UP-221044, DATE- 21-10-2024
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

## रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को पूरे हुए नौ माह, इन दिनों बढ़ी है दक्षिण के साथ उत्तर भारत के श्रद्धालुओं की संख्या

# 275 दिनों में रिकॉर्ड 3 .33 करोड़ ने किए रामलला के दर्शन

राजेंद्र पांडेय, अयोध्या

**अमृत विचार :** राम मंदिर में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के 22 अक्टूबर को नौ माह पूरे हो गए। 275 दिनों में राम लला के दर्शन करने वालों का आंकड़ा भी रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। अयोध्या पहुंचकर 3.33 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं ने रामलला के दर्शन किए। राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री सहित तीन हजार से ज्यादा वीवीआईपी और साढ़े छह लाख से ज्यादा वीआईपी दर्शन-पूजन और राम लला के दरबार में मत्था टेकने के लिए पहुंचे। इन दिनों दक्षिण भारत के साथ उत्तर भारत के दर्शनार्थियों की संख्या पहले से ज्यादा हो गई है।



निर्माणाधीन राम मंदिर में 22 जनवरी 2024 को राम लला की प्राण प्रतिष्ठा हुई। पीएम मोदी सहित देश के सात हजार से ज्यादा विशिष्ट जन इसमें शामिल हुए। जनवरी में तो श्रद्धालुओं की भीड़ इतनी बढ़ गई की कि संभालना मुश्किल हो गया था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ बड़े अफसरों को यहां आना पड़ा। फरवरी से श्रद्धालुओं का रेला दर्शन के लिए अयोध्या पहुंचने लगा। आंकड़ों के मुताबिक 66 दिन में ही दर्शनार्थियों का संख्या डेढ़ करोड़ के पार हो गई थी। इस दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ भाजपा शासित राज्यों की सरकारों के साथ ही राज्यपाल सहित दो हजार वीवीआईपी और लगभग डेढ़ लाख वीआईपी अयोध्या पहुंचे चुके थे। एक स्थान पर इतनी बड़ी संख्या में वीवीआईपी और वीआईपी का पहुंचना भी एक रिकॉर्ड है।

> रामलला के दर्शन के लिए इन दिनों दक्षिण के साथ उत्तर भारत से आने वाले वीवीआईपी व वीआईपी की संख्या बढ़ गई है। अब तक दर्शन के लिए आने वालों वीवीआईपी व वीआईपी की संख्या साढ़े छह लाख से ऊपर पहुंच गई हैं। अब तक दुनिया के कई देशों के ढाई हजार से ज्यादा श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। **-राजेश कुमार मिश्र,** सिटी मजिस्ट्रेट/प्रभारी अधिकारी प्रोटोकॉल।

> श्रीराम मंदिर में राम लला के दर्शन करने के लिए इन दिनों प्रतिदिन 80 से 85 हजार श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। अवकाश के दिनों में संख्या खासी बढ़ जाती है। दर्शन के लिए प्रत्येक दो घंटे पर दो-दो सौ लोगों के लिए पास जारी किया जाता है। रोज ही यह सभी पास जारी हो जाते हैं। **-डॉ .अनिल मिश्र,** सदस्य, श्रीराम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट।

### ढाई हजार से ज्यादा विदेशी श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद ढाई हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं ने राम लला के दर्शन किए। इनमें अमेरिका, ब्रिटेन, नेपाल, श्रीलंका, दुबई सहित कई अन्य देशों के श्रद्धालु शामिल हैं। विदेशियों में एनआरआई की संख्या ज्यादा है।

# परिवार से बिछड़े 93 हजार से अधिक बच्चे माता-पिता से मिले

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार।** प्रदेश में परिवार से बिछड़े 93 हजार से अधिक बच्चों के जीवन में खुशियां लौट आई हैं। केंद्र सरकार की मिशन वात्सल्य योजना के प्रयास से इन बच्चों को अपने माता-पिता से मिलने में सफलता मिली। इसके अलावा 1645 बच्चे पुनर्वासित किए गए हैं।

शासन के अधिकारियों के अनुसार बाल संरक्षण में यह बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने बताया कि 1707 बाल विवादों पर त्वरित कार्रवाई की गई, जबकि 11,860 बच्चे स्पॉन्सरशिप और दो बच्चे 'फॉस्टर केयर' से लाभान्वित हुए। इसके साथ ही, राष्ट्रीय कौशल विकास मिशन के तहत 1015 किशोर-किशोरियों को प्रशिक्षण दिया गया। अधिकारियों का कहना है कि प्रदेश में महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से संचालित केंद्र सरकार की मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत बाल संरक्षण के तहत राज्य सरकार ने 1645 बच्चों को गोद लेकर पुनर्वासित किया। 11,860 बच्चों को स्पॉन्सरशिप योजना का लाभ मिला है।



● केंद्र की मिशन वात्सल्य योजना से बच्चों को मिल रही नई जिंदगी

### टास्क फोर्स के जरिये 1707 वाद निस्तारित

शासन के अधिकारियों का कहना है कि सभी जिलों में टास्क फोर्स का गठन कर 1707 बाल विवादों का त्वरित निपटारा किया। टास्क फोर्स ने विवादित मामलों में तेजी से कार्रवाई करते हुए बच्चों को न्याय दिलाने में मदद की। इस पहल से प्रदेश में बाल अधिकारों को सशक्त किया गया है और बच्चों के जीवन में सुधार लाने के प्रयास को बल मिला है।

# प्रदेश के सभी जिलों में मेडिकल कॉलेज बनाने का लक्ष्य : योगी

## योगी ने 1147 करोड़ की स्वास्थ्य परियोजनाओं की शुरुआत की

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** जब हर जगह से मरीज को निराशा मिलती है तो उसे पीजीआई में बेड की आस होती है। ऐसे में पीजीआई में मरीजों का लोड अधिक रहता है। मरीजों को बेड न मिलने के अभाव में इलाज बाधित होता है। इसलिए सरकार का हर जिले में मेडिकल कॉलेज बनाने का लक्ष्य है।

सभी मेडिकल कॉलेजों को टेली आईसीयू से जोड़ने का भी प्रयास है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कही। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान एसजीपीजीआई में 1147 करोड़ रुपये से बनी चार परियोजनाओं का उद्घाटन और तीन का शिलान्यास किया। एडवांस पीडियाट्रिक सेंटर, सलोनी हार्ट सेंटर के सेकेंड फेज और रैन बसेरा का शिलान्यास किया गया। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, राज्य मंत्री चिकित्सा शिक्षा मयंकेश्वर शरण सिंह आदि मौजूद थे।



सलोनी हार्ट सेंटर का फीता काटकर उद्घाटन करते हुए मुख्यमंत्री योगी।

### प्रत्येक मेडिकल कॉलेज में उत्कृष्ट आईसीयू सुविधा

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि पीजीआई में खुले टेली आईसीयू से अभी प्रदेश के 6 मेडिकल कॉलेज जुड़े हैं। आगे सभी जिलों के मेडिकल कालेजों को इससे जोड़ा जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि कोरोना काल में 36 जिले ऐसे थे जहां सिर्फ एक या दो आईसीयू बेड ही थे। हर जिले में आईसीयू स्थापित करना था।

## नेटवर्क में दिक्कत के कारण नहीं लगा फोन : डीएम हरदोई

**लखनऊ, विधि संवाददाता।** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच के समक्ष मंगलवार को हाजिर हुए, जिलाधिकारी, हरदोई ने सफ़ायी दी कि उनका मोबाइल फोन स्विच ऑफ नहीं था बल्कि संभवतः नेटवर्क में दिक्कत के कारण फोन नहीं लगा था। एक्सप्लोसिव लाइसेंस नवीनीकरण के एक मामले में निर्देश प्राप्त करने के लिए सरकारी वकील द्वारा फोन करने पर, जिलाधिकारी का फोन स्विच ऑफ बताया रहा था, इसे न्यायालय ने दुखद स्थिति करार देते हुए, जिलाधिकारी को तलब कर लिया था। आदेश के अनुपालन में कोर्ट के समक्ष हाजिर हुए, जिलाधिकारी ने अपनी सफ़ायी दी, साथ ही यह भी बताया कि उनके द्वारा लाइसेंस नवीनीकरण का उक्त मामला 15 अक्टूबर को ही निस्तारित किया जा चुका है। जिलाधिकारी के जवाब के बाद न्यायालय ने याचिका को निस्तारित कर दिया।

# गड़बड़ी करने वालों के पोस्टर लगाएंगे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** विधानसभा उपचुनाव से पहले समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने आरोप लगाया है कि उपचुनाव में भाजपा को जिताने के लिए अधिकारी उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं की तरह काम कर रहे हैं। कहा कि अंबेडकरनगर के जिलाधिकारी भाजपा के जिला अध्यक्ष की तरह कार्य कर रहे हैं। इन आरोपों के साथ अखिलेश ने चेतावनी दी कि जो अधिकारी गड़बड़ करेंगे हम उनकी शिकायत न केवल चुनाव आयोग में करेंगे बल्कि जगह-जगह उनके पोस्टर लगा देंगे। सपा प्रमुख मंगलवार को पार्टी मुख्यालय पर पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान समाजवादी पार्टी कार्यालय के लोहिया सभागार में कार्यकर्ताओं की बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को स्मृति चिन्ह देकर कार्यकर्ताओं ने सम्मानित किया। पत्रकारों के सामने एक और बड़ा आरोप लगाते हुए अखिलेश यादव ने कहा है कि बहराइच में दंगा भाजपा ने कराया है। भाजपा के विधायक ने खुद भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं पर दंगा कराने, षड्यंत्र कराने का एफआईआर कराई है। उन्होंने दावा किया कि, बहराइच दंगे का एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें स्पष्ट हो रहा है कि पुलिस ने दंगाइयों को खुली छूट दी थी। पुलिस को हटा देना या खुली छूट दे देना बड़ी साजिश का हिस्सा है।



समाजवादी पार्टी कार्यालय के लोहिया सभागार में कार्यकर्ताओं की बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते कार्यकर्ता।

● उपचुनाव में भाजपा को जिताने के लिए अधिकारी कार्यकर्ताओं की तरह काम कर रहे : अखिलेश

### एकजुट रहेगा इंडिया गठबंधन

सपा प्रमुख ने कहा कि इंडिया गठबंधन एकजुट है। उपचुनाव मिलकर लड़ेंगे। भाजपा कितना भी जोर लगा ले लेकिन पीडीए एकजुट रहेगा। उन्होंने एक साल में उप्र. में गरीबी दूर करने के भाजपा के दावे पर कहा कि एक साल में तो सरकार ही चली जाएगी।

## वुजूखाना के एएसआई सर्वे मामले पर सुनवाई अब 8 को

**विधि संवाददाता, प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट में ज्ञानवापी परिसर स्थित वुजूखाने के सर्वे के मामले पर मंगलवार को हुई सुनवाई के दौरान वादी राखी सिंह की ओर से 2023 की एएसआई रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। मामले की अगली सुनवाई 8 नवंबर को दोपहर 2 बजे निर्धारित की गई है। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की एकलपीठ के समक्ष हुई। पिछली सुनवाई में हिंदू पक्ष की ओर से लक्ष्मी देवी ने हलफनामा दाखिल कर वुजूखाने के साइंटिफिक सर्वे की मांग की थी। मुस्लिम पक्ष ने लक्ष्मी देवी की याचिका का जवाब देते हुए अपना हलफनामा दाखिल किया था और राखी सिंह ने मुस्लिम पक्ष के हलफनामे का जवाब दाखिल किया। मालूम हो कि वर्तमान वाद में श्रृंगार गौरी मामले की मुख्य वादी राखी सिंह ने जिला अदालत के आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी है।

## सार-संक्षेप

### नहीं रहे वरिष्ठ भाजपा नेता मोहनदास

**अयोध्या, अमृत विचार :** भाजपा के वरिष्ठ नेता मोहनदास का मंगलवार को लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वह लगभग 70 साल की थे। फक्कड़ स्वभाव और सीधी भाषा में बात करने वाले दास काफी दिनों से बीमार चल रहे थे। वह जिले में भाजपा की पहली कतार के नेताओं में थे। भाजपा के विभिन्न पदों निर्वाह किया था। जिलाध्यक्ष भी वह चुके थे। अयोध्या के श्रीराम हॉस्पिटल में उन्होंने मंगलवार दोपहर अंतिम सांस ली।

### प्रदेश में भी देखने को मिलेगा चक्रवात का प्रभाव

**लखनऊ, अमृत विचार :** दाना चक्रवात का प्रभाव आने वाले दिनों में उत्तर प्रदेश में भी देखने को मिल सकता है। हालांकि चक्रवात लेकर उड़ीसा और पश्चिम बंगाल में अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार, 24 और 25 अक्टूबर को वाराणसी समेत पूर्वांचल के अन्य जिलों में इस चक्रवात का असर देखा जाएगा। चक्रवात के कारण चमक गरज के साथ बारिश और धूल भरी आंधी चलने की संभावना भी जाहिर की गई है। चक्रवात के चलते अचानक मौसम बदलेगा और न्यूनतम तापमान में गिरावट आएगी।

### व्यापारी से वसूली में चौकी इंचार्ज, सब इंस्पेक्टर को जेल

**घाटमपुर (कानपुर)।** घाटमपुर में मोमबत्ती व्यापारी को धमकाकर 50 हजार वसूलने के आरोपी कस्बा चौकी इंचार्ज, सब इंस्पेक्टर और पूर्व पार्षद को पुलिस ने मंगलवार दोपहर न्यायालय में पेशकर जेल भेज दिया। चौकी इंचार्ज अपने साथियों के साथ रोता नजर आया। एक अन्य आरोपी मेडिकल स्टोर संचालक की तलाश की जा रही है। घाटमपुर नगर निवासी मोमबत्ती व्यापारी उदय प्रकाश साहू ने घाटमपुर थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह नगर में मोमबत्ती बनाने का कारखाना चलाते हैं। आरोप लगाया कि लाइसेंस न होने का डर दिखाकर घाटमपुर कस्बा चौकी इंचार्ज आशीष चौधरी व सब इंस्पेक्टर अनुज नागर उसे कस्बा चौकी ले गए। जहां पर उसे प्रताड़ित किया और उससे 50 हजार रुपये वसूल लिए।

### 40 दिन बाद शुरू हुआ एनटीपीसी की यूनिट में उत्पादन

**ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार।** एनटीपीसी की ऊंचाहार परियोजना में 210 मेगावाट की क्षमता वाली यूनिट संख्या पांच में सोमवार की देर शाम उत्पादन शुरू हो गया। इसे 35 दिन के लिए मरम्मत हेतु बंद किया गया था, किंतु मरम्मत के बाद भी यह यूनिट चल नहीं पा रही है। काफी जद्दोजहद के बाद इसे चालू किया गया है।

## मुख्यमंत्री पर अभद्र टिप्पणी का भेजा ईमेल, रिपोर्ट दर्ज

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर अभद्र टिप्पणी करते हुए एक मेल सीआईएसएफ को मिला। यह मेल चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट की सुरक्षा में तैनात सीआईएसएफ के ऑफिसियल ईमेल आईडी पर भेजा गया। अमौसी एयरपोर्ट की सुरक्षा में तैनात केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के सीआईडब्ल्यू विजिलेंस के अधिकारी प्रत्यूष कुमार सिंह ने बताया कि सात अक्टूबर को एएसजी की ऑफिसियल मेल आईडी पर एक मेल आया। पुलिस इसकी जांच कर रही है।

# टैबलेट देने वाले टॉप तीन जिलों में बरेली, संभल व मुरादाबाद शामिल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार।** प्रदेश में स्वामी विवेकानंद सशक्तिकरण योजना से पात्र विद्यार्थियों को स्मार्टफोन देने में 8 जिलों ने शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया है, जबकि 2 जिलों की उपलब्धि 99.99 प्रतिशत रही। जबकि टैब वितरण में 79.31 प्रतिशत के साथ संभल प्रथम, 74.88 प्रतिशत के साथ मुरादाबाद दूसरे व 74.05 प्रतिशत के साथ बरेली तीसरे स्थान पर है।

स्मार्टफोन देने में सर्वश्रेष्ठ जिलों में हरदोई, जालौन, कन्नौज, कासगंज, मुरादाबाद, प्रतापगढ़, रामपुर, उन्नाव, ऐटा व मीरजापुर प्रमुख हैं। जबकि टैब वितरण में संभल, मुरादाबाद और बरेली के बाद 72.47 प्रतिशत के साथ शामली चौथे व 71.25 प्रतिशत के साथ सहारनपुर 5वें पायदान पर है। 70.34 प्रतिशत के साथ गाजियाबाद छठे, 69.85 प्रतिशत के साथ प्रतापगढ़ सातवें, 69.67 प्रतिशत के साथ गोरखपुर 8वें, 69.58 प्रतिशत के साथ हाथरस नौवें व 69.18 प्रतिशत के साथ बिजनौर 10वें पायदान पर स्थित है।

● स्मार्ट फोन देने में 8 जिलों ने हासिल किया शत प्रतिशत लक्ष्य

# समाज में ननद-भाभी के रिश्ते की अनूठी परंपरा

विधि संवाददाता,प्रयागराज

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक महिला द्वारा अपने भाई की पत्नी के खिलाफ दर्ज जबरन वसूली की शिकायत को खारिज करते हुए कहा कि भारतीय समाज में ननद-भाभी के रिश्ते की अनूठी परंपरा है। हमारे समाज में यह बहुत ही दिलचस्प रिश्ता होता है, जिसकी गतिशीलता का आकलन उसमें निहित आनंद और परस्पर देखभाल से किया जा सकता है।

उक्त आदेश न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी की एकलपीठ ने डॉ शिखा त्यागी द्वारा अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, गाजियाबाद के समक्ष आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत पूजा पंत त्यागी के खिलाफ दर्ज शिकायत मामले की लंबित कार्यवाही को रद करते हुए पारित किया। हाईकोर्ट ने यह देखते हुए कि दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया है और उनके बीच अब कोई विवाद नहीं है, वर्तमान शिकायत मामला रद कर दिया।



● हाईकोर्ट ने जबरन वसूली की शिकायत खारिज की

## वर्ग पहेली-230

**बाएं से दाएं**

4. 1. वह जो बहुत वीर हो 2. पवनपुत्र हनुमान 3. चौबीसवें और अंतिम जैन तीर्थंकर 4. गौतम बुद्ध 5. सिंह, शेर 6. गरुड़ 7. बाज़ नामक पक्षी 8. वज्र 9. घोड़ा।

5. 1. उत्कृष्ट कार्य हेतु किसी को उपहारस्वरूप दिया जाने वाला सोने, चांदी, तांबा आदि धातु का वह टुकड़ा जिसपर प्रायः देने वाले का नाम अंकित रहता है, तमगा, (मेडल) 2. पूजा हेतु निर्मित किसी देवता के चरण की प्रतिमूर्ति 3. आभूषण के रूप में पहना जाने वाला वह धातुखंड जिसपर किसी देवता के चरण-चिह्न अंकित हों 4. वैदिक पद-पाठ का ज्ञाता 5. एक प्रचीन गोत्र प्रवर्तक ऋषि।

7. 1. कक्षा-प्रतिनिधि, कक्षानायक 2. कंप्यूटर सूचना-सामग्री प्रदर्शित करने वाला परदा, कंप्यूटर का वह इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जिसके परदे पर किसी प्रक्रम या प्रॉसेस को देखा जाता है।

10. शराब, मदिरा, मद्य।

11. 1. मैदे से बनी एक प्रकार की प्रसिद्ध मिठाई 2. एक जंगली वृक्ष और उसका फूल 3. पक्षियों का खाद्य पदार्थ।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. एक झाड़ी जिसकी पत्तियां दवा बनाने के काम आती हैं और जिसके बीजों से लाल रंग भी निकलता है 2. इस झाड़ के बीजों से निकलने वाला लाल रंग।

2. 1. वस्तुओं के इधर से उधर होने का शब्द 2. कुछ ढूंढ़ने से होने वाली आवाज़।

3. 1. अनियमित रूप से व्युत्पन्न; रूढ़ 2. जिसका योग से संबंध न हो 3. जो यौगिक न हो; तत्व या मिश्रण (पदार्थ)।

6. 1. स्थान; जगह; ठौर 2. दरवाज़ा; द्वार 3. दहलीज़।; अंदर; में।

8. पैर साफ़ करने का पत्थर; झामक; (प्युमिक स्टोन)।

9. बड़ी बहन का पति; बहनोई।



### वर्ग पहेली -229 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 रू | ■ | 2 छु | ई | 3 मु | ई |
| ठ | ■ | ■ | ■ | ख़ | ■ |
| ना | ■ | 4 वे | ■ | ता | ■ |
| ■ | 5 फ़ो | ज | दा | री | ■ |
| ■ | ■ | यं | ■ | ■ | 6 फे |
| 7 पो | षि | त | ■ | ■ | ला |
| ■ | ■ | ■ | 8 क | ढ़ा | व |

## सुडोकू -143

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 7 | | 5 | 4 | | 2 | |
| 1 | | | 9 | | 7 | | | |
| | | 3 | | | 1 | | | 8 |
| | 4 | | 5 | | | | 7 | |
| | 9 | | 4 | | 3 | | 1 | |
| | 8 | | | | 2 | | 6 | |
| 2 | | | 8 | | | 4 | | |
| | | | 1 | | 6 | | | 7 |
| | 1 | | 2 | 7 | | 5 | | 6 |

### सुडोकू - 142 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 4 | 8 | 1 | 5 | 7 | 9 | 2 |
| 8 | 5 | 2 | 7 | 6 | 9 | 1 | 3 | 4 |
| 9 | 7 | 1 | 3 | 2 | 4 | 5 | 6 | 8 |
| 7 | 8 | 6 | 9 | 4 | 1 | 2 | 5 | 3 |
| 2 | 1 | 9 | 6 | 5 | 3 | 4 | 8 | 7 |
| 3 | 4 | 5 | 2 | 7 | 8 | 9 | 1 | 6 |
| 4 | 9 | 3 | 5 | 8 | 7 | 6 | 2 | 1 |
| 5 | 2 | 7 | 1 | 3 | 6 | 8 | 4 | 9 |
| 1 | 6 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 | 5 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 23 अक्टूबर बुधवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-कार्तिक, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-सप्तमी 24 अक्टूबर 01.18 तक तत्पश्चात अष्टमी।

**मेष** – आज किसी पुरानी स्वास्थ्य समस्या से छुटकारा मिलेगा। साहित्य से जुड़े लोगों को महत्व मिलेगा। कहीं बाहर घूमने जा सकते हैं। आप कोई साहसिक निर्णय ले सकते हैं। आपको सभी प्रयासों में सफलता मिलेगी। बच्चों के साथ बहुत अच्छा समय बिताएंगे।

**वृष** – आज धन आगमन के जबरदस्त योग बन रहे हैं। बुद्धि और पुराने समृद्ध अनुभवों का लाभ आपको कारोबार में मिलेगा। बड़ा व्यावसायिक अनुबंध कर सकते हैं। मन में संतोष की भावना रहेगी। मित्रों की सलाह का आप अनुसरण कर सकते हैं।

**मिथुन** – आज सरकारी कर्मचारियों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। आपका करियर एक नई दिशा में शुरू हो सकता है। आत्ममंथन और विचार-विमर्श के लिए दिन जबरदस्त है। आपके व्यक्तित्व में एक विशेष आकर्षण रहेगा।

**कर्क** – आज बेवजह का मानसिक तनाव न पालें। गले में इंफेक्शन और संक्रमण आदि जैसी समस्या हो सकती है। बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान दें। योग और प्राणायाम अवश्य करें। जीवनसाथी आपसे नाराज हो सकता है। आप सिर्फ अपने विचारों को ही जिताने का प्रयास न करें।

**सिंह** – आज आपकी दिनचर्या बहुत ही अच्छी रहेगी। शेयर मार्केट में बड़ा धन निवेश कर सकते हैं। बच्चों की उपलब्धियों पर गौरवान्वित महसूस करेंगे। बेरोजगार लोगों को जॉब मिल सकती है। नया काम शुरू कर रहे हैं तो पहले पेपरवर्क जरूर कर लें।

**कन्या** – आज भावनात्मक रूप से मजबूत रहेंगे। ऑफिस में बॉस आपको बड़ा काम सौंप सकते हैं। युवाओं को वैवाहिक प्रस्ताव मिलेंगे। धन के लेन-देन को लेकर मित्रों से अनबन रहेगी। धार्मिक और अध्यात्मिक विचारों का आपके स्वभाव में फर्क पड़ेगा।

**तुला** – आज आप कला से जुड़ने का प्रयास करेंगे। राजनीति से जुड़े लोग चतुराई का परिचय देंगे। समाज में आपका सम्मान बढ़ेगा। आपको कोई गिफ्ट मिल सकता है। व्यावसायिक तनाव को दांपत्य संबंधों के बीच न आने दें।

**वृश्चिक** – आज आपकी प्रतिभा को यथोचित सम्मान नहीं मिलेगा। बड़े लोगों की राय लेना न भूलें। जीवनसाथी के साथ तीखी बयानबाजी हो सकती है। परिस्थितियां आपके अनुकूल रहने वाली है। आपको बहुमूल्य उपहार प्राप्त हो सकता है।

**धनु** – आज अधिकारी वर्ग आपकी प्रशंसा करने से नहीं चूकेगा। कारोबार की बड़ी बाधा का निवारण हो सकता है। नजदीकी संबंधों को लेकर थोड़े असहज रहेंगे। दांपत्य संबंधों में मधुरता रहेगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा।

**मकर** – आज ऑनलाइन गेम्स में आप काफी रुचि लेंगे। सहयोगियों के माध्यम से आपको बड़ा धन लाभ हो सकता है। नया रोजगार ढूंढ रहे हैं तो दिन भाग्यशाली रहने वाला है। काम को लेकर लापरवाही न करें। शरीर में दर्द और बुखार की समस्या हो सकती है।

**कुंभ** – आज आप स्वयं को काफी ऊर्जावान महसूस करेंगे। पुराने अनुभवों का लाभ उठा पाएंगे। उच्च शिक्षा ले रहे विद्यार्थियों का प्रदर्शन शानदार रहेगा। प्रेम विवाह के मार्ग में आ रही बाधा दूर होगी। पारिवारिक सुख में वृद्धि होगी।

**मीन** – आज यदि बहुत आवश्यक न हो तो योजनाओं को सार्वजनिक न करें। शत्रु आपके विरुद्ध सक्रिय हो सकता है। किसी के निजी मामलों में दखलंदाजी न करें। आप अपने स्वास्थ्य को लेकर तनाव में आ सकते हैं।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-शरद।
चन्द्रबल- मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पुनर्वसु पूर्ण रात्रि।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
पिघलता आसमान – सुबह : 09 .29
वेलकम बैक – शाम : 06 .41

&pictures
प्रलय द डिस्ट्रॉयर – सुबह : 10 .55
करन अर्जुन – रात : 07 .30

SONY PIX
घोस्टबस्टर्स – सुबह : 09 .54
द मैकेनिक – रात : 09 .00

ZEE CINEMA
गुमनाम – सुबह : 11 .17
वांटेड – शाम : 04 .52

ZEE ACTION
आशिक – सुबह : 11 .15
आदमी – रात : 07 .30

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर शाम : 04 .52 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

सुबह की चाय के साथ पत्नी बहुत सारी दवाइयां लेकर आई।
पत्नी (अपने पति से) – ये लो चाय के साथ कॉल्पोल खालो।
पति- नहीं मुझे बुखार नहीं है।
पत्नी-तो डाइजीन ले लो।
पति- नहीं मुझे गैस भी नहीं है।
पत्नी- तो फिर पुदीन हरा ले लो।
पति- नहीं मेरा पेट भी ठीक है।
पत्नी- लो कॉम्बिफ्लेम ही ले लो, हाथ-पैर दुखना बंद हो जाएगा।
पति- अरे कमाल करती हो, मुझे कुछ नहीं हुआ है, मैं एकदम ठीक हूं, तंदुरुस्त हूं।
पत्नी-तो फटाफट उठो, सफाई के साथ बहुत काम करना है।

# राहुल-सरफराज के बीच एक स्थान के लिए जंग: टेन डोएशे

• मुख्य कोच गौतम गंभीर कर्नाटक के बल्लेबाज को पर्याप्त मौके देने के इच्छुक

पुणे, एजेंसी

भारत के सहायक कोच रेयान टेन डोएशे ने कहा कि न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए मध्यक्रम के बल्लेबाज केएल राहुल और सरफराज खान के बीच एक स्थान के लिए जंग है हालांकि मुख्य कोच गौतम गंभीर कर्नाटक के बल्लेबाज को पर्याप्त मौके देने के इच्छुक हैं। बेंगलुरु में शुरुआती टेस्ट में आठ विकेट से मिली हार के बाद भारत वापसी करने के लिए प्रतिबद्ध है।



अब जब कि वाशिंगटन सुंदर को भी टीम में शामिल कर दिया गया है तो सभी का ध्यान टीम संयोजन पर लगा होगा। शुभमन गिल और ऋषभ पंत गुरुवार से शुरू होने वाले मैच के लिए पूरी तरह से फिट होना चाहेंगे। डोएशे से अभ्यास सत्र से पहले पूछा गया कि क्या राहुल और सरफराज के बीच टीम में जगह बनाने को जंग है तो उन्होंने कहा कि इसमें किसी एक का पक्ष लेने की बात नहीं है। मध्यक्रम में एक स्थान के लिए जंग है।

### सात में से छह बल्लेबाज को फिट करना होगा

टेन डोएशे ने कहा कि सरफराज ने पिछले मैच में अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन राहुल की फॉर्म चिंता का विषय नहीं है। लेकिन निश्चित तौर पर हमें इस टेस्ट मैच के लिए सात बल्लेबाजों में से छह को टीम में फिट करना होगा। सरफराज ने बेंगलुरु मैच में दूसरी पारी में 150 रन बनाए, जबकि राहुल दोनों पारियों में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए थे। टेन डोएशे ने स्वीकार किया कि राहुल को टेस्ट प्रारूप से बाहर रखना मुश्किल है तथा मुख्य कोच गंभीर भी उन्हें पर्याप्त मौके देना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं है कि हम उसकी फॉर्म को लेकर चिंतित हैं। यदि आप पिछले तीन महीनों को देखें जब से गौतम ने मुख्य कोच का पद संभाला है, वह उस (राहुल) जितना संभव हो उतना मौके देना चाहते हैं। हमें उस पर पूरा भरोसा है। टेन डोएशे ने कहा कि लेकिन साथ ही टीम के अंदर बहुत ही प्रतिस्पर्धी माहौल है। सरफराज ने ईरानी ट्रॉफी फाइनल में 150 से अधिक रन (नाबाद 222) बनाए। कोई भी फैसला टीम के हित को ध्यान में रखकर किया जाएगा, लेकिन हम निश्चित रूप से सभी खिलाड़ियों का समर्थन करेंगे। पंत ने पहले टेस्ट मैच के अधिकतर हिस्से में विकेटकीपिंग नहीं की जबकि गिल गर्दन में अकड़न के कारण उस मैच में नहीं खेल पाए थे। टेन डोएशे ने कहा कि ऋषभ काफी अच्छा है और लग रहा है कि गिल भी इस टेस्ट मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे।

# न्यूजीलैंड को सामंजस्य बैठाना होगा : मिचेल

पुणे, एजेंसी

ऑलराउंडर डेरिल मिचेल ने कहा है कि न्यूजीलैंड को बेंगलुरु टेस्ट में मिली जीत को छोड़कर गुरुवार से शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट में संभावित रूप से स्पिन के अनुकूल हालात से तेजी से सामंजस्य बैठाना होगा।

न्यूजीलैंड ने भारत को उसके मैदान पर 36 साल में पहली बार शिकस्त देते हुए तीन मैच की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बना ली है लेकिन विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में जगह बनाने का दावा मजबूत करने के लिए, भारत के पुणे में स्पिन की अनुकूल पिच पर पलटवार करने की उम्मीद है। मिचेल ने मंगलवार को न्यूजीलैंड के ट्रेनिंग सत्र के बाद कहा कि एक जीत जो हम नहीं कर सकते, वह यह है कि हम सतह को नहीं बदल सकते। इसलिए हमारे सामने जो है हमें उसे देखते हुए प्रतिक्रिया देनी होगी और तेजी से सामंजस्य बैठाना होगा। उन्होंने कहा कि कीवी खिलाड़ी के तौर पर हमें इस पर गर्व है कि हम वर्तमान में जीते हैं, हम अपने पैर जमीन पर रखते हैं और जितना अधिक संभव को वर्तमान में रहने की कोशिश करते हैं। मिचेल ने कहा कि हम विकेट नहीं बदल सकते। वह जैसी है वैसी रहेगी। लेकिन मुझे यकीन है कि रणनीति के साथ उतरेंगे और 20 विकेट चटकाने का तरीका ढूंढ लेंगे और उम्मीद करते हैं कि कुछ रन भी बनाएंगे। मिचेल ने कहा कि मेहमान टीम बेंगलुरु में मिली जीत से आगे बढ़ने की कोशिश करेगी। उन्होंने कहा, कि देखिए, हमारे लिए अब वह एक अन्य टेस्ट मैच की तरह है। यह अतीत की बात है।



• दूसरे टेस्ट में संभावित रूप से स्पिन पिच को लेकर बोले न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर

## खेल डायरी

### रुबलेव के एटीपी फाइनल्स में जगह बनाने की उम्मीदें

**बासेल।** शीर्ष वरीयता प्राप्त आंद्रे रुबलेव ने स्विस इंडोर टेनिस टूर्नामेंट में अपने पदार्पण मैच में जीत हासिल की और अगले महीने होने वाले एटीपी फाइनल्स के लिए लगातार पांचवीं बार क्वालीफाई करने की अपनी उम्मीदों को पंख लगाए। रुबलेव ने पुर्तगाल के नूनो बोर्गेस को 6-3, 6-2 से हराया। एटीपी फाइनल्स में चोटी के आठ खिलाड़ी भाग लेते हैं। रुबलेव अभी आठवें स्थान पर हैं। अन्य मैचों में पांचवीं वरीयता प्राप्त उगो हम्बर्ट ने स्विस क्वालीफायर जेरोम किम को 6-4, 6-7 (5), 7-5 से हराया। अगले दौर ने उनका मुकाबला डेविड गोफिन से होगा जिन्हें इटली के माटेओ अर्नाल्डी को 6-7 (5), 6-3, 6-2 से हराने के लिए पसीना बहाना पड़ा। एक अन्य मैच में सातवीं वरीयता प्राप्त आर्थर फिल्स ने जर्मन क्वालीफायर डेनियल अल्टमायर को 7-6 (5), 6-3 से हराया।

### भारत चैलेंजर स्तर की चार स्पर्धाओं की करेगा मेजबानी

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) ने सोमवार को पुष्टि की कि देश फरवरी 2025 में चार एटीपी चैलेंजर टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा, जिसकी शुरुआत चेन्नई में एटीपी 100 टूर्नामेंट से होगी। एआईटीए ने कहा कि एटीपी ने चैलेंजर स्पर्धाओं के लिए तारीखों और स्थानों को मंजूरी दे दी है। चेन्नई तीन फरवरी से इसकी मेजबानी करेगा। इसके बाद बेंगलुरु (10 फरवरी से), पुणे (17 फरवरी से) और नई दिल्ली (24 फरवरी से) में चैलेंजर टूर्नामेंटों का आयोजन होगा। चेन्नई, बेंगलुरु और पुणे में टूर्नामेंट एटीपी 100 स्तर की जबकि दिल्ली में चौथा टूर्नामेंट एटीपी 75 स्तर की प्रतियोगिता होगी। एटीपी 100 में एकल खिताब विजेता को 100 रैंकिंग अंक के साथ 17,500 डॉलर की पुरस्कार राशि मिलती है, जबकि एटीपी 75 रैंकिंग प्रतियोगिता में चैंपियन को 11,200 डॉलर की पुरस्कार राशि मिलती है। भारत ने 2024 तीन चैलेंजर स्तर की प्रतियोगिताओं की मेजबानी की थी। यहां जारी विज्ञप्ति के मुताबिक एआईटीए 2025 सत्र के दौरान देश में और अधिक चैलेंजर प्रतियोगिता लाने के लिए प्रतिबद्ध है।

### ओसाका पीठ की चोट से डब्ल्यूटीए के बाकी सत्र से बाहर

**हांगकांग।** जापान की स्टार खिलाड़ी नाओमी ओसाका पीठ की चोट के कारण महिला टेनिस टूर डब्ल्यूटीए के बाकी सत्र में नहीं खेल पाएगी। हांगकांग ओपन के आयोजकों ने सोमवार को अपने सोशल मीडिया मंच पर इसकी घोषणा करते हुए कहा कि चार बार की ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन न केवल इस टूर्नामेंट से हट रही है, बल्कि वह मौजूदा सत्र में आगे किसी भी प्रतियोगिता में नहीं खेल पाएगी। डब्ल्यूटीए ने अपनी वेबसाइट पर भी इसकी घोषणा की। ओसाका तीन सप्ताह पहले चाइना ओपन में कोको गॉफ के खिलाफ चौथे दौर के मैच से हट गई थी और उसके बाद उन्होंने कोई मैच नहीं खेला है।

### नेमार की एक साल बाद प्रतिस्पर्धी फुटबॉल में वापसी

**अल ऐन।** ब्राजील के स्टार फुटबॉलर नेमार ने चोट के कारण एक साल बाहर रहने के बाद सोमवार को प्रतिस्पर्धी फुटबॉल में वापसी की तथा एएफसी चैंपियंस लीग एलीट के ग्रुप चरण में अल हिलाल को संयुक्त अरब अमीरात के अल ऐन को 5-4 से हराने में मदद की। नेमार ने अगस्त 2023 में सऊदी अरब के क्लब अल हिलाल के साथ अनुबंध किया था लेकिन पिछले साल अक्टूबर में चोटिल होने से पहले वह अपने इस नए क्लब की तरफ से केवल पांच मैच खेल पाए थे। उन्होंने 369 दिन के बाद चार बार के एशियाई चैंपियन अल हिलाल की तरफ से अपना अगला मैच खेला। मैच समाप्त होने में जब केवल 13 मिनट का समय बाकी था तब नेमार ने मैदान पर कदम रखा। उन्होंने आते ही गोल पर करारा शॉट जमाया लेकिन वह गोल पोस्ट से टकरा गया। अल हिलाल की टूर्नामेंट में यह लगातार तीसरी जीत है।

### सोफिया केनिन पैन पैसिफिक ओपन के दूसरे दौर में

**तोक्यो।** ऑस्ट्रेलियाई ओपन की पूर्व चैंपियन सोफिया केनिन ने मंगलवार को यहां सीधे सेटों में जीत दर्ज करके पैन पैसिफिक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश किया। अमेरिका की इस 25 वर्षीय खिलाड़ी ने पहले दौर में चीन की दसवीं वरीयता प्राप्त वांग ज़िन्यू को 6-1, 6-4 से पराजित किया। केनिन की वांग ज़िन्यू के खिलाफ यह लगातार चौथी जीत है। कनाडा की बियांका एंड्रीस्कू और अमेरिका की लेयला फर्नांडीज भी दूसरे दौर में पहुंचने में सफल रहे। इस वर्ष पैन पैसिफिक में शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता झेंग क़िनवेन हैं।

# ग्लासगो राष्ट्रमंडल 2026 से नौ खेल किए गए बाहर

## हॉकी, निशानेबाजी, क्रिकेट, बैडमिंटन, कुश्ती सहित कई प्रमुख खेल किए गए बाहर, भारत की पदक जीतने की उम्मीदों को पहुंचा नुकसान

commonwealth games GLASGOW 2026

• लागत कम करने को टेबल टेनिस स्क्वाश व ट्रायथलॉन को भी हटाया

• चार स्थानों पर किए जाएंगे इन खेलों के आयोजन











लंदन, एजेंसी

भारत की राष्ट्रमंडल खेलों में पदक जीतने की उम्मीद को नुकसान हुआ है क्योंकि मेजबान शहर ग्लासगो ने हॉकी, बैडमिंटन, कुश्ती, क्रिकेट और निशानेबाजी जैसे खेलों को 2026 में होने वाले कार्यक्रम से हटा दिया है तथा केवल 10 खेलों को जगह दी है। लागत कम करने को टेबल टेनिस, स्क्वाश व ट्रायथलॉन को भी हटाया गया है। बर्मिंघम में 2022 में हुए राष्ट्रमंडल खेलों में शामिल नौ खेल अगले खेलों का हिस्सा नहीं होंगे। ये खेल चार स्थानों पर आयोजित होंगे।

राष्ट्रमंडल खेल महासंघ (सीजीएफ) ने कहा कि इन खेलों में 10 खेल शामिल होंगे ताकि इनके आयोजनों का स्वरूप भी बना रहे तथा वित्तीय और संचालन संबंधी चिंताओं से भी निपटा जा सके। कार्यक्रम में एथलेटिक्स व पैरा एथलेटिक्स (ट्रैक एवं फील्ड), तैराकी और पैरा तैराकी, कलात्मक जिमनास्टिक, ट्रैक साइक्लिंग और पैरा ट्रैक साइक्लिंग, नेटबॉल, भारोत्तोलन और पैरा पावरलिफ्टिंग, मुक्केबाजी, जूडो, बाउल्स और पैरा बाउल्स, 3x3 बास्केटबॉल और 3x3 व्हीलचेयर बास्केटबॉल शामिल है। राष्ट्रमंडल खेल 2026 में 23 जुलाई से दो अगस्त तक आयोजित होंगे। ग्लासगो ने इससे पहले 2014 में राष्ट्रमंडल खेल की मेजबानी थी। इन खेलों का आयोजन चार स्थलों स्कॉट्सटाउन स्टेडियम, टोलक्रॉस इंटरनेशनल तैराकी केंद्र, एमिरेट्स एरेना और स्कॉटिश प्रतियोगिता परिसर (एसईसी) में होगा। खिलाड़ियों और उनके सहयोगी स्टाफ को होटल में ठहराया जाएगा।

सीजीएफ ने कहा कि ग्लासगो में होने वाले खेलों का आयोजन आठ मील के दायरे में स्थित चार स्थानों पर होगा। इनमें 10 खेल शामिल है। निशानेबाजी को बाहर किया गया है क्योंकि 2014 में इस खेल का आयोजन डंडी में बैरी बुडन सेंटर में हुआ था जो ग्लासगो से 100 किमी दूर है। साथ ही तीरंदाजी भी बाहर है। यह खेल आखिरी बार दिल्ली में 2010 में राष्ट्रमंडल का हिस्सा था। राष्ट्रमंडल 2014 में हॉकी और कुश्ती की मेजबानी करने वाले ग्लासगो ग्रीन और स्कॉटिश प्रदर्शनी एवं सम्मेलन केंद्र को आयोजन स्थलों की सूची से हटाया है, जबकि सर क्रिस होय वेलोड्रोम, जहां उस वर्ष बैडमिंटन हुआ था, इस बार केवल साइकलिंग की मेजबानी करेगा। आयोजकों ने कहा कि इसके लिए लागत और संचालन संबंधी जोखिम मुख्य कारक थे। इनको ध्यान में रखते हुए यह फैसला हुआ कि अतिरिक्त स्थान को जोड़ना महंगा होगा। हॉकी को बाहर करने का कारण यह हो सकता है कि इन खेलों के समाप्त होने के दो सप्ताह बाद 15 से 30 अगस्त तक वावरे, बेल्जियम और एम्स्टेलवीन, नीदरलैंड में हॉकी विश्व कप होगा। पहले इन खेलों का आयोजन ऑस्ट्रेलिया के राज्य विक्टोरिया में होना था लेकिन लागत को देखते हुए वह हट गया था। इसके बाद स्कॉटलैंड ने मेजबानी के लिए हामी भरी थी।

### खेलों को बाहर किए जाने से भारतीय खेल समुदाय स्तब्ध

**नई दिल्ली।** राष्ट्रमंडल खेलों से कई खेलों के बाहर होने से भारतीय खिलाड़ी और प्रशासक स्तब्ध हैं। टेबल टेनिस खिलाड़ी शरत कमल ने कहा कि यह अफसोसनाक है कि टेबल टेनिस को हटाया गया है। स्क्वाश खिलाड़ी दीपिका पल्लीकल ने कहा कि जब भी ऐसा लगता है कि हम खेल के लिए कुछ कदम आगे बढ़ रहे हैं, तो हम दो कदम पीछे हट जाते हैं। हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने कहा कि उन खेलों को हटाया गया है जिनमें भारत पदक जीतता रहा है। भारतीय ओलंपिक संघ को इस मामले को उठाना चाहिए। हमने अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ के सामने शिकायतें रखी हैं और वे इस मामले को सीजीएफ के साथ उठा रहे हैं। भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि राष्ट्रमंडल खेलों में भारत ने कुश्ती में अच्छा प्रदर्शन किया है। बैडमिंटन संघ के महासचिव संजय मिश्रा ने कहा कि यह चौंकाने वाला और भारतीय खेलों के लिए बड़ा झटका है। राष्ट्रीय राइफल संघ के प्रमुख कलिकेश सिंह देव ने कहा कि यह बहुत अलग राष्ट्रमंडल खेल होगा, जिसमें कई लोकप्रिय खेल नहीं होंगे जो ओलंपिक का अभिन्न अंग हैं। वहीं भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतना उनकी टीम का लक्ष्य था। हमारा लक्ष्य इस बार उसमें स्वर्ण पदक जीतना था।

### भारतीय संभावनाओं को पहुंची क्षति, अधिकत्तर खेलों में जीते हैं पदक

राष्ट्रमंडल खेलों का यह कार्यक्रम भारत की पदक संभावनाओं के लिए झटका है, क्योंकि इससे पहले उन्होंने अधिकतर पदक उन खेलों में जीते थे जिन्हें हटाया गया है। निशानेबाजी को बर्मिंघम खेलों के कार्यक्रम से भी हटाया गया था और उसकी वापसी की उम्मीद थी। भारत की पुरुष हॉकी टीम ने तीन रजत और दो कांस्य पदक जीते हैं, जबकि महिलाओं ने 2002 में स्वर्ण सहित तीन पदक जीते हैं। बैडमिंटन में भारत ने 10 स्वर्ण, आठ रजत और 13 कांस्य पदक सहित कुल 31 पदक जीते हैं। निशानेबाजी में 135 पदक जीते थे जिनमें 63 स्वर्ण, 44 रजत और 28 कांस्य हैं। कुश्ती में 114 पदक मिले हैं, जिनमें 49 स्वर्ण, 39 रजत और 26 कांस्य हैं। क्रिकेट को 2022 में फिर से राष्ट्रमंडल खेलों में शामिल कर दिया गया था, जिसमें भारतीय महिला टीम ने रजत जीता था। पैरा खिलाड़ी 2002 से इन खेलों का हिस्सा रहे हैं और अगले खेलों में भी बने रहेंगे। सीजीएफ ने कहा कि पैरा खेल को एक बार फिर प्राथमिकता दी जाएगी। इस बार छह पैरा खेल कार्यक्रम में शामिल है। भारत ने 2022 में बर्मिंघम में 16 खेलों में 210 खिलाड़ी उतारे थे। इन खेलों में उसने 61 पदक जीते थे जिनमें 30 पदक उन खेलों में हासिल किए थे जिन्हें अगले राष्ट्रमंडल खेलों के कार्यक्रम से हटा दिया गया है।

# 10 साल बाद दिल्ली में हॉकी, जर्मनी से हिसाब चुकाने को भारत तैयार

नई दिल्ली, एजेंसी

मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम पर दस साल बाद अंतर्राष्ट्रीय हॉकी की वापसी होगी और विश्व चैम्पियन जर्मनी के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के पहले मैच में बुधवार को भारतीय टीम ओलंपिक सेमीफाइनल में मिली हार का बदला चुकता करने के इरादे से उतरेगी। दिल्ली में 2013 से अंतर्राष्ट्रीय हॉकी मैच नहीं खेला गया है। हाल ही में महिला अंतर विभागीय राष्ट्रीय चैम्पियनशिप खेली गई। दुनिया की दूसरे नंबर की टीम और पेरिस ओलंपिक रजत पदक विजेता जर्मनी के खिलाफ दोनों मुकाबले इस मैदान पर हॉकी की वापसी को यादगार बनाने का दम रखते हैं।

सूत्रों के अनुसार निजी टिकट पोर्टल पर 12000 से अधिक प्रशंसकों ने मुफ्त टिकट के लिए रजिस्ट्रेशन कराया है। नेशनल स्टेडियम की क्षमता 16400 दर्शकों की है। तोक्यो और पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने के



बाद भारतीय टीम आत्मविश्वास से ओतप्रोत है। पेरिस में भारतीय टीम सेमीफाइनल में जर्मनी से 2-3 से हार गई थी। हरमनप्रीत सिंह ने टेस्ट श्रृंखला की घोषणा के बाद कहा था कि यह दो टीमों के बीच मुकाबला ही नहीं है बल्कि दिल्ली में हॉकी की वापसी भी है। हमें उम्मीद है कि इससे ज्यादा से ज्यादा युवा हॉकी के प्रति आकर्षित होंगे। मौजूदा विश्व चैम्पियन जर्मनी को हराना आसान नहीं है।

### कोच फुल्टोन और कप्तान हरमनप्रीत के लिये खास है मेजर ध्यानचंद स्टेडियम

**नई दिल्ली।** क्रेग फुल्टोन ने तीन दशक पहले इसी मैदान पर बतौर खिलाड़ी पदार्पण किया था और हरमनप्रीत सिंह के जूनियर कैरियर की शुरुआत यहीं हुई लिहाजा मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम पर लौटना भारत के कोच और कप्तान दोनों के लिये अतीत की यादें ताजा करने जैसा है। भारत और जर्मनी के बीच 23 और 24 अक्टूबर को होने वाले टेस्ट मैचों के जरिए दिल्ली में एक दशक बाद अंतर्राष्ट्रीय हॉकी की वापसी हो रही है। इंदिरा गांधी गोल्ड कप के जरिये 1995 में यहां अंतर्राष्ट्रीय हॉकी में दक्षिण अफ्रीका के लिये बतौर खिलाड़ी पदार्पण करने वाले भारत के कोच फुल्टोन ने कहा कि मैंने यहीं से शुरुआत की थी। यहां वापिस आकर अच्छा लग रहा है। पिछले साल एशियाई खेल के बाद यहां एक कार्यक्रम में भाग लिया था, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी थे लेकिन अब एक कोच के रूप में खेलने के लिए यहां आकर अच्छा लग रहा है।

### सैफ महिला फुटबॉल : भारतीय टीम की नजरें ग्रुप में शीर्ष स्थान पर

**काठमांडू।** सेमीफाइनल में जगह पहले ही पक्की कर चुका भारत बुधवार को सैफ महिला फुटबॉल चैंपियनशिप के अंतिम ग्रुप ए मैच में बांग्लादेश से भिड़ेगा तो उसकी नजरें अपना दबदबा बरकरार रखने पर टिकी होंगी। बांग्लादेश की टीम अगर मुकाबले में जीत दर्ज करती है तो ग्रुप के शीर्ष पर रहेगी। भारत अभी तीन अंक के साथ ग्रुप में शीर्ष पर चल रहा है। बांग्लादेश और पाकिस्तान के समान एक-एक अंक हैं। बांग्लादेश (0) हालांकि बेहतर गोल अंतर के कारण पाकिस्तान (-3) से आगे दूसरे स्थान पर है। भारत के खिलाफ ड्रॉ खेलकर बांग्लादेश दो अंक के साथ ग्रुप में उप विजेता रहेगा। भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ 5-2 की जीत के साथ सेमीफाइनल में जगह पक्की की थी लेकिन अब उसकी नजरें ग्रुप में शीर्ष पर रहने और बांग्लादेश से 2022 का बदला चुकता करने पर टिकी होंगी।

• भारत तीन अंक लेकर अभी शीर्ष पर, बांग्लादेश और पाकिस्तान के एक-एक अंक

### साक्षी मलिक के किताब विटनेस में किए दावे पर बोलीं स्टार पहलवान

# यह उसकी निजी राय, मैं उससे सहमत नहीं हूं : विनेश फोगाट

नई दिल्ली, एजेंसी

स्टार पहलवान और कांग्रेस विधायक विनेश फोगाट ने मंगलवार को साक्षी मलिक के उन दावों पर असहमति जताई कि एशियाई खेलों के ट्रायल से छूट लेने के उनके और बजरंग पूनिया के फैसले से बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ उनका प्रदर्शन कमजोर पड़ा।

ओलंपिक कांस्य पदक विजेता साक्षी ने अपनी किताब विटनेस में दावा किया है कि विनेश और बजरंग के फैसले से उनका आंदोलन स्वार्थपूर्ण लगने लगा। विनेश ने कहा कि यह उसकी निजी राय है। मैं इससे सहमत नहीं हूं। जब तक मैं कमजोर नहीं हूं, लड़ाई कमजोर नहीं हो सकती। यह मेरा मानना है। जब तक साक्षी, विनेश और बजरंग

• कहा- जब तक साक्षी, विनेश और बजरंग जिंदा है, यह लड़ाई कमजोर नहीं हो सकती



जिंदा है, यह लड़ाई कमजोर नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि जिन्हें जीतना है, उन्हें कभी कमजोर नहीं होना चाहिए। उन्हें हमेशा मैदान पर डटकर लड़ना चाहिए। इसके लिए कठोर होना और चुनौतियों का सामना करना जरूरी है। हम लड़ाई के लिये तैयार हैं। साक्षी ने किताब में बताया कि जब बजरंग और विनेश के करीबी लोगों ने उनके दिमाग में लालच भरना शुरू किया तो उनके विरोध प्रदर्शन में दरार आने लगी। इन तीनों ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख बृजभूषण पर अपने कार्यकाल के दौरान महिला पहलवानों के साथ यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था और मामला दिल्ली की अदालत में चल रहा है। डब्ल्यूएफआई के निलंबन के बाद तदर्थ समिति ने कुश्ती का कामकाज देखना शुरू किया जिसने बजरंग और विनेश को 2023 एशियाई खेलों के ट्रायल्स में छूट दी लेकिन साक्षी ने अपने साथियों के सुझाव के बावजूद ऐसा नहीं करने का फैसला किया। अंत में साक्षी एशियाई खेलों में हिस्सा नहीं ले सकीं लेकिन विनेश खेलों से पहले चोटिल हो गईं और बजरंग पदक जीतने में असफल रहे।

## बॉलीवुड हलचल

# गो नोनी गो में नजर आएंगी डिंपल



**मुंबई।** बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री डिंपल कपाड़िया रोमांटिक कॉमेडी फिल्म गो नोनी गो में काम करती नजर आएंगी। डिंपल की फिल्म गो नोनी गो उनकी बेटी ट्विंकल खन्ना की शॉर्ट स्टोरी सलाम नोनी अप्पा पर आधारित है। ट्विंकल खन्ना ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्म गो नोनी गो का पोस्टर शेयर करते हुए लिखा कि गो नोनी गो अपनी पहली स्क्रीनिंग के लिए पूरी तरह तैयार है ! सलाम नोनी अप्पा एक कहानी के रूप में शुरू हुई जिसे मैंने पहली बार अठारह साल की उम्र में लिखना शुरू किया था और अपने 40 साल की उम्र में पूरा किया। फिल्म गो नोनी गो का प्रीमियर बुधवार को मुंबई फिल्म फेस्टिवल में होगा। इस फिल्म में डिंपल कपाड़िया, आयशा रजा, मानव कौल और अथिया शेट्टी भी हैं। इस फिल्म को सोनल डबराल और निखिल सचान ने लिखा है और सोनल डबराल ने ही इसे निर्देशित किया है। यह फिल्म पचास के दशक की एक महिला के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसकी एकमात्र साथी उसकी जिंदादिल बहन है। इस फिल्म को समीर नायर, दीपक सहगल, ट्विंकल खन्ना, तनुज गर्ग और अतुल कस्बेकर के सहयोग से बनाया गया है।

### किशोर कुमार की बायोपिक में काम करेंगे आमिर



**मुंबई।** बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खन, महान पार्श्वगायक किशोर कुमार की बायोपिक में काम करते नजर आ सकते हैं। आमिर इन दिनों सितारे जमीन पर में काम कर रहे हैं। चर्चा है कि निर्देशक अनुराग बसु ने आमिर खान को किशोर कुमार की बायोपिक फिल्म ऑफर की है। इस फिल्म का प्रोडक्शन भूषण कुमार कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि किशोर कुमार की बायोपिक निर्देशक अनुराग बसु और निर्माता भूषण कुमार के दिल के काफी करीब है। दोनों इस कहानी को बेहतरीन अंदाज में दुनिया के सामने रखना चाहते हैं। आमिर खान भी किशोर कुमार के बड़े प्रशंसक हैं और उन्हें अनुराग बसु का विजन बहुत पसंद आया। इससे पहले, ऐसी खबरें आई थीं कि रणबीर कपूर, किशोर कुमार का किरदार निभाते नजर आ सकते हैं।

### कार्तिक की भूल भुलैया-3 का ट्रैक जाना समझो ना रिलीज



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन की आने वाली फिल्म भूल भुलैया 3 का रोमांटिक ट्रैक जाना समझो ना रिलीज हो गया है। भूल भुलैया 3 के रोमांटिक ट्रैक जाना समझो ना को तुलसी कुमार और आदित्य रिखारी ने गाया है। यह गाना कार्तिक आर्यन और तृप्ति डिमरी पर फिल्माया गया है। इसे लिजो जॉर्ज, डीजे चेतस, और आदित्य रिखारी ने कंपोज किया है, और इसके लिरिक्स आदित्य रिखारी ने लिखे हैं। फिल्म भुल भुलैया 3 में कार्तिक आर्यन के साथ तृप्ति डिमरी, विद्या बालन और माधुरी दीक्षित भी नज़र आएंगी। इस फिल्म को अनीस बज्मी ने निर्देशित किया है और भूषण कुमार ने इसे प्रोड्यूस किया है। भूल भुलैया 3 इस दीवाली यानी 1 नवंबर को रिलीज होगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा।)

## अलर्ट



बंगाल की खाड़ी के ऊपर बन रहे चक्रवाती तूफान का 24 की रात ओडिशा तट को पार करने का अनुमान है। इसलिए एहतियान मछुआरों को समुद्र तुरंत छोड़ने की सलाह दी गई है।

### सिंगापुर के रक्षा मंत्री ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भेंट की

**नई दिल्ली।** भारत की यात्रा पर आये सिंगापुर के रक्षा मंत्री डॉ. एनजी इंग हेन ने मंगलवार को यहां राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। डॉ. हेन का स्वागत करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि भारत और सिंगापुर के बीच द्विपक्षीय सहयोग का समृद्ध इतिहास है, जिसे प्रधानमंत्री मोदी की हाल की सिंगापुर यात्रा और भारत-सिंगापुर मंत्रिस्तरीय गोलमेज सम्मेलन के दूसरे दौर के समापन से और बढ़ावा मिला है। उन्होंने इस बात पर खुशी जतायी कि ये संबंध व्यापक रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ गये हैं। राष्ट्रपति ने पहले आसियान-भारत समुद्री अभ्यास की सफलतापूर्वक सह-मेजबानी करने के लिए सिंगापुर को बधाई दी, और संयुक्त अभ्यास की आगामी श्रृंखला के लिए सशस्त्र बलों को शुभकामनाएं दीं।

# सीमा पर विश्वास बहाली के प्रयास करेंगे तेज : सेना प्रमुख

## भारत-चीन वार्ता की सफलता पर कहा- दोनों पक्षों को एक दूसरे को आश्वस्त करना होगा

**नई दिल्ली, एजेंसी**



पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर गश्त को लेकर चीन के साथ एक समझौता होने की भारत की घोषणा के एक दिन बाद सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने मंगलवार को कहा कि फिलहाल हम विश्वास बहाली के प्रयास कर रहे हैं और इसे हासिल करने के लिए दोनों पक्षों को एक दूसरे को आश्वस्त करना होगा।

जनरल उपेंद्र द्विवेदी यहां रक्षा विचार मंच यूएसआई द्वारा आयोजित एक व्याख्यान के बाद एक संवाद सत्र में बोल रहे थे। भारत ने सोमवार को घोषणा की कि भारतीय और चीनी वार्ताकार पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर गश्त के लिए एक समझौते पर सहमत हुए हैं। इस समझौते को रूस में इस हफ्ते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के बीच संभावित मुलाकात से पहले पूर्वी लद्दाख में चार वर्षों से अधिक समय से जारी सैन्य गतिरोध के समाधान की दिशा में एक बड़ी सफलता के रूप में देखा जा रहा है। सेना प्रमुख ने कहा, जहां तक हमारा सवाल है, हम देख रहे हैं... हम अप्रैल 2020 की यथास्थिति पर वापस जाना चाहते हैं। इसके बाद, हम सैनिकों को हटाने और वास्तविक नियंत्रण रेखा के सामान्य प्रबंधन पर गौर करेंगे। और, एलएसी का यह सामान्य प्रबंधन सिर्फ वहां से शुरू नहीं होगा। इसमें भी चरण हैं। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने सोमवार को कहा था कि दोनों पक्षों के बीच पिछले कई हफ्तों तक हुई बातचीत के बाद इस समझौते को अंतिम रूप दिया गया और यह 2020 में पैदा हुए गतिरोध के समाधान का मार्ग प्रशस्त करेगा। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोमवार को कहा था कि भारतीय और चीनी सैनिक एक बार फिर उसी तरह से गश्त शुरू कर सकेंगे।

### गश्त से अनुकूल परिस्थिति मिलती हैं

सेना प्रमुख ने कहा कि मैं यही कह रहा हूं। अप्रैल 2020 से हमारा यही रुख रहा है...और आज भी यही है। इसलिए, अभी तक, हम विश्वास बहाली की कोशिश कर रहे हैं। विश्वास बहाली कैसे होगी। विश्वास तब बहाल होगा जब हम एक-दूसरे से मिलेंगे और हम एक-दूसरे को बफर जोन' के संबंध में समझा पाएंगे और, दोनों को एक-दूसरे को आश्वस्त करना होगा। उन्होंने कहा कि गश्त से आपको इस तरह की अनुकूल परिस्थिति मिलती है और यही शुरू हो रहा है। उन्होंने कहा, और, जैसे-जैसे हम विश्वास बहाल करेंगे, अन्य चरण भी पूरे होंगे।

## एक नजर

### गोलीबारी में पांच लोगों की मौत, किशोर हिरासत में

**फॉल सिटी।** अमेरिका में सिएटल शहर के दक्षिण-पूर्व में स्थित एक मकान के अंदर सोमवार सुबह हुई गोलीबारी में पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि इस मामले में एक किशोर को हिरासत में लिया गया है। किंग काउंटी शेरिफ कार्यालय के प्रवक्ता माइक मेलिस ने सोमवार दोपहर पत्रकारों को बताया लोगों ने सुबह करीब पांच बजे पुलिस को फोन कर वाशिंगटन राज्य के फॉल सिटी में गोलीबारी की सूचना दी।

### 14 करोड़ अमरीकी डॉलर की नशीली दवाएं जब्त की

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की नौसेना ने नशीली गोलियों की एक बड़ी खेप सहित बड़ी मात्रा में ड्रग्स को सफलतापूर्वक जब्त कर लिया है। सेना ने सोमवार शाम एक बयान में यह जानकारी दी। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा, इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने कहा कि नौसेना ने ऑपरेशन के दौरान दो हजार किलोग्राम हशीश, 370 किलोग्राम बर्फ (क्रिस्टल मेथ) और 50 किलोग्राम हेरोइन जब्त की।

### नेपाल में 20 लाख रुपये की अवैध नकदी बरामद

**काठमांडू।** नेपाल के कपिलवस्तु जिले में गैरकानूनी रूप से 20 लाख रुपये की नकदी रखने के आरोप में मंगलवार को दो भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के मुताबिक महाराष्ट्र में रायगढ़ जिले के निवासी सलमान कुरैशिया (33) और उमेश सखाराम खानडागले (39) को नेपाल-भारत सीमा पर नियमित सुरक्षा जांच के दौरान कपिलवस्तु जिले के कृष्णानगर इलाके से गिरफ्तार किया गया। वे भारतीय नंबर प्लेट वाले अलग-अलग वाहनों में सवार थे।

### रूसी वायु रक्षा प्रणाली ने 18 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराये

**मॉस्को।** रूसी वायु रक्षा चेतावनी प्रणालियों ने रूसी क्षेत्रों में घुसे 18 यूक्रेनी ड्रोनों को हवा में मार गिराया है जिनमें अधिकांश ड्रोन ब्रांस्क क्षेत्र में थे। रक्षा मत्रालय ने एक रिपोर्ट में कहा, कीव शासन द्वारा रूसी क्षेत्र को निशाना बनाने के खिलाफ ड्रोन भेजकर आतंकवादी हमला करने के प्रयास को रूस ने विफल कर दिया गया। वायु रक्षा चेतावनी प्रणालियों ने 18 यूक्रेनी मानव रहित ड्रोनों को रोका और उन्हें नष्ट कर दिया।

# द्विपक्षीय साझेदारी सशक्त करेंगे भारत-रूस

## कजान में 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में दुनिया भर के नेताओं के बीच हुई गहन मंत्रणा

**कजान, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन के बीच 16 वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की पूर्व यहां यूक्रेन-रूस संघर्ष सहित वैश्विक राजनीतिक परिदृश्य पर गहन विचार मंत्रणा हुई। मोदी ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए मंगलवार दोपहर को रूस के कजान पहुंचे जहां उनकी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ द्विपक्षीय बैठक हुई। मोदी का हवाई अड्डे पर गर्मजोशी से भव्य स्वागत किया गया।

प्रधानमंत्री ने भारतीय प्रतिनिधिमंडल के आतिथ्य और सत्कार के लिए रूसी राष्ट्रपति का हार्दिक आभार व्यक्त किया। मोदी ने मेजबान रूस के राष्ट्रपति के साथ बैठक के बाद एक्स पर एक पोस्ट में कहा राष्ट्रपति पुतिन के साथ यहां बहुत अच्छी मुलाक़ात हुई। भारत और रूस के बीच संबंध बहुत गहरे हैं, हमारी बातचीत इस बात पर केंद्रित थी कि विभिन्न क्षेत्रों में हमारी द्विपक्षीय भागीदारी को और सशक्त कैसे किया जाये। मोदी ने आज यहां पुतिन से द्विपक्षीय बातचीत की, जिसमें दोनों देशों की विभिन्न क्षेत्रों में भागीदारी को और मज़बूत बनाने पर चर्चा की गयी। प्रधानमंत्री ने कहा, महानुभाव, मैं गर्मजोशी भरे आतिथ्य और सत्कार के लिए आपका हार्दिक आभार व्यक्त करता हूँ। मेरे लिये खुशी की बात है कि कजान जैसे खूबसूरत शहर में आने का अवसर मिला है। इस शहर के साथ तथ्य गहरे और ऐतिहासिक संबंध रहे हैं। कजान में भारत के नये वाणिज्य दूतावास के खुलने से यह संबंध और मजबूत होंगे। मोदी ने कहा, "पिछले तीन महीनों में मेरा दो बार रूस आने हमारे करीबी समन्वय और गहरी मित्रता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि जुलाई में मॉस्को में हुई वार्षिक शिखर सम्मेलन से हर क्षेत्र में हमारे सहयोग को बल मिला है।



कजान में ब्रिक्स सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हाथ मिलाते राष्ट्रपति पुतिन।



प्रधानमंत्री से मिलते भारतीय समुदाय के लोग।

### रूसी कृष्ण भक्तों ने भजन गाकर कजान में प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत किया

**कजान।** ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के लिए मंगलवार को कजान पहुंचने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्वागत इस्कॉन के कृष्ण भक्तों द्वारा संस्कृत स्वागत गीत, रूसी नृत्य और कृष्ण भजन के साथ किया गया। भारतीय समुदाय के लोगों ने होटल कॉर्स्टन में प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत किया। वे भारतीय तिरंगा लेकर नारे लगा रहे थे। कई लोग अपने मोबाइल फोन से सेल्फी लेते भी दिखे। जब प्रधानमंत्री ने उनमें से कुछ लोगों से हाथ मिलाया तो उन्होंने संस्कृत में एक स्वागत गीत गाया। पारंपरिक भारतीय परिधान पहने रूसी कलाकारों की एक टीम ने रूसी नृत्य प्रस्तुत किया, जिसे मोदी ने बड़ी दिलचस्पी से देखा।



केक देकर मोदी का स्वागत करती रूसी महिला।

### मोदी शी जिनपिंग द्विपक्षीय मुलाकात कल होगी

**कजान।** प्रधानमंत्री मोदी बुधवार को चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ द्विपक्षीय मुलाकात करेंगे। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने यह जानकारी दी। दोनों नेताओं के बीच करीब पौने पांच साल बाद द्विपक्षीय बैठक होगी। मिस्री ने इस बारे में सवाल पूछे जाने पर कहा, जहां तक द्विपक्षीय मुलाकात का सवाल है तो मैं पुष्टि कर सकता हूं कि ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के इतर मुलाकात होगी।

# भारत-ईरान के बीच पश्चिम एशिया के हालात पर हुई चर्चा

- इजराइल के मध्य बढ़ते तनाव के बीच पेजेशकियन ने शांति की अपील की

**कजान, एजेंसी**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कजान में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से इतर ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन से मुलाकात की। ईरान और इजराइल के मध्य बढ़ते तनाव के बीच पेजेशकियन ने पश्चिम एशिया में शांति की आवश्यकता पर बल दिया तथा सभी पक्षों के साथ भारत के अच्छे संबंधों के कारण संघर्ष को कम करने में उसकी भूमिका पर जोर दिया। जुलाई में चुनाव जीतने के बाद राष्ट्रपति बने पेजेशकियन और मोदी के बीच यह पहली मुलाकात है।

दोनों नेताओं ने चाबहार बंदरगाह और अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारा (आईएनएसटीसी) सहित प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने के तौर-तरीकों पर चर्चा की। मोदी ने अंग्रेजी और फारसी दोनों भाषाओं में 'एक्स' पर लिखा ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन के साथ बहुत अच्छी बैठक हुई।

हमने अपने देशों के बीच संबंधों के संपूर्ण आयाम की समीक्षा की। हमने भविष्य के क्षेत्रों में संबंधों को और गहरा करने के तरीकों पर भी चर्चा की। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने यहां प्रेसवार्ता में बताया कि मोदी और पेजेशकियन के बीच सार्थक चर्चा हुई। मिसरी ने कहा दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया की स्थिति पर भी चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी ने बढ़ते संघर्ष पर गहरी चिंता व्यक्त की और नागरिकों की सुरक्षा के लिए भारत के आह्वान को दोहराया

### औद्योगिकीकरण के लिए रामाफोसा ने अपील की

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा ने ब्रिक्स के अन्य देशों से अपील की है कि वे अफ्रीकी महाद्वीप के देशों के औद्योगिकीकरण में सहायता करें। उन्होंने कहा कि अफ्रीकन कान्टिनेन्टल फ्री ट्रेड एरिया (एसीएफटीए) व्यापार, निवेश और औद्योगिक विकास के लिए बड़े पैमाने पर अवसर पैदा कर रहा है और महाद्वीप अपने 1.3 अरब लोगों की क्षमता को और बढ़ाने के लिए साझेदारों की तलाश कर रहा है।

# संघर्ष विराम के लिए इजराइल पहुंचे ब्लिंकन

- इजराइल-हमास युद्ध शुरू होने के बाद से 11वीं बार इस क्षेत्र की यात्रा

**तेल अवीव, एजेंसी**

अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन इजराइल-हमास युद्ध शुरू होने के बाद से 11वीं बार इस क्षेत्र की यात्रा पर मंगलवार को इजराइल पहुंचे। उनके हमास के शीर्ष नेता याह्या सिनवार की हत्या के बाद संघर्ष विराम के प्रयासों को फिर से शुरू करने की अमेरिका की उम्मीदों के बीच शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात करने की संभावना है।

ब्लिंकन के इजराइल पहुंचने से कुछ घंटों पहले मंगलवार को हिजबुल्ला ने मध्य इजराइल में कई रॉकेट दागे, जिससे देश के सबसे घनी आबादी वाले इलाकों और उसके अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सायरन बजने लगे। अभी हमले में किसी तरह के नुकसान या किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। इजराइली सेना ने बताया कि लेबनान से उनके देश में पांच रॉकेट दागे गए और ज्यादातर को इजराइली की मिसाइल रक्षा प्रणाली ने नष्ट कर दिया। एक रॉकेट एक खुले इलाके में गिरा।



### हिजबुल्लाह ने तेल अवीव पर 20 रॉकेट दागे

**यरूशलम।** लेबनान स्थित हिजबुल्ला आंदोलन ने मंगलवार को इजराइल के दूसरे सबसे अधिक आबादी वाले राज्य तेल अवीव और देश के उत्तरी क्षेत्र पर करीब 20 रॉकेट दागे। इजराइली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने एक बयान में कहा, लेबनान से तेल अवीव क्षेत्र की ओर जाने वाले पांच प्रोजेक्टाइल की पहचान की गई, जिनमें से अधिकांश को रोक दिया गया। इस हमले में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।

### लाहौर दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर घोषित

**लाहौर।** पाकिस्तान के सांस्कृतिक शहर लाहौर को दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर घोषित किया गया है, क्योंकि यहां वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 394 पर पहुंच गया है। पाकिस्तान की पंजाब सरकार ने धूम कोहरे (स्मॉग) के प्रभाव को कम करने के लिए कृत्रिम बारिश की योजना बनाई है। एक्यूआई हवा में विभिन्न प्रदूषकों की सांद्रता का माप है। न्य से 50 के बीच एक्यूआई को अच्छा, 51 और 100 के बीच को संतोषजनक, 101 और 200 के बीच को मध्यम, 201 और 300 के बीच को खराब, 301 और 400 के बीच को बहुत खराब और 401 और 500 के बीच को गंभीर माना जाता है। फसल के अवशेषों को जलाने और औद्योगिक उत्सर्जन के कारण वायु प्रदूषण का संकट बढ़ गया है।

# रिपब्लिकन नेताओं ने नीतिगत मुद्दों पर हैरिस की निंदा की

- गलत आव्रजन, आर्थिक और विदेश नीतियों की आलोचना की

**वाशिंगटन, एजेंसी**

रिपब्लिकन पार्टी से जुड़े तीन भारतीय-अमेरिकी नेताओं बॉबी जिंदल, निक्की हेली और विवेक रामास्वामी ने डेमोक्रेटिक पार्टी की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार एवं उपराष्ट्रपति कमला हैरिस की कथित रूप से गलत आव्रजन, आर्थिक और विदेश नीतियों की आलोचना की है। लुइसियाना के पूर्व गवर्नर बॉबी जिंदल ने एक वीडियो में दावा किया कि हैरिस की चिकित्सा संबंधी मेडिकेयर योजना से 1.2 करोड़ अवैध प्रवासियों को गोल्ड प्लेटेड स्वास्थ्य बीमा का लाभ मिलेगा।

जिंदल का यह वीडियो विज्ञापन के तौर पर सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। राजनीतिक मामलों की एक कार्य समिति अमेरिका फर्स्ट पॉलिसी इंस्टीट्यूट द्वारा जारी वीडियो में जिंदल ने कहा, इससे अमेरिका में अवैध प्रवासियों की बाढ़ आ जाएगी।, कृपया अपने परिवार और मित्रों को इस झूठ के झांसे में नहीं आने दें। जिंदल (53) 2008 से 2016 तक लुइसियाना के गवर्नर थे। 2016 में रिपब्लिकन पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनने का असफल प्रयास किया था।



### सिंगापुर के संस्थापक के बेटे ने कहा, मैं ब्रिटेन में एक राजनीतिक शरणार्थी

**सिंगापुर।** आधुनिक सिंगापुर के संस्थापक, दिवंगत ली कुआन यू के सबसे छोटे बेटे ली सीन यांग ने मंगलवार को कहा कि उन्होंने अंतिम विकल्प के रूप में ब्रिटिश सरकार से शरण देने की मांग की थी, जिसे मंजूर कर लिया गया है और अब वह ब्रिटेन में एक राजनीतिक शरणार्थी हैं। चैनल न्यूज एशिया (सीएनए) ने यांग के एक फेसबुक पोस्ट के हवाले से खबर प्रसारित की, जिसमें उन्होंने कहा है, मैं अब भी सिंगापुर का नागरिक हूं और उम्मीद करता हूं कि किसी दिन (मेरे लिए) स्वदेश लौटना सुरक्षित होगा। पूर्व प्रधानमंत्री ली सीन लूंग के छोटे भाई यांग ने उनके खिलाफ सिंगापुर सरकार के 'हमलों' का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने साल 2022 में "अंतिम विकल्प के रूप में ब्रिटिश सरकार से शरण देने की मांग की थी।

# डा. मनीष नाजा बने एरीज के नए निदेशक, कार्यभार संभाला

- खगोलीय व पर्यावरण संबंधी शोधकार्यों को देंगे बढ़ावा

**संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचार :** आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) के नवनियुक्त निदेशक डा मनीष नाजा ने मंगलवार को एरीज के निदेशक पद पर कार्यभारग्रहण कर लिया है। उन्होंने कहा कि खगोलीय व पर्यावरण संबंधी शोधकार्यों को बढ़ावा देंगे। वर्तमान में एरीज में अत्याधुनिक तकनीक व सुविधाओं के विकास में हरसंभव सहयोग देंगे।

कार्यवाहक डा . बृजेश कुमार से एरीज के पूर्ण कालिक निदेशक का पदभार ग्रहण किया है। डा नाजा की 2006 में एरीज में नियुक्ति हुई। निदेशक का पद संभालने से पहले वे वैज्ञानिक-जी के पद पर कार्यरत थे। पिछले चार वर्षों से संस्थान के वायुमंडलीय विज्ञान विभाग का नेतृत्व कर रहे हैं। उन्होंने लगभग 90 शोध पत्रों का सह-लेखन किया है और आठ छात्रों का पीएचडी के लिए मार्गदर्शन किया है। उनका शोध प्राथमिक रूप से निचले वायुमंडल के विभिन्न अल्प मात्रा की गैसों, एरोसोल, मौसम विज्ञान, पवन गतिकी, वायु प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन पर केंद्रित रहा है। मध्य हिमालय की वायुमण्डलीय स्थिति पर मुख्यरूप से अध्ययन रहा है।



### एअर इंडिया बम विस्फोट के संदिग्ध हत्या के दो आरोपियों ने दोष स्वीकारा

**ओटावा।** एअर इंडिया कनिष्क आतंकवादी बम विस्फोट मामले में बरी किए गए रिपुदमन सिंह मलिक की हत्या के दो आरोपियों ने कनाडा की एक अदालत में हत्या का दोष स्वीकार कर लिया है। मीडिया में आयी खबरों में यह जानकारी दी गयी है। टैनर फॉक्स और जोस लोपेज ने 75 वर्षीय मलिक की हत्या के मामले की सुनवाई की पूर्व संध्या पर सोमवार को ब्रिटिश कोलंबिया (बीसी) की उच्चतम न्यायालय में अपना दोष स्वीकार किया। मलिक की 14 जुलाई 2022 को ब्रिटिश कोलंबिया के सरे में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मलिक और सह-आरोपी अजायब सिंह बागरी को 1985 में हुए दो बम विस्फोटों से संबंधित सामूहिक हत्या और साजिश के आरोपों से 2005 में बरी कर दिया गया था।

**सहमति** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और सिंगापुर के रक्षा मंत्री डॉ . एन जी इंग हेन के बीच हुई चर्चा

# भारत-सिंगापुर रक्षा सहयोग बढ़ाने व मजबूत करने पर सहमत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत और सिंगापुर ने रक्षा सहयोग का दायरा बढ़ाते हुए इसे मजबूत बनाने तथा इसे नयी उंचाई पर ले जाने पर सहमति व्यक्त की है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और सिंगापुर के रक्षा मंत्री डॉ. एन जी इंग हेन के बीच मंगलवार को यहां हुई छठी भारत-सिंगापुर रक्षा मंत्रिस्तरीय वार्ता के दौरान इस आशय की सहमति बनी।

दोनों रक्षा मंत्रियों ने इस वार्ता की सह-अध्यक्षता की और क्षेत्रीय शांति, स्थिरता तथा सुरक्षा पर दृष्टिकोण साझा किये। इस बैठक को भारत की एक्ट ईस्ट नीति के एक दशक पूरे होने की पृष्ठभूमि में महत्वपूर्ण माना जा रहा है, जिसमें सिंगापुर ने आर्थिक सहयोग और सांस्कृतिक संबंधों को बढ़ावा देने तथा क्षेत्र के देशों के साथ रणनीतिक कनेक्टिविटी विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। दोनों मंत्रियों ने दोनों देशों के बीच बढ़ते रक्षा सहयोग पर संतोष व्यक्त किया। हाल के वर्षों में दोनों देशों के सशस्त्र बलों के बीच नियमित बातचीत हुई है। वर्ष 2025 में भारत और सिंगापुर के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना के 60 साल पूरे हो रहे हैं दोनों मंत्री रक्षा सहयोग को और बढ़ाने पर सहमत हुए और नई उपलब्धियां हासिल करने पर सहमत हुए। वे संयुक्त सैन्य प्रशिक्षण पर द्विपक्षीय समझौते को अगले पांच वर्षों के लिए बढ़ाने पर भी सहमत हुए। दोनों देश रक्षा उपकरणों के सह-विकास और सह-उत्पादन शुरू करने के लिए स्वाभाविक भागीदार हैं, दोनों पक्ष उद्योग सहयोग बढ़ाने पर सहमत हुए, जिसमें स्वचालन और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे विशिष्ट डोमेन में सहयोग की संभावनाओं का पता लगाना भी शामिल है।

दोनों मंत्रियों ने साइबर सुरक्षा जैसे उभरते क्षेत्रों में सहयोग को आगे बढ़ाने का भी निर्णय लिया। सिंह ने 2021 से 2024 तक आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक - प्लस में भारत के लिए समन्वयक देश के रूप में सिंगापुर के समर्थन के लिए डॉ. एनजी इंग हेन को धन्यवाद दिया।



सिंगापुर के रक्षामंत्री के साथ द्विपक्षीय चर्चा करते राजनाथ सिंह।

### शांति और स्थिरता के लिए रणनीतिक आवाज बना भारत

सिंगापुर के रक्षा मंत्री ने माना कि भारत एशिया की शांति और स्थिरता के लिए एक रणनीतिक आवाज है। हाल ही में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की सिंगापुर यात्रा के दौरान द्विपक्षीय संबंधों को व्यापक रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ाया गया था। वार्ता से पहले सिंगापुर के रक्षा मंत्री का औपचारिक स्वागत किया गया और तीनों सेनाओं की ओर से उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इससे पहले, सिंगापुर के रक्षा मंत्री ने यहां राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर शहीद नायकों को पुष्पांजलि अर्पित की।